माघ शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 10 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक -16, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गामा किरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1 | 16

मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित | 15

# मुख्यमंत्री धामी पहुंचे हल्द्वानी, हिंसा में 4 गिरफ्तार

कार्यालय संवादाता, हल्द्वानी

- हल्द्वानी हिंसा: पांच हजार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, 18 नामजद
- अर्द्धसैनिक बलों ने फ्लैग मार्च किया
- अब तक पांच मौतों की पुष्टि, शव बरामद

**अमृत विचारः** शहर के बनभूलपुरा इलाके में गुरुवार को हुई हिंसा मामले में पुलिस ने 18 नामजद समेत पांच हजार उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चार को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन ने 5 दंगाइयों की मौत की पुष्टि की। इनके शव भी बरामद कर लिए गए हैं। क्षेत्र में शांति-व्यवस्था कायम करने के लिए शुक्रवार को अर्द्धसैनिक बलों ने बनभूलपुरा इलाके में फ्लैग मार्च किया।

इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी हल्द्वानी पहुंचे और घायल पुलिस, निगम के कर्मियों के साथ ही घायल पत्रकारों से भी मुलाकात की। उन्होंने हिंसा को सुनियोजित तरीके से की गई गहरी साजिश करार दिया। नुकसान की भरपाई दंगाइयों से की जाएगी।



हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री धामी घायल पुलिसकर्मियों का हाल जानते हुए।

## देवभूमि का माहौल खराब करने की साजिश, होगी कार्रवाईः धामी

**हल्द्वानी।** घटनास्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थिति का जायजा लिया और कहा कि यह देवभूमि का माहौल खराब करने की साजिश है। उपद्रवियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जिन लोगों ने कानून तोड़ा है और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, उनके सारे वीडियो फुटेज और फुटप्रिंट उपलब्ध हैं। इस घटना में शामिल सभी उपद्रवियों को चिह्नित कर उन पर विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया गतिमान है।

# मौलाना तौकीर के भड़काऊ बयान, भीड़ ने की तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मौलाना को पुलिस ने रास्ते से लौटाया, बवाल की आशंका में तनाव में घिरा रहा शहर, स्कूलों की छुट्टी, बाजार बंद किए

**अमृत विचारः** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की जेल भरो की अपील पर शुक्रवार को भारी तनाव के माहौल में हजारों की भीड़ इकट्ठी हुई। पुलिस-प्रशासन ने मौलाना और उनके समर्थकों को सामूहिक गिरफ्तारी देने के लिए इस्लामिया ग्राउंड तो नहीं पहुंचने दिया, लेकिन उनके भड़काऊ बयानों के कारण प्रदर्शन के बाद लौटती भीड़ ने शहामतगंज में जमकर तोड़फोड़ और पथराव करने के साथ दो लोगों को पीट दिया। पुलिस ने डंडे चलाकर भीड़ को खदेड़ा। इस बीच मौलाना के आह्वान पर मुस्लिम बहुल इलाकों में बाजार पूरी तरह बंद रहा। बवाल की आशंका देखते हुए दोपहर 12 बजे सभी स्कूलों की भी छुट्टी करा दी गई।



समर्थकों के साथ गिरफ्तारी देने जा रहे मौलाना तौकीर रजा को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। ● अमृत विचार

ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति दिए जाने और मस्जिद-मदरसों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए मौलाना तौकीर घोषित कार्यक्रम के तहत दोपहर सवा बजे मौलाना तौकीर आला हजरत दरगाह की करोलान मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे। इस बीच शहर में चौतरफा सुरक्षा इंतजामों के बावजूद उनके हजारों समर्थकों की भीड़ इकट्ठी हो चुकी थी। नमाज के बाद मौलाना समर्थकों के साथ रास्ते में लगा बैरियर तोड़ते हुए इस्लामिया ग्राउंड की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। करीब 15 मिनट बाद मौलाना तौकीर समर्थकों के साथ यहीं से लौट गए। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि मौलाना तौकीर और उनके समर्थकों को समझाकर रास्ते से ही लौटा दिया गया। किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## मोदी-योगी होश में आओ के नारों के बीच शहामतगंज में मारपीट और पथराव

आईएमसी के प्रदर्शन के बाद शहामतगंज में बवाल होने से बच गया। इस्लामिया ग्राउंड की ओर से लौट रहे सैकड़ों लोगों ने शहामतगंज में मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के पास जमकर नारेबाजी की। 'मोदी-योगी होश में आओ' जैसे नारे लगाते हुए तोड़फोड़ के साथ दो लोगों के साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद पथराव भी किया। इससे यहां भगदड़ मच गई। कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने डंडे फटकारकर भीड़ को खदेड़ा।

## एक नजर

### नौकरी के बदले जमीन मामले में राबड़ी, हेमा और मीसा को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में शुक्रवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दी। विशेष न्यायमूर्ति विशाल गोगने ने ईडी के उस दावे के बाद तीनों आरोपियों को जमानत दे दी कि उसे उनकी नियमित जमानत याचिका पर दलीलें दाखिल करने के लिए समय चाहिए। ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के बाद मामले में अदालत द्वारा जारी समन के अनुपालन में आरोपी अदालत में पेश हुए। अदालत ने ईडी से पूछा कि उसे आरोपियों की हिरासत की जरूरम क्यों, जबकि उसने अपनी जांच के दौरान उन्हें गिरफ्तार नहीं किया था।

### बाबा सिद्दीकी एनसीपी में आज होंगे शामिलः अजित

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक दिन पहले बाबा सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान किया था। अब महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि बाबा सिद्दीकी 10 फरवरी को एनसीपी में शामिल होंगे। अजित पवार ने बताया कि 11 फरवरी को कुछ और लोग पार्टी में शामिल होंगे। हाल ही में चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट की एनसीपी को असली एनसीपी बताया था।

## चौ. चरण सिंह, नरसिम्हा राव और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न

# विभूतियों को महासम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और देश में हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को खुद 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए यह ऐलान करते हुए तीनों के योगदान की सराहना की। इस साल अब तक पांच लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा हुई है, जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है।

कुछ दिनों पहले ही सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के लिए भारत रत्न की घोषणा की थी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता और 1979-80 में प्रधानमंत्री रहे चौ. चरण सिंह ऐसे समय में कांग्रेस विरोधी राजनीति के धुरी के रूप में उभरे थे, जब देशभर में उसका वर्चस्व था। वहीं कांग्रेस नेता राव 1991-96 तक देश के प्रधानमंत्री रहे और उन्हें आर्थिक सुधारों के लिए जाना जाता है, जबकि डॉ. स्वामीनाथन दुनिया के ख्याति लब्ध कृषि वैज्ञानिक थे।

मोदी ने एक पोस्ट में कहा, 'हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है।' प्रधानमंत्री ने अलग पोस्ट कर भारत रत्न से सम्मानित होने वाली सभी विभूतियों के योगदानों का जिक्र किया।

### अब तक 53 लोगों को सम्मान

करीब 68 साल पहले शुरू हुए इस सर्वोच्च सम्मान से अब तक 53 हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है। पहली बार साल 1954 में आजाद भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राज गोपालाचारी, वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन और सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दिया गया था।



चौ. चरण सिंह
पूर्व प्रधानमंत्री



पीवी नरसिम्हा राव
पूर्व प्रधानमंत्री



एमएस स्वामीनाथन
हरित क्रांति के जनक




- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया ऐलान, इस साल अब तक पांच नामों की घोषणा

### कांग्रेस ने किया स्वागत



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए शुक्रवार को कहा कि ये तीनों 'भारत के रत्न' थे, हैं और सदैव रहेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने नरसिम्हा राव को 'भारत रत्न' देने की घोषणा के बारे में पूछे जाने पर संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, 'मैं इसका स्वागत करती हूं। क्यों नहीं?'

### योगी ने सम्मान को अभिनंदनीय बताया



**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने के फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने तीनों विभूतियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर इसे लेकर पोस्ट भी साझा किया और इसे अभिनंदनीय बताया।

### कांशीराम को भी भारत रत्न मिलेः मायावती



**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने एक बार फिर पार्टी संस्थापक कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने एक्स पर लिखा लिखा कि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा जिन भी हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है, उसका स्वागत है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लंबे इंतजार के बाद वीपी सिंह की सरकार ने भारतरत्न से सम्मानित किया। उसके बाद दलित और उपेक्षितों के मसीहा कांशीराम का इनके हितों में किया गया संघर्ष कोई कम नहीं।

# 140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है भारतीय सेना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'किरांति शौर्य समारोह' में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय सेना 140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है। सेना के शौर्य व पराक्रम पर कोई भी भारतीय संदेह नहीं करता। जीवन की परवाह किए बिना भारतीय जवानों ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में दुर्गम स्थानों पर रहकर भारत की एकता-अखंडता व संप्रभुता की सदैव रक्षा की है। भारत की आजादी के बाद गठित होने वाली पहली रेजीमेंट के रूप में यह गौरव गोरखा राइफल को प्राप्त है।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 11 गोरखा राइफल रेजीमेंटल सेंटर में आयोजित 'किरांति शौर्य समारोह' में ये बातें कहीं। योगी ने सैनिकों के हैरतअंगेज प्रदर्शन को भी देखा। बच्चों ने कराटे व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। आतंकियों से निपटने में सक्षम भारतीय सेना की शौर्य गाथा को भी देख दर्शकों ने तालियों से सैनिकों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने वीर नारियों को सम्मानित भी किया और सेंटर के सफलतापूर्वक 75 वर्ष पूरा होने पर बधाई दी। इस दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान, लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र भी मौजूद रहे।



### गोरखा रेजीमेंट लखनऊ की प्रशंसा की

योगी ने कहा कि वीर व पराक्रमी जवानों की 11वीं गोरखा रेजीमेंट लखनऊ में है। अपनी स्थापना के बाद कई युद्ध लड़े हैं। साल 1983 में लखनऊ में आने के बाद इस रेजीमेंट ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। यहां के वीर जवानों ने शौर्य व पराक्रम से इतिहास के पन्नों में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज कराया है। इस रेजीमेंट ने देश को कैप्टन मनोज पांडेय जैसे शूरवीर दिए हैं। इस रेजीमेंट ने देश को दो सीडीएस व कई जनरलों की परंपरा दी है। यह 11 गोरखा रेजीमेंट के जवानों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान से मातृभूमि की रक्षा की और गोरखा रेजीमेंट का गौरव बढ़ाया है।

# भाजपा के साथ जाएंगे जयंत बोले- किस मुंह से इंकार करूं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रालोद प्रमुख ने चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर कहा- 'दिल जीत लिया'

**अमृत विचारः** पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के साथ ही भाजपा-रालोद के बीच लोकसभा चुनाव में गठबंधन पर भी मुहर लग गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए भाजपा के साथ समझौता करने की भी पुष्टि की है। जयंत ने गठबंधन को लेकर कहा, 'क्या अब भी कोई कसर रहती है। आज मैं किस मुंह से इनकार करूं।' जयंत ने प्रधानमंत्री के संदेश पर लिखा भी, 'दिल जीत लिया।'

जयंत ने साफ तौर पर कहा कि पिता चौ. अजित सिंह का भी सपना आज पूरा हुआ। यह भावुक और यादगार पल है, पीढ़ियों तक याद रहेगा। ऐसे में संकेत यह मिले हैं कि चौ. अजित सिंह के जन्मदिवस 12 फरवरी को रालोद के राजग में शामिल होने की घोषणा हो जाए। इस बीच लोकसभा चुनाव में यूपी की सीटों पर भी समझौता फाइनल माना जा रहा है। भाजपा नेतृत्व ने जयंत चौधरी के सामने बागपत और बिजनौर लोकसभा सीट का प्रस्ताव रखा है। वहीं केंद्र में सरकार बनने पर मंत्री पद का भी प्रस्ताव रखा गया है।

# जम्मू-कश्मीरः निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण का रास्ता साफ

- जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** संसद ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर से संबंधित तीन विधेयकों मंजूरी दे दी, जिनमें केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने और वाल्मीकि समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने के प्रावधान शामिल हैं। राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर पंचायती राज विधेयक (संशोधन) विधेयक, संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) विधेयक पर एकसाथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित किया गया।

लोकसभा इन्हें पहले ही पारित कर चुकी है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार और जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधेयकों पर हुई चर्चा के जवाब दिए और फिर उसके बाद इन्हें उच्च सदन ने मंजूरी दी।

## 19 दिन में दूसरी बार पहुंचे अयोध्या



### अमिताभ ने रामलला के दर्शन किए, समर्पित किया सोने का हार

**अयोध्या।** प्रसिद्ध अभिनेता अमिताभ बच्चन शुक्रवार सुबह रामनगरी पहुंचे। कड़ी सुरक्षा के बीच राम जन्मभूमि परिसर में वीवीआईपी गेट से प्रवेश कराया गया। उन्होंने सबसे पहले रामलला का दर्शन-पूजन किया और उन्हें सोने का हार अर्पित किया। इस दौरान अमिताभ बच्चन करीब 20 मिनट तक प्रभु राम के दरबार में रहे और पांच मिनट तक रामलला के सामने खड़े होकर वंदना करते रहे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि अमिताभ बच्चन ने रामलला को सोने की एक माला समर्पित की है।

# सैलून के अंदर घुसकर दो ग्राहकों की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में एक सैलून के अंदर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, सोनू और आशीष नाम के व्यक्तियों को अन्य ग्राहकों तथा सैलून कर्मियों के सामने कई गोली मारी गई। दोनों की उम्र 30 वर्ष के करीब है।

घटना का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर आया, जिसमें एक पीड़ित को हमलावरों से गुहार लगाते देखा जा सकता है। हमलावरों ने बेहद गुस्से में उसके सिर में गोली मारी। पुलिस ने कहा कि जहां सोनू को सिर में एक गोली मारी गई, वहीं आशीष के सिर में तीन और सीने में एक गोली लगी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया, हमले के पीछे निजी दुश्मनी होने का संदेह है, लेकिन गिरोहों के बीच लड़ाई की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस ने बताया कि वारदात के बाद दोनों हमलावर घटना स्थल से भाग गए। घटना के तुरंत बाद इलाके में दहशत फैल गई और पुलिस को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीम गठित की गई है।

# संप्रग भ्रष्टाचारजीवी सरकार थी सोनिया थीं सुपर प्राइम मिनिस्टर

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कांग्रेस पर आर्थिक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और घोटालों को लेकर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन' (संप्रग) सरकार एक 'आंदोलनजीवी और भ्रष्टाचारजीवी सरकार' थी, जिसने देश में 'जयंती टैक्स' को जन्म दिया।

केंद्रीय वित्तमंत्री ने 'भारतीय अर्थव्यवस्था और देश के नागरिकों पर इसके प्रभाव पर श्वेत पत्र' को लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह दावा भी किया कि सोनिया गांधी संप्रग सरकार में सुपर प्राइम मिनिस्टर थीं और उनकी अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) 'किचन कैबिनेट' से भी बदतर थी, जो असंवैधानिक संस्था के रूप में कानून बनवा रही थी। वित्त मंत्री ने संप्रग सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ का आरोप लगाया और कहा कि उस वक्त नेतृत्व का अभाव था। उन्होंने कहा कि श्वेत पत्र एक गंभीर दस्तावेज है, जिसमें दस्तावेजी प्रमाण हैं।



- वित्तमंत्री सीतारमण ने लोकसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर किया प्रहार

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास रहा है कि संप्रग सरकार के 10 साल के कुप्रबंधन को दुरुस्त करना और अर्थव्यवस्था को ऐसे आगे ले जाना कि यह मजबूती के साथ बढ़े। वित्त मंत्री का कहना था कि इस दस्तावेज में कोई भी आधारहीन आरोप नहीं लगाए गए हैं और इसमें कैग की रिपोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को उद्धृत किया गया है। उन्होंने कहा, 'इस श्वेत पत्र में की गई हर बात प्रमाण के साथ है।' सीतारमण के जवाब के बाद सरकार के श्वेतपत्र के विरोध में आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन और तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय द्वारा लाए गए स्थानापन्न प्रस्तावों को सदन ने ध्वनिमत से खारिज कर दिया।

## खेती-किसानी

### गन्ना शोध परिषद ने विकसित कीं 1000 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देने वाली किस्में

# गन्ने की चार नई प्रजातियों से सुधरेगी किसानों की आर्थिक स्थिति

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** गन्ने की चार नई प्रजातियां किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने में कारगर साबित होंगी। गन्ना शोध परिषद ने चार नई प्रजातियां कोशा-16233, 15233, 17231 और 13235 तैयार की हैं। औसत उपज की बात करें तो करीब एक हजार क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अब तक प्रचलित प्रजातियों से कहीं ज्यादा है। प्रदेश भर में इन प्रजातियों के गन्ने की खूब मांग है। किसान ऑनलाइन बुक कर बीज खरीद रहे हैं।

गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर की ओर से गन्ने की ये प्रजातियां विकसित की गई हैं। प्रचलित गन्ना साढ़े आठ सौ से साढ़े नौ सौ क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देता है। पुरानी प्रजातियों में लाल सड़न सहित तमाम बीमारियां भी लगती थीं, लेकिन इनमें लाल सड़न रोग लगने की आशंका बहुत कम है। गन्ना शोध परिषद के प्रसार अधिकारी एसके पाठक ने बताया कि कोशा 17231 की पैदावार प्रति हेक्टेयर 90 से 100 टन है और यह लगभग 10 महीने में तैयार हो जाती है। इसे अगेती प्रजाति कहते हैं। इसी तरह वैज्ञानिकों ने कोशा 15233 और 16233 की खोज की है। यह प्रजातियां भी लाल सड़न रोग कैंसर रोधी है।



- कोशा -16233, 15233, 17231, 13235 की बेहतर उपज ले सकेंगे किसान

> वैज्ञानिकों ने कोशा 17231, 15233, 16233 और 13235 प्रजाति के गन्ने का विकास किया है। यह प्रजातियां किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। कैंसर (लाल सड़न) बीमारी का भी इन पर असर नहीं होता। – **एसके पाठक**, प्रसार अधिकारी, गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर



**नई प्रजाति को विकसित करने में लगते हैं दस सालः** गन्ने की एक नई प्रजाति के तैयार होने में करीब 10 साल का समय लगता है। अगर अब प्रजाति खेतों तक पहुंची है तो उसको तैयार करने की प्रक्रिया 10 साल पहले शुरू हुई थी। गन्ना शोध परिषद के कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि एक नई वैरायटी तैयार करने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना होता है। पहले शोध परिषद के वैज्ञानिक कोयंबटूर जाकर मेल और फीमेल गन्ने की प्रजातियां को आपस में क्रॉस कराते हैं। कोयंबटूर जाने की मजबूरी इसलिए है, क्योंकि वहां की जलवायु इसके लिए सबसे सही है। पहली बार पौध तैयार करने पर उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता के साथ पेड़ी आदि की जांच भी की जाती है। इन सब प्रक्रिया में 10 साल का समय लगता है। तब एक प्रजाति बाहर आती है।

### साढ़े छह हजार बड ऑनलाइन बुक

प्रदेश में 17231 प्रजाति के गन्ने की ऑनलाइन बुकिंग चल रही है। साढ़े छह हजार बड बीज बुक हो चुका है। पश्चिमी यूपी के किसानों को मुजफ्फरनगर, पूर्वी यूपी के किसानों को सेबरहि और मध्य यूपी के किसानों को शाहजहांपुर से बीज दिया जा रहा है। बीज देने का आरंभ शुक्रवार से शाहजहांपुर गन्ना शोध परिषद में हुआ। किसानों को मिनी बीज किट का वितरण किया जा रहा है। 15233 प्रजाति को छोड़ अन्य तीनों किस्मों के बीज का विकास शाहजहांपुर शोध परिषद के वैज्ञानिकों ने ही किया है।

## एक नजर

### चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर रालोद कार्यकर्ताओं में खुशी

**अमृत विचार,लखनऊ :** रालोद प्रदेश कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय समेत अन्य पदाधिकारियो ने माल्यार्पण कर, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिये जाने के निर्णय का स्वागत किया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने शुक्रवार को कहा कि भारत सरकार ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर देश के अन्नदाताओं, खेत खलिहानों, शोषितों वंचितों का मान बढ़ाया है। इस मौके पर पदाधिकारियों ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया । छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पाण्डेय द्वारा गुड बांटा गया। प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी, प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान, रमावती तिवारी, रजनीकांत मिश्रा, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, अजय पांडेय ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

### भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में शुरू किए जा रहे लाभार्थी सम्पर्क अभियान की तैयारियों को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला शनिवार को राजधानी में आयोजित की गई है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों का प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह मार्गदर्शन करेंगे। कार्यशाला विश्वेश्वरैया सभागार हजरतगंज लखनऊ में प्रात: 11 :30 बजे से प्रारम्भ होगी। पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्लस्टर इंचार्ज, जिला प्रभारी, सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

# सत्यापन के बाद ही होगा सामूहिक विवाह

## तीन अधिकारियों समेत 11 बिचौलियों को जेल भेजने की दी सूचना

**विधानसभा कार्यवाही**

▶▶ सपा ने उठाया सामूहिक विवाह योजना में भ्रष्टाचार का मुद्दा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य विधानसभा में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बलिया में हुए फर्जीवाडे का मामले का उठा। सरकार की ओर से जवाब देते हुए इसी मुद्दे पर समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि संबधित मामलें में तीन अधिकारियों की गिरफ्तारी हुई है।

ग्यारह दलालों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपियों को किसी भी कीमत बख्शा नहीं जायेगा। इस प्रकरण में भुगतान रोका गया है। अब सत्यापन के बाद ही इस प्रक्रिया में लोगों को शामिल किया जाएगा। किसी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जायेगा। इससे पहले समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य लाल जी वर्मा ने शून्य प्रहर में यह मामला उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में कुल 537 लोगों का विवाह कराया गया। जिसमें आधे से ज्यादा अपात्र थें। इस योजना में पूरी तरह से भ्रष्टाचार है।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन मे जितने जोडे थे उनमें से अधिकांश महिलाएं स्वयं अपने गले में माला डालती हुई दिखी। सपा सदस्य ने कहा कि इस योजना में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस घोटालें शामिल थे उन्हे मुल्जिम बनाया जाए। सपा के ही सदस्य संग्राम सिंह यादव ने कहा कि इस योजना में ऐसे लोग भी शामिल थे जो पहले से शादीशुदा थे।

बलिया में हुए इस फर्जीवाडे पर वहां की स्थानीय विधायक केतकी सिंह ने कहा कि उनके क्षेत्र में तीसरी बार सामूहिक विवाह को आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि इस मामलें संबधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वहीं शनिवार को विधानसभा की कार्यवाही सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

### सदन चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने से अभिभूत: सतीश महाना

**लखनऊ :** सदन में शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की सूचना दी। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने चौधरी चरण सिंह की जयंती पर किसान दिवस की घोषणा की थी। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मुलायम सिह यादव ने ही विधान भवन में चौधरी की प्रतिमा लगवाई थी। चौ .चरण सिंह को भारतरत्न दिए जाने पर राष्ट्रीय लोकदल के सदस्य डॉ. अजय कुमार ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे मसीहा थे। वे भारत रत्न जैसे सम्मान के हकदार थे। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि पूरा सदन चौधरी चरण को भारतरत्न दिए जाने से अभिभूत है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करता है।

### जमीन का अधिग्रहण नहीं, गन्ने के बकाए का हुआ भुगतान

**लखनऊ :** शून्य प्रहर में ही उठे एक सवाल के जवाब में गन्ना विकास और पशुधन मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि जिस किसान की आत्महत्या की बात कही गयी है उससे वन विभाग ने अपनी जमीन वापस ली थी उसकी जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया था। उसके गन्ने का बकाए का भुगतान भी कर दिया गया था। शून्य प्रहर में ही किसानों की आत्महत्या के उठे एक मुद्दे शिक्षा मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि सपा के शासन काल में सरकारी जमीन पर कब्जे कराए जाते थे। किसी भी विभाग की जमीन यदि कोई कब्जा करता है तो उसे सरकार खाली करायेगी।इस मुददे पर सदन में मौजूद नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यदि सरकार यह मानती है कि सपा की सरकार में यदि जमीनों पर कब्जे हुए है तो उसकी सूची जारी करे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लखनऊ में जो लोग सौ-सौ सालों से काबिज थे भाजपा के लोग उनकी जमीने कब्जा कर रहे है। इससे पहले सपा सदस्य अतुल प्रधान ने बुन्देलखण्ड से पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक किसानो द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला उठाया था। सपा के ही सदस्य मनोज कुमार पारस ने भी किसानों द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों को उपज का सही दाम न मिलने या फिर कर्ज से दबकर किसान आत्महत्याएं कर रहे है। सपा सदस्य अतुल प्रधान ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक किसान की जमीन को वन विभाग द्वारा लिये जाने पर उसके द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला उठाया। सपा के सदस्यों ने कहा कि सबसे युवा वाले उत्तर प्रदेश में आज युवा खेती किसानी से विमुख हो रहे हैं।

### पुलिस कस्टडी में हत्या का मामला उठाया

**लखनऊ :** सपा के सदस्य राकेश प्रताप सिंह ने शून्य प्रहर में अपने निर्वाचन क्षेत्र में पुलिस उत्पीडन की एक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि पुलिस रक्षक के बजाए भक्षक बन गयी है। पैसे लेकर लोगों को पीडित और प्रताडित कर रही है। पुलिस की भर्ती का आतंक है। कस्टडी में लोगों में लोगों की हत्याएं हो रही है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में पुलिस तीन निर्दोष युवकों को उठा ले गयी। उनके घर की वृद्ध महिला के साथ पुलिस ने अभद्र व्यवहार किया। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि इस प्रकरण में वे रायबरेली के पुलिस अधीक्षक से बात करके सदस्य को वस्तुस्थिति से अवगत करा देंगे।

### भारतीय स्टाम्प संशोधन विधेयक 2024 प्रस्तुत

**लखनऊ :** शुक्रवार को ही सदन में संसदीय वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने भारतीय स्टाम्प संशोधन विधेयक 2024 भी प्रस्तुत किया। कहा कि इस तरह का संशोधन विधेयक दूसरे राज्यों में भी लाया गया। आज भी बजट पर चर्चा जारी रही। भाजपा की सदस्य अनुपमा जायसवाल, अर्चना पांडेय, सपा के शिवपाल यादव सहित अन्य दलीय नेताओं ने चर्चा में हिस्सा लिया।



शुक्रवार को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉक्टर केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉक्टर अशोक अग्रवाल और बरेली कैंट के विधायक संजीव अग्रवाल ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान सभी ने मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के औद्योगिक विकास समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। अमृत विचार

# सरकार और विपक्ष साथ-साथ राम के दर्शन को कल जाएंगे अयोध्या

▶▶ 10 बसों से जाएंगे मंत्री और सत्तापक्ष-विपक्ष के विधायक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार और विपक्ष साथ-साथ राम के दर्शन को अयोध्या जाने वाली है। इसके लिए 11 फरवरी की तारीख तय की गई है। इस दौरान विधानमंडल के सभी सदस्यों को उप्र. परिवहन निगम की 10 सुपर लग्जरी बसों से ले जाया जाएगा। शासन ने परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को बसों की उपलब्धता कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में सभी सदस्यों से रामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या चलने का आग्रह किया था। वहीं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सभी सदस्यों को अयोध्या चलने का निमंत्रण दिया है। वह खुद भी बस में विधानसभा सदस्यों के साथ अयोध्या की यात्रा करेंगे। उन बसों में राम धुन भी बजेगी।

**निर्धारित कार्यक्रम की गाइडलाइन जारी:** जिन सदस्यों को अयोध्या जाना है, उनको अयोध्या को जाने के लिए बसें विधान भवन के गेट संख्या-1 व 3 के सुबह 8:15 बजे मिलेगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अयोध्या धाम के दर्शन कराने वाली इन बसों की बाहरी व आंतरिक सफाई बेहतर रहनी चाहिए, पर्दे लगे होने चाहिए। बसों में सुरक्षा की नजर से अग्निशमन यंत्र अवश्य रहे। साथ ही फर्स्ट एड किट उपलब्ध रहे। साथ ही बसों में रामधुन भी अवश्य बजे इसके लिए भी विशेष निर्देश दिए हैं। साथ ही ड्राइवर और कंडक्टर का व्यवहार कुशल हों इसके साथ ही वर्दी में नेम प्लेट जरूर लगा होगा।

### रालोद के सभी विधायक होंगे शामिल

छपरौली से रालोद विधायक अजय कुमार ने बताया कि रविवार को पार्टी के सभी नौ विधायक भी एनडीए के विधायकों के साथ रामलला के दर्शन लिए अयोध्या जाएंगे।

# हल्द्वानी में हुए उपद्रव को लेकर प्रदेश में अलर्ट

▶▶ डीजीपी ने अतिरिक्त सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** हल्द्वानी (उत्तराखंड) में मचे उपद्रव के मद्देनजर उप्र में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। एक संप्रदाय विशेष के इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों को खास नजर रखने को कहा गया है। वहीं जुमे की नमाज के चलते शुक्रवार को मस्जिदों चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम रहा। नमाज से पहले पुलिस और पीएसी तैनात रही।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने उत्तराखंड से सटे सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रहने के आदेश दिए हैं। साथ ही उधर से आने वाले वाहनों और लोगों की चेकिंग करने के भी निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी निर्देश में धर्मगुरूओं के साथ समन्वय बनाने तथा सोशल मीडिया पर नजर रखने कहा गया है। किसी भी तरह का अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। संवेदनशील इलाकों में तैनात पुलिसकर्मियों को बॉडीवार्न कैमरे और ड्रोन से निगरानी करने को कहा गया है।

### फाइलेरिया के लक्षण का न करें इंतजार, दवा का करें सेवन: मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी ने क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फाइलेरिया बीमारी चुपके से शरीर में प्रवेश करती है। इस बीमारी के लक्षण पांच से 15 साल में दिखाई देते हैं। ऐसे में हर कोई खुद को फाइलेरिया ग्रसित मानकर दवा का सेवन करे और खुद के साथ ही आने वाली पीढ़ी को भी इससे सुरक्षित बनाए। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है, इसलिए लक्षण आने का इंतजार न करके दवा का सेवन करे। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को फाइलेरिया के खिलाफ शुरू होने वाले महाअभियान से जुड़ने के लिए आमजन से अपील की। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया के खिलाफ शनिवार 10 फरवरी से 28 फरवरी तक 17 जिलों में फाइलेरिया मुक्ति अभियान चलेगा। अभियान के तहत 17 जिलों में 72 हजार स्वास्थ्यकर्मी 3 .5 करोड़ से अधिक प्रदेशवासियों को फाइलेरिया की दवा खिलाएंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस बीमारी को रोका तो जा सकता है, लेकिन एक बार हो जाए तो इसका कोई इलाज नहीं किया जा सकता। इसलिए इसकी रोकथाम जरूरी है। फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश सिंह ठाकुर ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए 36 हजार टीमों को गठन किया गया हैं। दवा का सेवन कराने के लिए स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर दवा उपलब्ध कराएगी। लोग अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जा कर खुद भी दवा का सेवन कर सकते हैं।

# 2047 तक सपा की वापसी की कोई संभावना नहीं

## विधान परिषद में नेता सदन एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, विपक्षी दल के पास मुद्दों का अभाव

▶▶ जातिवार जनगणना को लेकर सपा विधायकों ने किया वॉकआउट

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** विधान परिषद में नेता सदन एवं उप.मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा विपक्षी दल सपा के लोगों के पास मुद्दों का अभाव है। जातिवार जनगणना की विरोधी ना तो भाजपा है और ना ही मै केशव मौर्या । जनगणना केन्द्र का विषय है। जब ये सरकार में थे तब इन्होंने कभी ध्यान नहीं दिया। इसलिए अब 2047 तक इनकी वापसी की कोई संभावना नहीं है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सरकार को आरक्षण विरोधी बताते हुए सदन से वाक आउट किया।

शुक्रवार को शून्य प्रहर में कार्य स्थगन के रूप में कार्य स्थगन के रूप में उठाए गए जातिवार जनगणना के सवाल पर उप मुख्यमंत्री जवाब दे रहे थे। सदन में सपा और सत्तापक्ष के बीच खूब तीर चले और नोक-झोंक भी हुयी। स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा आरक्षण के मामले में भाजपा की कथनी-करनी में अन्तर है। जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्य सरकार पर आरक्षण विरोधी और पिछड़ों का अपमान कराने का आरोप लगाते व नारेबाजी करते हुये सदन से वाक आउट कर गये।

भोजनावकाश के बाद डॉ.सरोजनी अग्रवाल के सभापतित्व में सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विधान सभा द्वारा पारित उप्र निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024 को विधान परिषद के प्रमुख सचिव ने सदन के पटल पर रखा। इसके बाद सत्ता पक्ष के विधायकों ने बजट की खूबियां गिनाते हुये समर्थन किया, वहीं सपा के डॉ.मान सिंह सरकार को बीएसयनएल, एलआईसी, एयरपोर्ट आदि को बेचने वाली सरकार बताते हुए कहा कि मैं इस बजट का विरोध करता हूं। इसके अलावा कार्यसूची की मदो को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया। शाम पांच बजे शनिवार 11 बजे तक के लिए सदन स्थगित कर दिया गया है।

**निःशुल्क शिक्षा में अनियमितता की होगी जांच :** निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चंदेल एवं डॉ. आकाश अग्रवाल ने निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था अधिनियम की अनियमितता व फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर हो रहे दुरूपयोग का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। अभिभावकों के आय प्रमाण पत्र और बच्चों के आधार कार्ड की जांच की जाये। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि बीएसए आगरा को प्रकरण की जांच के आदेश दिये गये हैं। तीन खण्ड शिक्षा अधिकारी जांच करेंगे। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह 'व्यस्त' ने कहा जांच कमेटी में तीन खण्ड शिक्षा अधिकारी की जगह कोई एसडीएम अथवा तहसीलदार स्तर के अधिकारी से जांच कराये तो बेहतर होगा।

**अनावश्यक जांच न करायी जाए:** शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रदेश के राज्य अनुदानित मदरसों के कार्यरत शिक्षको एवं कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण का मामला उठाया। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने मदरसों की बेहतरी, नौजवानों को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए ईमानदारी से काम किया जा रहा है। हमारी सरकार इनके लिए काम कर रही है। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह 'व्यस्त' ने निर्देश दिया कि जांच अनावश्यक न हो।

### रिकार्ड गायब कर मृतक आश्रित में दूसरे को नौकरी

बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने बरेली की कमलादेवी के पति जमुना प्रसाद की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित में नियुक्ति न देने और मृतक जमुना के संबन्धित रिकार्ड कार्यालय से गायब कर, उसी नाम के कर्मचारी के आश्रितों को नौकरी देने का मामला उठाया। नेता सदन ने कहा कि मामला संवेदनशील है। डीएम पीलीभीत का तत्काल सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। आख्या आते ही हर संभव प्रयास किया जाएगा तथा सदन को भी अवगत कराया जायेगा।



विप में कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री योगी , उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व अन्य सदस्य।

### यूपी बोर्ड में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू होगा: योगी

**अमृत विचार,लखनऊ :** विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी ने कहा हमारी सरकार शिक्षा में किसी के साथ भेद-भाव नहीं कर रही है। पिछले सात साल में प्रदेश् में शिक्षा के स्तर को सुधारने का किये जा रहें प्रयास सर्वविदित हैं। बेसिक शिक्षा परिषद में 1.32 लाख विद्यालयों में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुधारा गया है। योगी ने बताया कि सरकारी स्कूलों के प्रति बच्चों का रूझान तेजी से बढ़ रहा है,40 लाख से अधिक नए बच्चों ने प्रवेश लिया है। साथ ही बताया कि यूपी बोर्ड में चरण बद्ध तरीके से एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा।

सदन में शुक्रवार को प्रश्न प्रहर में निर्दलीय विधायक डॉ. आकाश अग्रवाल के सवाल पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह जवाब दे रहे थे। इसी बीच सदन में मौजूद मुख्यमंत्री योगी ने कमान संभालते हुए कहा कि अप्रैल और जुलाई में स्कूल चलो अभियान चलाया जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बच्चों की वृद्धि ये दिखाती है कि आरटीई का उद्देश्य पूरा हो रहा है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा सरकार हर छात्र के अभिभावक के बैंक खाते में बैग, किताब, जूता-मोजा, स्वेटर के लिए अब 1200 रुपए दिये जाते हैं। जबकि पिछ्ली सरकार में एक हजार का प्रावधान था, वो भी मिलता नही था।

**विधायकों को गिफ्ट मिलते थे :** विप में शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने उपहार की मांग करते हुए मुख्यमंत्री योगी से कहा कि बजट प्रस्तुत करने के बाद विधायकों को गिफ्ट मिलते थे, हम लोगों इंतजार कर रहें हैं, मुख्यमंत्री द्वारा उपहार सभी सदस्यों को मिलना चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मेरी तरफ से भोजन का आनंद लिजिए और भजन करिये।

### गलत सूचना देने वाले अधिकारियों की होगी पहचान

शून्य प्रहर में शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा सदन में असत्य एवं त्रुटिपूर्ण सूचना दिये जाने के संबंध में औचित्य का प्रश्न किया। जिसपर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने इस प्रकरण की जांच किन अधिकारियों ने की है, उस रिपोर्ट को इस सत्र के अंतिम दिन या अगले सत्र के प्रथम सप्ताह तक इस सदन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

### सौर ऊर्जा से जगमगाएगा नया हाईकोर्ट परिसर

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ के नए हाईकोर्ट परिसर को सौर ऊर्जा से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परिसर में रूफटॉप सोलर इम्पैनल्ड पावर प्लांट की स्थापना, क्रियान्वयन व संचालन का मार्ग प्रशस्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने 6.31 करोड़ रुपये की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति के बाद धनराशि जारी कर दी है।

देश के सबसे खूबसूरत हाईकोर्ट परिसरों में शुमार लखनऊ हाईकोर्ट का नया परिसर गोमतीनगर के विभूति खंड में में है। इसे 1300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। राज्य सरकार परिसर की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए भवन की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना का निर्णय वर्ष 2022 में लिया गया था। फिलहाल, सरकार द्वारा बजट एलोकेशन और धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति जारी किए जाने के बाद परियोजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जारी की गई धनराशि में 18 प्रतिशत जीएसटी राशि को भी सम्मिलित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा लखनऊ के नए हाई कोर्ट परिसर को सौर ऊर्जा युक्त बनाने की जो परियोजना प्रस्तुत की गई है उसके अनुसार सोलर पैनल्स, प्लांट सभी सभी जरूरी संयंत्रों के क्रय को उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक अनुसार पूरा किया जाएगा।

# यूपी में निवेश को लालायित फार्च्यून कंपनियों ने आसान किया लक्ष्य

## औद्योगिक घरानों में मोदी और योगी की उपस्थिति में भूमि पूजन का बढ़ा क्रेज

▶▶ पहले चरण में पहाड़ सा दिख रहा 10 हजार करोड़ के निवेश का लक्ष्य हुआ आसान

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** ग्राउंड ब्रेक्रिंग सेरेमनी प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य बदलने जा रही है। यहां निवेश को लेकर देश-विदेश की फार्च्यून-500 कंपनियों में प्रतिस्पर्धा से प्रथम चरण में ही लक्ष्य बौना साबित होने जा रहा है। देश-विदेश के औद्योगिक घरानों से लेकर जिला स्तर के उद्यमी में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में भूमि पूजन का क्रेज दिख रहा है।

प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से लेकर मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों समेत उद्योग केंद्रों के अफसरों के पास 19 फरवरी को भूमिपूजन के लिए तेजी से प्रस्ताव बढ़ रहे हैं। प्रदेश को उद्योग प्रदेश बनाने का यह आयोजन ज्योतिषियों के मुताबिक इस दिन शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 5 मिनट से 10 बजकर 33 मिनट तक है। हर कोई इसी दौरान अपनी-अपनी इकाई के लिए ईंट रखना चाहता है। अयोध्या का ही उदाहरण लें तो, मंडलायुक्त गौरव दयाल ने 18 हजार करोड़ के 102 निवेश प्रस्ताव को अंतिम माना, जबकि दो दिन भी नहीं बीते कि उपायुक्त अमरेश पांडेय के अनुसार 21 हजार करोड़ के 232 प्रस्ताव हो गए। ऐसे उदाहरण कई जिलों में सामने आ रहे हैं। बरेली, हरदोई, अमेठी, गोंडा, फतेहपुर, और चंदौली के बाद कुछ और जिलों से भी लक्ष्य से अधिक निवेश की रिपोर्ट भेजी गई है।

शासन के सूत्रों के मुताबिक पहले चरण में 10 लाख करोड़ रुपये की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का लक्ष्य साधना फार्च्यून-500 कंपनियों के आकर्षण से आसान हो गया है।

### जिलों में तेजी से बढ़ रही इकाई लगाने की प्रक्रिया

30517 करोड़- लखनऊ
30270 करोड़- बरेली
19000 करोड़-कानपुर
21000 करोड़- अयोध्या
4400 करोड़- हरदोई
6400 करोड़-अमेठी
1806 करोड़ - गोंडा
1600 करोड़- फतेहपुर
23000 करोड़- चंदौली

हैदराबाद का ग्रीनको ग्रुप सोनभद्र के ओबरा तहसील अंतर्गत ग्राम सभा गुरार, गटवा, पिंडारी, रानीदेहो, मुहुना और राबर्ट्सगंज तहसील के ग्राम बैजनाथ में 3660 मेगावाट की इकाई लगाएगी। जबकि अमहमदाबाद का टोरंट पॉवर लि. सोनभद्र के शोभा गांव में 2400 मेगावाट और शाशनाई में 2000 और 1750 मेगावाट की इकाई को लेकर प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से छह माह पहले ली गई सैद्धांतिक अनुमति को जमीन पर उतारने जा रही है। यही हाल मुंबई की जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी के 1200 मेगावाट प्रोजेक्ट, हरियाणा के एसीएमई क्लीनटेक सल्युशंस की चंदौली में 600 मेगावाट और मिर्जापुर में 900 मेगावाट और नोएडा की अवाड़ा वाटर बैटरी प्रालि. की सोनभद्र में 1220 मेगावाट की इकाईयों का है।

सूत्रों के मुताबिक सरकार की ओर से नोएडा, झांसी, गोरखपुर, लखनऊ आदि इलाकों में तैयार औद्योगिक गलियारों समेत इंडस्ट्रियल क्षेत्रों में निवेश के लिए उपलब्ध लैंड बैंक में वॉलमार्ट, सऊदी अरामको, स्टेट ग्रिड, अमेज़ॅन, ऐप्पल, अल्फाबेट, टोयोटा मोटर, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, माननीय हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री, माइक्रोसॉफ्ट, नेस्ले आदि बड़ी कंपिनयां के साथ अडाणी ग्रुप, रिलायंस ग्रुप, टाटा ग्रुप, महिंद्रा ग्रुप, बिड़ला ग्रुप आदि की ओर से प्रस्तावित कई परियोजनाओं की इकाईयों पर भूमिपूजन होगा।

### धरातल पर उतरने को तैयार निवेश प्रस्ताव

- 30000 करोड़ से हीरानंदानी ग्रुप बनाएगा यीडा के अंतर्गत डेटा सेंटर पार्क
- 18625 करोड़ की एनटीपीसी की अनपरा ई 8 सौ मेगावाट की दो इकाई
- 17985 करोड़ रुपये के निवेश से एनटीपीसी की ओबरा डी की दो इकाई
- 11000 करोड़ से नोएडा में सिफी की ओर से डाटा सेंटर की परियोजना
- 11000 करोड़ से नोएडा में वीएएलएस डेवलपर्स की डेटा सेंटर की परियोजना
- 6500 करोड़ से ललितपुर में टस्को की सौर्य उर्जा परियोजना
- 6000 करोड़ रुपये के निवेश से सोनभद्र में सौर्य उर्जा परियोजना
- 4000 करोड़ रुपये की से मुरादाबाद में कागज निर्माण ईकाई
- 4000 करोड़ से नोएडा में एयर कार्गो व लाजिस्टिक की परियोजना

### इटली से आए 11 पर्यटकों ने यूपी पुलिस का जताया आभार

**अमृत विचार, लखनऊ:** इटली के विभिन्न स्थानों से भारत भ्रमण पर आए 11 पर्यटकों के समूह ने मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर, प्रयागराज के माघ मेला क्षेत्र में सुबह के वक्त पवित्र स्नान एवं भ्रमण का आनंद उठाया।

संगम पर सुरक्षित स्नान कर वे अभिभूत हो गए। उन लोगों ने भीड़ में भी उन्हें सुगम और सुरक्षित स्नान की सुविधा प्रदान उप्र प्रशंसा की। पर्यटकों की ओर से इस आशय का जारी वीडियो सोशल मीडिया वायरल हुआ है।

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने इस वीडियो को संज्ञान में लेते पुलिस टीम को उनके कठोर परिश्रम और समर्पण के लिए हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि पुलिस कर्मियों के बिहेवियरल ट्रेंनिंग पर विशेष बल दे रहे हैं, जो आगामी कुंभ में भी हमारे लिए सहायक सिद्ध होगा।

# ईएमबी सॉफ्टवेयर से शत-प्रतिशत बिलिंग करने वाला पहला राज्य बना यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। जल जीवन मिशन में ऑनलाइन बिलिंग सॉफ्टवेयर इलेक्ट्रॉनिक मेजरमेंट बिल (ईएमबी) को शतप्रतिशत लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

इलेक्ट्रॉनिक मेजरमेंट बिलिंग सिस्टम लागू होने से पहले जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाली कंपनियों को पेमेंट होने में कम से कम 41 दिन का समय लगता था। जिसकी वजह से मिशन के तहत होने वाले काम की रफ्तार भी धीमी पड़ने लगी थी परन्तु अब ईएमबी के तहत पेमेंट होने से कंपनियों को महज 14 दिन में बिलिंग हो जाती है।

**ऐसे काम करता है ईएमबी:** ऑनलाइन ईएमबी पर कंपनी द्वारा बिल अपलोड करने के बाद सभी आंकड़ों की जांच कर जूनियर इंजीनियर बिल पर अपने कमेंट लिखता है। फिर असिस्टेंट इंजीनियर कमेंट बिल पर देते हैं, यहां थर्ड पार्टी अपना अप्रूवल देती है। इसके बाद अधिशासी अभियंता सभी तथ्यों की जांच कर फाइल को ऑनलाइन ही फाइनेंस के पास भेज देता है और फाइनेंस अधिकारियों की जांच के बाद कंपनी को पेमेंट कर दिया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में 14 दिन का अधिकतम समय लगता है।

> मुख्यमंत्री योगी की जीरो टॉलरेंस नीति को आगे बढ़ाते हुए जल निगम (ग्रामीण) ने जल जीवन मिशन में बिलिंग प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन किया है। इससे कामों की रफ्तार तेज हुई है। वहीं, दूसरी ओर भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगा है।
> -डॉ. बलकार सिंह, प्रबंध निदेशक, जल निगम ग्रामीण

## एक नजर

### एसपी ने किया सतरिख थाने के मुख्य द्वार का लोकार्पण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एसपी दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को थाना सतरिख के मुख्य प्रवेश द्वार व मेस का लोकार्पण किया। उन्होंने सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, कंप्यूटर-कक्ष, मेस, बैरक, आगन्तुक कक्ष, शौचालयों आदि का निरीक्षण कर मेस, बैरक व थाना परिसर की साफ-सफाई के दिशा-निर्देश दिए। साथ ही ग्राम चौकीदारों को कम्बल वितरत कर संवाद स्थापित किया गया।

### उधारी का पैसा मांगने पर युवक ने की मारपीट

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके के बल्लोपुर प्रथम गांव में उधारी के पैसे मांगने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में तीन लोगों को मामूली चोटे आईं। दोनो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। थाना इलाके के बल्लोपुर गांव निवासी सोनू वाजपेयी चाट का ठेला लगाकर परिवार चलाता है। आरोप है कि गांव के रवि अवस्थी ने उधार चाट खायी थी जब पैसा मांगा तो वह मारपीट करने लगा। सोनू, रवि अवस्थी सहित तीन लोग घायल हुए। दोनों पक्षों ने एक- दूसरे के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है।

### 18 लोगों पर की गयी शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थाना क्षेत्रों में शनिवार को पुलिस द्वारा चलाए गए अपराध विरोधी अभियान के अंतर्गत 18 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक जैदपुर थाने के पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी तिलकराम यादव निवासी मक्का पुरवा मजरे कोला गहबड़ी थाना जैदपुर को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक तमंचा 12 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 12 बोर का बरामद किया गया।

### अगवा युवती बरामद अपहर्ता गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** असंदरा थाने की पुलिस ने शुक्रवार को उसे युवती को बरामद कर लिया। जिसके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने अपहरण करने के आरोप मे वांछित आरोपी मनीष कुमार यादव उर्फ राजन निवासी ग्राम गढ़ी बढ़ौली थाना असन्द्रा को बाराबंकी कचेहरी से रेलवे स्टेशन रोड के पास से गिरफ्तार किया। उस पर छेड़छाड़ का मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा पुलिस ने शुक्रवार को छेड़छाड़ के आरोपी युवक को धर दबोचा। उसके खिलाफ नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोपी प्रमोद कुमार निवासी ग्राम बछेटिया थाना देवा को गांधी नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

# अव्यवस्थाओं के बीच आयोजित हुई सांसद खेल स्पर्धा

**लापरवाही**

- लंच में एक समोसा, बिना ग्लास रखवा दी पानी की टंकी
- कार्यक्रम से क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी तक रहीं नदारद

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** खण्ड स्तरीय एक दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन शुक्रवार को देवा मेला के हॉकी ग्राउंड में किया गया। खेल स्पर्धा में अव्यवस्था हावी रही। प्रतियोगिता के नाम पर रस्म अदायगी की गई।

शुक्रवार को देवा मेला के हॉकी ग्राउंड में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया था। युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में विभाग द्वारा केवल रस्म अदायगी की गई। करीब तीन घंटे चली इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं धूप में बैठकर परेशान होने लगे तो ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव नाराज हो गए उन्होंने अधिकारियों से कहा कि दोबारा खेलकूद का आयोजन किया जाए तो बच्चों के बैठने की उचित व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी साक्षी सिंह मौजूद नहीं थीं। आयोजक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों की संख्या बताने से कतराते रहे। विजयी खिलाड़ियों को ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बीडीओ देवा नेहा शर्मा, इक्ष्वाकु मौर्य, एडीओ कापरेटिव चंद्रेश त्रिपाठी,सचिव कुंवर स्वरूप आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता में प्रतिभाग लेने वाले बालक-बालिकाओं को लंच के नाम पर मात्र एक समोसा दिया गया और केवल पानी की टंकी रखवा दी गई। वहां ग्लास भी नहीं थे। दौड़ के लिए लाइन भी नहीं बनाई गई। ग्राउंड के पास गंदगी साफ नहीं कराई गई। इस बारे में पूछने पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शशि सिंह कुछ भी बताने से कतराती रहीं। इस संबंध में एडीओ सहकारिता चंद्रेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि खेलकूद स्पर्धा में बच्चों को समोसा-केला आदि दिया जता है, वही दिया गया था। मैदान की सफाई भी कराई गई थी। पानी पीने के लिए गिलास की व्यवस्था भी थी। स्पर्धा के आयोजन में कोताही नहीं बरती गई।



देवा मेला के हॉकी ग्राउंड में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा में दौड़ लगाते खिलाड़ी।



विजयी खिलाड़ी को पुरस्कार प्रदान करते ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव।

### फर्राटा दौड़ में हर्षित और नीतू अव्वल

100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में हर्षित वर्मा प्रथम, विवेक द्वितीय, 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में हर्षित प्रथम, अमित द्वितीय, विवेक को तृतीय स्थान मिला। 100 मी. दौड़ बालिका वर्ग में नीतू प्रथम, सोनी द्वितीय, प्रियांशु तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में नीतू प्रथम, संजना द्वितीय, हिमानी तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग कबड्डी में वारसी इंटर कॉलेज देवा विजेता रहा वहीं बालिका वर्ग कबड्डी में सिंह क्लब विजयी रही।

## 64 लीटर शराब के साथ पांच बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार:** पुलिस ने शुक्रवार को फतेहपुर, कुर्सी तथा रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र से पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 64 लीटर शराब बरामद की। पुलिस के मुताबिक थाना फतेहपुर पुलिस ने अनिल कुमार निवासी ग्राम गौरी थाना फतेहपुर व पवन कुमार निवासी ग्राम बीबीपुर थाना फतेहपुर को गिरफ्तार कर कुल 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। कुर्सी पुलिस ने पिन्टू कंजड़ उर्फ पिन्टू निवासी बेहडपुरवा मजरा को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। रामसनेहीघाट पुलिस ने अवधेश निवासी पल्हरी थाना कोतवाली नगर व ननकऊ निवासी पूरे दूलम मजरे सनौली को 34 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# राजस्व परिषद के अध्यक्ष को अभिलेख तक नहीं दिखा पाए तहसील कर्मचारी

## पटलों का किया निरीक्षण, किसान दुर्घटना बीमा के भुगतान का कर्मी नहीं दे पाए ब्योरा

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

**अमृत विचार:** राजस्व परिषद के चेयरमैन हेमंत राव ने शुक्रवार को जब एक-एक कर सदर तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया तो उन्हे यहां काफी घोलमाल मिला। पटल देख रहे संबंधित कर्मचारी जरूरी अभिलेख तक नहीं दिखा पाए। यहां तक कि किसान दुर्घटना बीमा के भुगतान से संबंधित मौके पर कोई रजिस्टर नहीं मिला। करीब दो घंटे तक चले निरीक्षण में अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक हलकान रहे।

पूर्व निर्धारित समयानुसार सुबह करीब 11 बजे सदर तहसील पहुंचे राजस्व परिषद के चेयरमैन हेमंत राव को सबसे पहले पुलिसकर्मियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद वह सीधे कम्प्यूटर रूम में पहुंचे और कम्प्यूटर पर बैठकर ऑनलाइन आने वाले विभिन्न राजस्व संबंधी कार्यों के आवेदनों की स्थिति देखी और उनके निस्तारण के बारे में सत्यता परखी।

इस दौरान पास में खड़े जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कई मौके पर उनके सवालों का जवाब देकर संतुष्ट किया। इसके बाद श्री राव दैवी आपदा पटल पहुंच कर पटल सहायक भानू प्रताप सिंह से अब तक हुईं कार्रवाई की स्थिति पूछी और अभिलेख देखे। इस दौरान लाभार्थियों को दिए गए धनराशि संबंधित अभिलेख व पोर्टल को भी जांचा। इसके बाद कृषि दुर्घटना बीमा योजना के पटल सहायक से जब दिसंबर माह तक हुए भुगतान संबंधी रजिस्टर मांगा तो कर्मचारी बगलें झांकते रहे। हालांकि बताया गया कि भुगतान सीधे ट्रेजरी के माध्यम से जाता है। भेजे गए भुगतान का ब्योरा पटल पर नहीं मिलता है। इस पर डीएम ने आश्वस्त किया कि अब सभी तहसीलों में इसका ब्योरा रखा जाएगा। वहीं आने वाले ऑनलाइन आवेदनों की लेखपाल व कानूनगो जांच संबंधी पत्रवली भी प्रस्तुत नहीं कर सके। अलमारी में ढूंढने के बाद भी रजिस्टर नहीं मिला। इस दौरान सतरिख निवासी लाभार्थी जगजीवन से राजस्व परिषद के चेयरमैन ने फोन पर बात कर यह जाना कि उसे धनराशि मिली कि नहीं। इस पर उसने कहा कि वह दो माह से बैंक नहीं गया है पर उसके मोबाइल पर कोई मैसेज भी नहीं आया है। जबकि पोर्टल पर अक्तूबर माह में दुर्घटना बीमा का लाभ देने की जानकारी दी गयी थी।

चेयरमैन राव इसके बाद राजस्व अभिलेखागार पहुंचे। यहां उन्होंने सर्किलवार रखे अभिलेखों को देखा। नजारत कक्ष में पहुंचने पर यहां तैनात कर्मचारी अपने पटल पर नहीं मिला। वहीं अभिलेख भी नहीं मिले। इस पर चेयरमैन ने नाराज होकर कहा कि जब निरीक्षण किया जा रहा है तो कर्मचारी कहां चला गया। इस पर बताया गया कि वह फाइल लेकर कोर्ट गया है। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन ने नायब तहसीलदार के कक्ष में बैठकर कई राजस्व संबंधी पत्रावलियां भी देखीं।



नवाबगंज तहसील में अभिलेखों का निरीक्षण करते राजस्व परिषद के अध्यक्ष हेमंत राव।

### वकीलों ने की शिकायत-बगैर पैसा लिए काम नहीं करते लेखपाल

चेयरमैन के समक्ष अधिवक्ताओं ने कहा कि लेखपाल बगैर पैसा लिए कोई काम नहीं करते हैं। एक-एक लेखपाल कई सालों से जमा है। इस पर डीएम ने कहा कि ऐसे लेखपालों को चिह्नित किया गया है। जल्द ही फेरबदल होगा। अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि कई वाद लंबे समय से चल रहे हैं। निस्तारण नहीं हो रहा है। एक अधिवक्ता ने बताया कि 1970 से चल रहा एक वाद आज तक निस्तारित नहीं हो सका है। वहीं पाका 11 की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। साथ ही लेखपालों द्वारा हर काम में पैसा मांगने की बात कही। इस मौके पर आरपी गौतम, बलराम, सुनीत अवस्थी, रामकुमार शुक्ल समेत सैकड़ों वकील मौजूद रहे।

### डिजिटल किये जा रहे राजस्व संबंधी कार्य

चेयरमैन हेमंव राव ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि राजस्व संबंधी कार्य अब डिजिटल हो रहे हैं। रियल टाइम खतौनी, अमल दरामद, घरौनी आदि सभी तरह के काम इसमें शामिल हैं। घरौनी के प्रमाण पत्र दे रहे हैं। इससे गांव में भूमि विवाद के वाद कम होंगे साथ ही शांति व्यवस्था भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि वाद का जो भी निस्तारण व आदेश होगा उसे पोर्टल पर फीड करना होग। ताकि जो वादकारी है उसे तत्काल पता चल जाए कि लिखित आदेश क्या है। जो भी आदेश व निस्तारण पोर्टल पर आए तभी इसे माना जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

सूरतगंज, बाराबंकी

**गुत्थी उलझी**

- एक युवक के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहती थी
- पिता ने युवक पर लगाया बेटी की हत्या करने का आरोप

**अमृत विचार :** शादीशुदा युवक के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बेटी की मौत की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पिता ने युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

पुलिस के मुताबिक,मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के एंडौरा गांव निवासी रामसूरत गोस्वामी की बेटी काजल (25) का गांव के ही शादीशुदा युवक विजय गोस्वामी (35) से प्रेम-प्रसंग था। करीब छह साल पहले दोनों लखनऊ में एक साथ रहने लगे थे। एक सप्ताह पहले दोनों सूरतगंज आए थे। तभी से अपने पिता के मकान में विजय युवती के साथ रहने लगा।

शुक्रवार की सुबह युवती की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। विजय का कहना है कि काजल बीमार चल रही थी। इसी वजह से वह लखनऊ से आकर यहां रहने लगा था। इधर, बेटी की मौत की जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंचे पिता ने युवक विजय पर हत्या करने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि नायब तहसीलदार की मौजूदगी में शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट से मौत की वजह साफ होगी।

### युवती के पिता व युवक में चल रहा विवाद

ग्रामीणों के अनुसार रामसूरत ने अपनी बेटी की शादी जनपद गोण्डा के थाना करनैलगंज इलाके के काशीपुर से की थी। लेकिन विजय से प्रेम-प्रसंग की वजह से काजल ससुराल से चली आयी थी। इसके बाद से दोनों एक साथ लखनऊ में रहने लगे थे। मृतक काजल के एक तीन साल की बेटी भी है। रामसूरत व विजय के बीच इसी को लेकर विवाद चल रहा है।

## स्वास्थ्य कल्याण दिवस आयोजित

**हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार:** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चतुर्थ राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस सभी उप केंद्रों पर संबंधित एएनएम की अध्यक्षता में हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ के चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सौरभ शुक्ला ने हिस्सा लिया। पीएचसी थलवारा के तहत आने वाले उपकेंद्र कमेला की एएनएम पूनम भार्गव की देखरेख में हुए मेले में आशा संगिनी मालती शुक्ला, आशा कार्यकत्रियों व किशोर-किशोरियों के साथ उनके माता-पिता ने भी हिस्सा लिया। किशोर किशोरियों की स्वास्थ्य जांच की गयी। अधीक्षक सौरभ शुक्ला ने बताया कि काउंसलिंग से किशोरों के जीवन में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### मेडिकल पेशे में उच्च स्तरीय गुणवत्ता पर दें जोर



राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के सदस्य पद्मभूषण डॉ. बीके राव का स्वागत करते डॉ. अमोद कुमार सचान। अमृत विचार

**माती,बाराबंकी, अमृत विचार :** चिकित्सा शिक्षा में गुणात्मक सुधार को लेकर हिंद मेडिकल कॉलेज में कार्यशाला हुई। इसमें राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के सदस्य पद्मभूषण डॉ. बीके राव ने कहा कि किसी की पृष्ठभूमि उसके उच्च गुणवत्ता पूर्ण विकास में बाधा नहीं होती। बस, उसका उद्देश्य परक समर्पण महत्वपूर्ण बात है। उन्होंने अपनी चिकित्सीय दुनिया में सकारात्मक कार्यों से प्राप्त सफलताओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मेडिकल पेशे में उच्च स्तरीय गुणवत्ता कैसे लाई जाए,उसका पूरा अनुपालन सुनिश्चित हो, इस पर जोर देना होगा। अमेरिका से इंटरनेशनल फुल ब्राइट फैलोशिप प्राप्त अतिथि वक्ता गरिमा शेखर ने स्क्रीन प्रजेंटेशन के जरिए सफलता के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कहा कि सफलता की राह में रुकावटें,अड़चनें व तमाम नकारात्मक कारक सामने आते हैं। असफलता मिलने पर निराश नहीं होना चाहिए। हिंद चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अमोद कुमार सचान ने अध्यात्म वाणी से मानवीय गुणों को आत्मसात करने पर जोर दिया। इस मौके पर चेयरपर्सन डॉ. ऋचा मिश्रा, प्राचार्य डॉ. दीपक मालवीय, सभी विभागाध्यक्ष, डॉ. श्वेता सिंह, सीएमएस डॉ. एसएनएस यादव, डॉ. आरबी सिंह, डॉ. संजय श्रीवास्तव, निदेशक डॉ. आरके वर्मा, सीईओ वरुण श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

### घरों में रहकर भारत बंद को बनाएंगे सफल



शिव मंदिर पर आयोजित भारतीय किसान यूनियन की बैठक में मौजूद सदस्य।

**हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार :** भाकियू टिकैत की ब्लॉक इकाई की मासिक बैठक पुरानी तहसील स्थित शिव मंदिर पर शुक्रवार को हुई। बैठक में रक्तदान, बंदरों के आतंक एवं किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। दरियाव सिंह पुरवा के ग्राम अध्यक्ष ने बताया कि बंदरों ने आतंक मचा रखा है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं पर अधिकारी गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे अधिकारियों की सूची तैयार कर एसडीएम को सौंप कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के आह्वान एवं जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा के निर्देश पर 16 फरवरी को सभी किसानों द्वारा भारत बंद के तहत खेतों में काम नहीं किया जाएगा। पूरे दिन किसान घर पर मौजूद रहकर भारत बंद को सफल बनाएंगे। बैठक में रईस, रामसेवक, राम पलटन, कमलेश, ननकू, सत्य नारायण, बुद्धि लाल, विश्वनाथ, चंद्रावती, उर्मिला, रामनाथ, राम चरण, मौजूद रहे।

### हेड कांस्टेबल से सब इंस्पेक्टर बने अब्दुल



अब्दुल के कंधे पर स्टार लगाते थाना अध्यक्ष अजीत कुमार विद्यार्थी

**जहांगीराबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाने में तैनात हेड कांस्टेबल अब्दुल को पदोन्नति देकर सब इंस्पेक्टर बनाया गया है। सब इंस्पेक्टर बनने पर एसपी दिनेश कुमार सिंह ने उन्हें बधाई दी। 1991 बैच से पुलिस सेवा में आए अब्दुल खान हेड कांस्टेबल के रूप में वर्तमान में जहांगीराबाद थाने में तैनात हैं। हेड कांस्टेबल से सब इंस्पेक्टर बनाए जाने पर शुक्रवार को जहांगीराबाद थानाध्यक्ष अजीत कुमार विद्यार्थी ने उनके कंधों पर स्टॉर लगाकर उन्हें सम्मानित किया।

# किसान के 3 लाख लेकर चंपत हुए ठग

जहांगीराबाद, बाराबंकी

**जालसाजी**

- सस्ते दाम पर खेत की मेड़बंदी कराने का दिया झांसा
- बैंक से निकलवायी रकम, लौटते समय बाइक से उतारकर हुआ फरार

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम नूरीपुर निवासी एक युवक से जालसाजों ने खेत में तार बंधवाने के नाम पर बैंक से तीन लाख रुपये निकलवाय और धनराशि लेकर चंपत हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम नूरीपुर निवासी मनीराम रावत ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह शुक्रवार को खेत में श्रमिकों से मेड़बन्दी करा रहा था। तभी उसके घर दो अज्ञात व्यक्ति बाइक से आये और उसके पुत्र धर्मेन्द्र से मेरे बारे में पूछा। पुत्र ने कहा कि उसके पिता खेत में हैं। इसके बाद दोनों युवक बाइक से उसके पास खेत में पहुंचे और कहा कि आप के खेत में बीस रुपये फिट के हिसाब से तार लगेगा। इसमें से सात लाख सत्रह हजार उन्नीस रुपये की लागत आएगी। बातचीत के दौरान वह अपने खेत में तीन लाख रुपये की लागत में मेड़बंदी कराने के लिए तैयार हो गए।

एक युवक खेत में बैठा रहा और दूसरा युवक उसे बाइक पर बैठा कर भयारा स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक ले गया। मनीराम ने अपने बचत खाते से तीन लाख रुपये निकाले।

युवक उसे अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर ग्राम हेतमपुर के पास पहुंचा और तीन लाख रुपये ले लिए और ग्राम सदरुद्दीनपुर के पास उतार कर मनीराम से कहा कि वह अभी आ रहा है। यहीं इंतजार करो। मनीराम ने काफी देर तक इंतजार किया, लेकिन अज्ञात युवक वापस नहीं लौटा। जो युवक खेत में रुका था वह भी वहां से रफूचक्कर हो गया। उक्त दोनों लोगों ने मेरे साथ ठगी की है। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया किसान के ठगे जाने के मामले की तहरीर मिली है। इस मामले की जांच की जा रही है।

## श्रद्धा के मायने प्रभु के प्रति विश्वास

**मसौली,बाराबंकी, अमृत विचार:** कस्बा बांसा में पांच दिवसीय श्रीराम कथा की शुरुआत हुई। महमूदाबाद सीतापुर से आए कथावाचक अर्जुन कुमार यादव ने कहा कि श्रद्धा के मायने भगवान के प्रति विश्वास होना चाहिए। जिस व्यक्ति को भगवान की कथा पर विश्वास नहीं है, उसके सामने साक्षात भगवान भी आ जायें फिर भी उसे विश्वास नहीं होगा। श्री राम जब माता सीता के हरण के उनकी खोज कर रहे थे,तब शंकर भगवान राम को देख मग्न हो रहे थे लेकिन सती को यह विश्वास नहीं हो रहा था कि भगवान श्रीराम परमात्मा है। इस मौके पर कथा आयोजक पवन यादव, शेष कुमार, अमित, राजेन्द्र, रामानंद समेत ग्रामवासी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 साल का कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अदालत से**

- अभियुक्त पर 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

**अमृत विचार:** रामनगर थाना क्षेत्र के एक गांव के बहुचर्चित नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना में शुक्रवार को अदालत ने अभियुक्त को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि रामनगर थाना क्षेत्र में राजेश पुत्र कुन्नू लाल निवासी 145 सुभाष नगर मोहल्ला उतरौला जनपद बलरामपुर के विरुद्ध पीड़िता के पिता ने दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें अदालत में राजेश को दोषी पाया और उसे 10 वर्ष का कठोर कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

इस बहुचर्चित मामले में दुष्कर्म का दोषी पाया गया व्यक्ति घर के सामने खेल रही बालिका को ही उठा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस घटना को लेकर क्षेत्र में काफी आक्रोश का माहौल था।

**व्यवस्था** निर्वाचन आयोग द्वारा लंबे समय से है चैलेंज वोट का प्रावधान, कई बार जांच शुरू होने के पहले ही यदि वोटर फर्जी हुआ तो भाग जाता है

# आज भी दो रुपये में होता है असली-नकली वोटर का फैसला

रीतेश श्रीवास्तव,बाराबंकी:

**अमृत विचार :** लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदान के दौरान वोटर असली है या फर्जी, चुनाव आयोग इसका फैसला आज भी दो रुपए में करता है। सुनने में यह बात भले ही अटपटी लगे, लेकिन यह सच है। सच और झूठ का फैसला बूथ पर ही तत्काल पीठासीन अधिकारी पोलिंग एजेंट, र स्वयं वोट डालने आए व्यक्ति की सुनवाई के बाद करते हैं। चैलेंज वोट की बरसों पुरानी यह परंपरा आज भी कायम है। इस बार भी यह व्यवस्था लागू रहेगी।

अगर पोलिंग बूथ पर यह बात आती है कि कोई वोटर फर्जी है, तो यह साबित करना होता है। आमतौर पर पोलिंग एजेंट यह आरोप लगाते हैं कि फलां वोटर फर्जी है। तब वोटर और पोलिंग एजेंट दोनों ही अपनी बातों पर अड़ जाते हैं तो पीठासीन अधिकारी के लिए मुसीबत खड़ी हो सकती है। ऐसी स्थिति में चैलेंज वोट का सहारा लिया जाता है। आमतौर पर राजनीतिक दल पोलिंग एजेंट स्थानीय लोगों को तय करती है, ताकि वे मतदाताओं को पहचान सकें। ऐसी विवाद की स्थिति में चुनाव आयोग के नियमों में प्रावधान है कि पोलिंग एजेंट पीठासीन अधिकारी के पास दो रुपए आक्षेप राशि के साथ आपत्ति दर्ज कराएगा। इस आधार पर वह वोटर के दावे को चुनौती देगा। तब पीठासीन अधिकारी ट्रायल करेगा। वह वोटर से उसका नाम, पिता का नाम, पता, घर में कितने वोटर हैं आदि कई बिंदुओं के बारे में पूछताछ करेगा। संतुष्टि न होने पर वह सच और झूठ की तस्दीक करने संबंधित क्षेत्र के पटवारी या माकूल व्यक्ति को बुलाकर वोटर के बारे में गवाही लेगा। यदि यह साबित हो जाता है कि उक्त व्यक्ति वोटर ही है तो उसे वोट डालने का मौका मिल जाता है। पोलिंग एजेंट की जमा की गई दो रुपए चैलेंज फीस आयोग जब्त कर लेता है। और उसकी आपत्ति खारिज कर दी जाती है। यदि पोलिंग एजेंट की बात सच साबित हो जाती है तो उसे दो रुपए फीस वापस कर दी जाती है। पीठासीन अधिकारी पुलिस को बुलाकर फर्जी वोटर को सौंप देता है। मास्टर्स ट्रेनर अधिकारी पुल्लक भट्टाचार्य ने बताया कि कई बार जांच शुरू होने के पहले ही यदि वोटर फर्जी हुआ तो भाग जाता है। दो रुपए फीस शुरू से ही है। चुनाव में अहम भूमिका निभाने वाले प्रशिक्षक आशीष पाठक बताते हैं कि चैलेंज वोट के बाद फर्जी मिलने पर संबंधित को पुलिस के हवाले किया जाता है वहीं सही मिलने वाले मतदाता से वोट डलवाया जाता है।



### काफी समय से चला आ रह चैलेंज वोट का प्रावधान

चैलेंज वोट का प्रावधान निर्वाचन आयोग द्वारा पुराने समय से चला आ रहा है। इस संबंध में प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारियों को जानकारी दी जाती है ताकि मतदान कराते समय ऐसी स्थिति आने पर उसका निस्तारण करा सकें।

–**सुनील पांडेय**, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

### अगर किसी के नाम से दूसरे ने मत दे दिया तो टेंडर वोट का हक

यदि किसी दूसरे ने वोट डाल दिया तब वंचित वोटर मतदान अधिकार की मांग करता है। तब उसे टेंडर वोट का हक मिलता है। उसे कागज का मतपत्र दिया जाता है। अपनी मनपसंद के उम्मीदवार को वोट देने के बाद पीठासीन अधिकारी इस मतपत्र को लिफाफे में सील कर देता है। साथ ही रजिस्टर 17-ए में इसका रिकार्ड दर्ज कर लेता है। मतगणना के समय इस वोट की गिनती नहीं होती। पर यदि नतीजों को लेकर मामला कोर्ट में जाता, तब जज इस टेंडर वोट के आधार पर भी निर्णय दे सकते हैं।

## एक नजर

### अश्लील नृत्य पर दर्ज हुआ मुकदमा, एक गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : सुबेहा के बूढ़ीमेर टिकरहुआ अधिवक्ता राजेश कुमार तिवारी के दरवाजे पर नर्तकियों के साथ अश्लील नृत्य करने का मामला प्रकाश में आया है। शोमिल शुक्ला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### हॉकी खिलाड़ियों का चयन 12 को

**बाराबंकी, अमृत विचार** : 17 से 22 फरवरी के बीच गोरखपुर में राज्यस्तरीय हाकी प्रतियोगिता होगी। इसे लेकर जिला और मंडलस्तर पर बालक वर्ग के खिलाड़ियों का ट्रॉयल चयन 12 फरवरी को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में तो 14 फरवरी को मंडलस्तरीय चयन की प्रक्रिया होगी।



फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में रिदांश प्रथम, शिवांश को मिला दूसरा स्थान

**बाराबंकी, अमृत विचार** : गुरुकुल अकादमी सीनियर सेकेंड्री स्कूल में प्री प्राइमरी वर्ग के छात्र-छात्राओं की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रशासक मंदीप सिंह व अभिभावकों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। बाल मनुहार को चरितार्थ करते हुए बच्चे विभिन्न महापुरुषों के रंग बिरंगे परिधानों में नजर आए। प्रतियोगिता के समापन पर निर्णायक मंडल के अनुमोदन पर प्रधानाचार्य आरपी सिंह ने रिदांश पटेल को हनुमान जी की वेशभूषा में प्रथम, शिवांश पटेल को योगी आदित्यनाथ की वेशभूषा में द्वितीय तथा अबीहा शेख को डॉक्टर की वेशभूषा में तृतीय पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रबधंक हरपाल सिंह समेत शिक्षक, शिक्षिकाएं व अभिभावक आदि मौजूद रहे।

# रामनगर से नहीं गुजरेगा हाईवे, बनेगा बाईपास

**निर्णय**

- संजय सेतु व एल्गिन ब्रिज के बीच बनेगा तीन सौ करोड़ की लागत से एक और पुल

विवेक शुक्ला, रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार** : बाराबंकी-बहराइच हाईवे एनएच 27 व सरयू नदी पर नए पुल का निर्माण 28 सौ करोड़ की लागत से एनएचएआई द्वारा कराया जाएगा। लोधेश्वर महादेवा आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ व जनहित के मद्देनजर को देखते हुए यह हाईवे बुढ़वल चौराहा रामनगर से नहीं गुजरेगा। इसके लिए बाईपास का निर्माण कराया जायेगा।




बहराइच मार्ग का सांकेतिक चित्र।

यह हाईवे ग्राम साधारणपुर के पास से मोड़कर बिछलखा, भरसवा मोड़ से ले जाकर नचना के पास जोड़ दिया जायेगा । इस हाईवे की जद में आने वाले किसानों की भूमि का चिह्नांकन व अधिग्रहण का कार्य मार्च से शुरू किया जाएगा। इसकी रूपरेखा तैयार करने में संबंधित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी जुट गए हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-27 को फोर लाइन बनाने का निर्णय लिया है। 740 करोड़ रुपए की लागत में बाराबंकी से जरवल तक फोरलेन हाईवे बनाया जाएगा। इसमे सरयू नदी पर करीब 300 करोड़ रुपए की लागत से नए पुल का भी निर्माण संजय सेतु के बाई ओर कराया जाएगा।

इस संबंध में एनएचएआई के अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग 2800 करोड़ की लागत से बनवाया जएग। इसमें 300 करोड़ से सरयू नदी पर पुल भी बनाया जाएगा। लोधेश्वर महादेव के मेलो में होने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ व जनहित को देखते हुए इस हाईवे को ग्राम साधारणपुर के पास से मोड़कर ग्राम बिछलखा से होकर भरसवां से लाकर नचना के पास पुनः हाईवे में जोड़ दिया जाएगा।

# लखनऊ के बदमाशों ने की थी सीतापुर के सराफ से लूट

## बड्डूपुर थाना क्षेत्र में बीती 29 जनवरी को हुई थी वारदात, दो गिरफ्तार, एक की तलाश

**कार्रवाई**

- बदमाशों के पास से लूट का माल पुलिस ने किया बरामद
- वारदात में प्रयुक्त बाइक, कार व एक तमंचा भी मिला

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार** : बड्डूपुर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों ज्वेंलर्स के साथ हुई लूट का पुलिस ने शुक्रवार को पर्दाफाश कर दिया। इस मामले में लूट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से लूट का माल भी बरामद किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीवी सिन्हा ने बताया कि बीती 29 जनवरी को प्रान्जुल सिंह निवासी मोहल्ला बेलदारी टोला थाना महमूदाबाद, सीतापुर ने बड्डूपुर थाने पर सूचना दी कि शाम को उनके पिता नरेन्द्र सिंह थाना बड्डूपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित अपनी ज्वैलरी की दुकान बन्द करके बाइक से बैग में सोने-चांदी के आभूषण लेकर घर वापस आ रहे थे। तभी डफरपुर चौराहे के पास दो अज्ञात व्यक्तियों ने पिता की बाइक को गिरा दिया एवं उनके साथ मारपीट करके आभूषण से भरा बैग छीनकर भाग गये।

उन्होंने बताया कि इस मामले में स्वाट और सर्विलांस टीम ने कल्लन उर्फ विजय पाल, झबरा उर्फ आनन्द मौर्या निवासी कैबिनेटगंज, बंदरियाबाग गेट नम्बर-212 थाना गौतमपल्ली लखनऊ को काजीबेहटा पुल से गिरफ्तार किया गया। बदमाशों के कब्जे से 610 ग्राम सफेद धातु के जेवर, 2910रुपये की नकदी, घटना में प्रयुक्त बाइक व इण्डिगो कार तथा एक तमंचा .12 बोर व दो जिन्दा कारतूस बरामद किये गये।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों का एक गैंग है जो लूट की वारदातों को अंजाम देता है। गिरफ्तार आरोपी एक साथ लखनऊ में दिहाड़ी का काम करते हैं। उसी दौरान गिरफ्तार आरोपियों की जान-पहचान ओपी उर्फ ओम प्रकाश रावत व नरेन्द्र लोनिया से हो गयी। नरेन्द्र लोनिया ने उन्हें बताया कि उसके यहां मनोज उर्फ नरेन्द्र सिंह थाना बड्डूपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित अपनी ज्वैलरी की दुकान को बन्द कर आभूषण लेकर प्रतिदिन घर आता-जाता है। आरोपियों ने आपस में साजिश रची कि जिस दिन मनोज मोटर साइकिल से महमूदाबाद से बड्डूपुर आयेगा उस दिन नरेन्द्र लोनिया और ओपी उर्फ ओमप्रकाश बाइक से आएंगे। योजनाबद्ध तरीके से नरेन्द्र लोनिया और ओपी उर्फ ओमप्रकाश, कल्लन उर्फ विजय पाल, झबरा उर्फ आनन्द मौर्या कार से बड्डूपुर आये और शाम को जब मनोज दुकान बन्द कर बैग लेकर मोटरसाइकिल से जा रहे थे तो डफरपुर चौराहे के पास सुनसान जगह पर नरेन्द्र लोनिया व ओपी उर्फ ओमप्रकाश ने मनोज की मोटरसाइकिल में लात मारकर गिरा दिया तथा आरोपियों ने मार-पीट कर मनोज से जेवरों का बैग छीन लिया। इस मामले में कल्लन और झबरा को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि ओमप्रकाश की तलाश की जा रही है।

### चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार** : सतरिख क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को चोरी के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनके पास से चोरी का एक पम्पिंग सेट मय इंजन, घटना में प्रयुक्त एक बाइक व 4,500 रुपये नकद एवं दो तमंचा मय कारतूस बरामद किये गये हैं। पुलिस के मुताबिक चोरी के आरोप में शुक्रवार को राजकुमार, दीपक रावत, शिवम यादव उर्फ श्यामू निवासीगण गाल्हामऊ थाना सतरिख व अजय कुमार रावत निवासी बरौली जाटा थाना सतरिख को भनौली नहर पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरापियों ने थाना सतरिख क्षेत्रान्तर्गत मंजीठा नाग देवता मन्दिर के पास से पम्पिंग सेट मय इंजन चोरी करना स्वीकार किया है। इन आरोपियों पर पहले से भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### अराजक तत्वों पर रहेगी पैनी निगाह

**देवा ,बाराबंकी, अमृत विचार:** आगामी लोक सभा चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर शुक्रवार को देवा कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई जिसमें लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर बीनू सिंह ने कहा कि अराजक तत्व कुछ भी गलत करने से पहले सोच लें। चुनाव में पैरामिलिट्री फोर्स किसी की नहीं सुनती उनको अपने खोखे का डिटेल नहीं देना होता है। उपजिलाधिकारी नवाबगंज विजय कुमार त्रिवेदी ने कहा कि सभी लोग अपनी सोच अच्छी रखें पुलिस व प्रशासन आपकी सुरक्षा को लेकर सतर्क है। त्योहार व चुनाव को लेकर सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि साइबर सेल पूरी तरह एक्टिव है। कोई भी गलत मैसेज लिखने वाला उतना ही दोषी होता है जितना फॉरवर्ड करने वाला इसलिए किसी प्रकार के विवादित मैसेज को फॉरवर्ड न करें। किसी प्रकार की समस्या हो तो तुरंत पुलिस के पास आएं पूरी मदद होगी। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर एसपीओ की नियुक्ति जल्द ही कराई जाएगी। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे, अतिरिक्त निरीक्षक मुस्तकीम अहमद, मनोज कुमार सोनकर, एसआई कृष्ण देव सिंह, उदयप्रताप सिंह मौजूद रहे।

# आशा संगिनी व आशाएं सम्मानित

**कार्यक्रम**

मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार** : सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ागांव में आशा एवं आशा संगिनी सम्मेलन को मनाया गया। इसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं एवं आशा संगिनीयों को सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार ने प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आशा सम्मेलन का उद्देश्य समुदाय में आशाओं की भूमिका को सुदृढ़ करके सरकार की योजनाओं को जनहित तक पहुंचाना है, क्योंकि स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक समुदाय को प्रेरित करने में उनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। इस मौके पर एचईओ आशाराम,चांदनी वर्मा , डॉ प्रीती, डॉ मनोज वर्मा, पुनीत खरे, जगप्रसाद आदि भी उपस्थिति रहे।



आशा संगिनी को सम्मानित करते सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार।

### श्री अन्न पकवान प्रतियोगिता 15 को

**बाराबंकी, अमृत विचार:** उप्र मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत मिलेट्स रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम एवं स्कूल कैरीकुलम के माध्यम से अध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 फरवरी को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रातः 110 बजे से होगा। इसके अन्तर्गत मिलेट्स रेसिपी (श्रीअन्न) पकवान प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में श्रीअन्न आधारित मिष्ठान्न, श्रीअन्न आधारित भोजन शामिल किया जाएगा।

### भंडारे के साथ श्री राम कथा का समापन

**निन्दूरा,बाराबंकी, अमृत विचार:** क्षेत्र के सैदर स्थित बेहड गांव में चले रहे पांच दिवसीय श्री राम कथा के समापन पर कन्या भोज व भंडारे का आयोजन हुआ। अंतिम दिन कथा व्यास द्वारिका नंद ने कथा के माध्यम से बताया कि प्रभु श्री राम ने शबरी का उद्धार किया। शबरी दंडकारण्य वन में पहुंचीं और वहां मातंग ऋषि की सेवा करने लगी। एक दिन शबरी की सेवा भावना देखकर मुनिवर अत्यंत प्रसन्न हुए और उन्होंने अपने आश्रम में शबरी को शरण दे दी। उन्होंने मातंग ऋषि से ही धर्म और शास्त्र का ज्ञान प्राप्त किया। आयोजक बिंद्रा प्रसाद, राम सजीवन, रघुराज, जगजीवन, वीरेंद्र सहित बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु मौजूद रहे।



राम कथा सुनाते द्वारिकानंद।

### भाकियू ने की पीपा पुल के निर्माण की मांग

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक तहसील परिसर में तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह की अध्यक्षता व ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव के संचालन में संपन्न हुई।

तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि त्रिवेदीगंज ब्लॉक के अंतर्गत नेरा कबूलपुर में एक कंपनी द्वारा किसानों की जमीन की आड़ में सरकारी जमीन पर बाउंड्री वाल उठायी जा रही है। जिसे हटवाया जाए, ग्राम पंचायत चकोरा में सिंगागढ़ अमौनी घाट पर पीपा के पुल की मांग को लेकर 26 दिन तक चले अनिश्चितकालीन धरना में छह प्लांट टोन भेज कर प्रशासन ने यह आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया कि एक महीने के अंदर पीपा के पुल का निर्माण कर दिया जाएगा जबकि आज तक पीपे के पुल का निर्माण नहीं कराया गया यदि समय रहते हुए समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 20 फरवरी को एसडीएम को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में फूल चंद्र, सचिन, शिव सिंह समेत कई पदाधिकारी थे।

# हल्द्वानी की घटना को लेकर अलर्ट मोड में रहा पुलिस प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी कांड को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में रही। गुरुवार रात में धार्मिक स्थलों पर पुलिस की कड़ी निगरानी रही। वहीं, शुक्रवार को जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस टीम भ्रमण करके सुरक्षा का जायजा लेती रही। जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गयी।

पिछले हफ्ते ज्ञानवापी परिसर वाराणसी के संबंध में कोर्ट के फैसले के साथ ही उत्तराखंड प्रांत के हल्द्वानी जिले में हुई घटना के बाद जनपद की पुलिस अलर्ट मोड में थी। शुक्रवार को भोर में जिले के सभी थानों की पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण किया और धार्मिक स्थलों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था को देखा। वहीं, दोपहर में जुमा नमाज को देखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस भ्रमण करती रही। सर्किल के सीओ और थानाध्यक्ष पल-पल की गतिविधियों की जानकारी लेते रहे। फिलहाल पूरे जनपद में शांति व्यवस्था कायम रही। इस संबंध में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर सभी थानों को अलर्ट किया गया था। उन्हें क्षेत्र का भ्रमण करके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था कायम करने के लिए निर्देशित किया गया था। देवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्बा देवा के मजार परिसर, कौमी एकता गेट सहित क्षेत्र के कुरखिला, पींड, सिपहिया, खेवली, मित्तई, विशुनपुर, उदवतपुर, माती आदि जगहों पर करीब दो दर्जन से अधिक मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। नमाज को सकुशल संपन्न करने के उद्देश्य से देवा पुलिस द्वारा देवा क्षेत्र को 8 सेक्टरों में बांटकर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी और कस्बा सहित संपूर्ण क्षेत्र में भ्रमण करने के लिए पुलिस की दो टीमें लगाई गई थी। वहीं सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के कस्बा बदोसरांय, मरकामऊ, किन्तूर, मेलारायगंज, सहित विभिन्न मुस्लिम बहुल इलाके की 25 मस्जिदों के बाहर नमाज के दौरान पुलिस तैनात की गई। थानाध्यक्ष बदोसरांय प्रफुल्ल यादव ने बताया कि शान्ति सुरक्षा को लेकर मस्जिदों के बाहर नमाज के समय पुलिस तैनात की गई थी। इसी तरह नगर पंचायत राम सनेही घाट के सुमेरगंज कस्बा सहित क्षेत्र के भुड़ेहरी में जुमे की नमाज को लेकर कोतवाली पुलिस द्वारा बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती मस्जिदों के आसपास की गई थी। रामनगर तहसील क्षेत्र में भी जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा हुई। एसडीम पवन कुमार, सीओ आलोक पाठक, थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय भारी पुलिस बल के साथ पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। वहीं कुर्सी थाना कोतवाली प्रभारी जगदीश प्रसाद शुक्ल के नेतृत्व में विभिन्न कस्बा मस्जिदों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के दौरान मौजूद रहे ।

बड्डूपुर थाना प्रभारी ज्योति वर्मा के नेतृत्व में नमाज अदा कराई गई। वहीं घुंघटेर थानाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में बाबागंज से क्षेत्र से लेकर कई गांव में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में जुमे की नमाज को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन चौकन्ना रहा।





नमाज के दौरान शहर की एक मस्जिद में नमाजियों से चर्चा करते डीएम व एसपी और और सतर्क पुलिस बल। अमृत विचार


## अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

पहले मेरा नाम ABRAR AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम HAFIZ ABRAR AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: MURAD ALI R/O 319-A,TARINPUR, POST SITAPUR PS -KOTWALI CITY, SITAPUR**

**सूचना**

पहले मेरा नाम JAHIR AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम ZAHEER AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: MOHD SHAMIM R/O: 1183, HANSWAR POST HANSWAR, AMBEDKAR NAGAR**

**सूचना**

मैंने अपना नाम जिन्नत बीबी से बदलकर जिन्नत रख लिया है। अब मुझे जिन्नत के नाम से जाना पहचाना जाते। **जिन्नत पत्नी निजामुद्दीन निवासी ग्राम पोस्ट – क्रिया, तहसील मौदहा, जिला हमीरपुर।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं **मो. इसरार पुत्र मो. आरिफ नि. ग्राम जेठू मवई पो. धनीजलालपुर थाना व तह. गौरीगंज जनपद अमेठी** का निवासी हूं मेरे पिता मो. आरिफ पुत्र वली मोहम्मद 21.5. 2015 को बहराइच मेले से गायब हो गए थे काफी खोजबीन के बाद भी उनका आज तक कहीं पता नहीं चल सका है।

**आवश्यकता है**

**ज्वाला देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)**
**(सम्बद्ध प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ.प्र.)**
**में बी.काम में अध्यापन हेतु 03 शिक्षकों की आवश्यकता है।**
योग्यता– उपरोक्त पदों पर यू.जी.सी./उ.प्र.शासन द्वारा निर्धारित योग्यतानुसार।
नोट– इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रावली के साथ विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अन्दर सम्पर्क कर सकते हैं।
वेतनमान – उ.प्र.शासन/यूजीसी के मानकानुसार देय होगा।
प्राचार्य- 8765312453,9532071072

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम नवेन्दु कुमार से बदलकर नवेन्दु कुमार शुक्ला रख लिया है। भविष्य में मुझे नवेन्दु कुमार शुक्ला के नाम से जाना जाये। **–नवेन्दु कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 गणेश शुक्ला, निवासी ओ–116 केशवपुरम आवास विकास–1, कल्यानपुर कानपुर नगर उत्तर प्रदेश–208017**

**सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री दिनेश चंद्र वैश्य पुत्र लालता प्रसाद वैश्य निवासी 3/300 विशाल खंड, गोमतीनगर लखनऊ ने मूल दस्तावेज यानी आवंटन पत्र और फ्री होल्ड डीड दिनांक 19/08/1997, पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 1816, पृष्ठ 71/82 क्रमांक 7318/97 सब रजिस्ट्रार लखनऊ में पंजीकृत जो कि खो गयी है। यह दस्तावेज़ 3/300 विशाल खंड गोमतीनगर लखनऊ के घर का है, यह संपत्ति वर्तमान में विशेष रूप से मेरे ग्राहक के स्वामित्व में है, यदि किसी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का अधिकार, शीर्षक, ब्याज का दावा, शेयर आदि है तो कृपया 7 दिनों के भीतर इसे सूचित करें। **सी.के. लीगल एसोसिएट्स लखनऊ 0522–4077776 पर या एक्सिस बैंक लिमिटेड** पर संपर्क करें अन्यथा इसे अमान्य माना जाएगा।

**आवश्यकता है**

1– प्राचार्य 15 वर्ष शिक्षण अवधि व पीएचडी उपाधि, 2– विज्ञान संकाय गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एंव पर्यावरण विज्ञान मे 2–2 प्रवक्ता, 3– कला संकाय हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, चित्रकला, उर्दू, मध्यकालीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, दर्शन विज्ञान एंव व्यवसायिक शिक्षा (कौशल विकास) व शारीरिक शिक्षा के 2–2 प्रवक्ता, 4– स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिये हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल एंव शिक्षाशास्त्र मे 3–3 प्रवक्ता, 5– यह रिक्ति स्वावित्त योजना के अंतर्गत स्नातक एंव स्नातकोत्तर कक्षाओं मे पढ़ाने के लिये यूजीसी मानक के अनुसार प्रवक्ता पद के लिये पीएचडी व नेट उत्तीर्ण अर्ह अभ्यर्थी, 6– एक योग्य पुस्तकालयाध्यक्ष, 5 लिपिक, 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर स्नातक, 5 चपरासी व कक्षा 8 पास सफाई कर्मी। नोटः– इच्छुक अभ्यर्थी सूचना प्रकाशन के 15 दिनो के भीतर पंजीकृत डाक अथवा वाहक द्वारा शैक्षिक प्रमाण पत्र महाविद्यालय मे करा सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि अभ्यर्थी को सूचित की जायेगी।

**प्रबंधकः– श्रीमती सरोज**
**बुधनी देवी स्मारक महाविद्यालय**
**शास्त्रीनगर रिसिया बहराइच 271875**
**मो. नं. 9919751551, 8004972161**


**रात्रि प्रवास** रामनगर ब्लाक प्रमुख ने शेखपुर अलीपुर की ग्राम पंचायत कविरापुर में ग्रामीणों को दी जानकारी

# समाज के सभी वर्गों को मिल रहा योजनाओं का लाभ : संजय

रामनगर,बाराबंकी

**अमृत विचार :** मोदी और योगी के नेतृत्व में रामराज्य की परिकल्पना साकार हो रही है। भाजपा सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा कोई भी योजना जाति धर्म और मजहब के आधार पर लागू नहीं की गई है।

उक्त बातें रामनगर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने रात्रि प्रवास कार्यक्रम के तहत शेखपुर अलीपुर ग्राम पंचायत के कविरापुर में ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहीं।

उन्होंन आगे कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने गांव गरीब का जो सपना देखा था वह पूरी तरह से सरकार हो रहा है। सभी पात्रों को योजनाओं का लाभ देने का काम किया गया है। 80 करोड़ से अधिक लोगों को निशुल्क राशन देने के साथ ही किसान सम्मन निधि नौजवानों को रोजगार सहित तमाम कीर्तिमान स्थापित किए गए। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष मनोज कुमार, नंद किशोर, हरिश्चंद्र समेत कई भाजपाई मौजूद रहे।



रात्रि प्रवास के दौरान ग्रामीणों के साथ ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी।

### भाजपा में शामिल हैदरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष का व्यापारियों ने किया स्वागत

**हैदरगढ़,बाराबंकी :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी द्वारा भारतीय जनता पार्टी में शामिल किए गए नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी के स्वागत का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को नगर पंचायत के सभागार में अखिल उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद शुक्ला एवं युवा उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी द्वारा आयोजित समारोह में व्यापारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों द्वारा श्री तिवारी का फूल मालाओं और बुके से स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि दिये गए मान सम्मान को कभी भुला नहीं सकेंगे और व्यापारी हितों के लिए हर संभव काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें पार्टी के प्रदेश कार्यलय पर बुलाकर भाजपा में शामिल करने के साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जो जिम्मेदारी सौंपी है। पूरा विश्वास है कि आप लोगों के सहयोग से नगर क्षेत्र में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने में पूरी सफलता मिलेगी। इस मौके पर व्यापार संगठन के महामंत्री जानू मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि सैनी, उपाध्यक्ष नितिन सोनी, शिवम, विकास, युसूफ खान, बबलू, जुबेर, संतोष, संजय, सभासद विपिन, सूरज, गोलू राइन समेत कई लोग उपस्थित रहे।



नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी का स्वागत करते व्यापारी।

## बुनियादी भाषा एवं गणितीय दक्षता-प्रशिक्षण का दूसरा चक्र आरम्भ

नसीराबाद, रायबरेली

अमृत विचार : छतोह स्थित ब्लॉक संसाधन केन्द्र में शुक्रवार से शिक्षकों और शिक्षा मित्रों के चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चक्र प्रारम्भ हुआ, जिसमें दो कक्षों में 50-50 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने प्रशिक्षण के पहले दिन शिक्षकों से संदर्शिका आधारित शिक्षण करके छात्रों को कक्षागत दक्षताओं में निपुण बनाने हेतु कड़ी मेहनत करने की अपील की। सभी को सकारात्मक सोच और नवाचार के लिए प्रेरित किया। एआरपी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, अवधेश सिंह, राजर्षि राय शुक्ल, अशफाक अहमद चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण में शिक्षकों को कक्षा 1 से 3 तक भाषा एवं गणित विषय की शिक्षण संदर्शिका, शिक्षण चक्र, साप्ताहिक एवं वार्षिक शिक्षण उद्देश्य, समेकन, आकलन और पुनरावृत्ति की समझ स्पष्ट करेंगे। कक्षा 4 और 5 में संचालित एफएलएन शिक्षण में एडवांस और बेसिक स्तर पर शिक्षण रणनीति पर चर्चा की जायेगी। प्रशिक्षण में ब्लॉक के प्राथमिक स्तर के 250 शिक्षक, शिक्षा मित्रों को प्रशिक्षित किया जाना है, जिनमें से 100 को प्रथम चक्र में प्रशिक्षित किया जा चुका है।

# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

**ऊंचाहार, डलमऊ, सरेनी क्षेत्र के गंगा घाटों पर तड़के से ही गूंजने लगे जयकारे**

संवाददाता, रायबरेली


ऊंचाहार क्षेत्र में मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु।

अमृत विचार। मौनी अमावस्या पर जिले के गंगा घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। गेगासो, डलमऊ, गोकना, पूरे तीर सहित कई घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। ठंड बावजूद गंगा स्नान के लिए दूर दराज के क्षेत्रों से लोग स्नान दान करने गंगा घाट पर पहुंचे। स्नान के बाद पूजा-अर्चना कर अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

ऊंचाहार के गोकना घाट, तीर का पुरवा आदि घाटों पर प्रातः तीन बजे से ही गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे। जैसे-जैसे सुबह होता गया घाट पर भीड़ बढ़ती गई। स्नान के बाद तट पर मौजूद गरीबों के बीच चावल और तिल का वितरण किया। यहां पर रायबरेली के अलावा सुल्तानपुर, अमेठी, प्रतापगढ़ जनपद से श्रद्धालु भी पहुंचे। गेगासो गंगा घाट पर जिले के लालगंज, खीरों, गुरुबक्स गंज के अलावा उन्नाव और फतेहपुर जनपद से से लोग आए।

### सर्दी का श्रद्धालुओं पर नहीं दिखा असर

सरेनी, रायबरेली : मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को गेगासो, शिवपुरी व रालपुर गंगा घाटों पर दूरदराज से पहुंचे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। सर्दी के बावजूद उनका उत्साह कम नहीं रहा। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की व जरूरतमंदों व तीर्थपुरोहितों को दान दिया। पतित पावनी गंगा घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने स्नान दान कर गंगा आरती भी की।

### स्नान के बाद शिवालयों में किया जलाभिषेक

डलमऊ, रायबरेली : डलमऊ के विभिन्न गंगा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने प्रातः काल से ही गंगा मैया के जयकारों के साथ आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद गंगा तट के किनारे स्थित मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना की। किला घाट, सड़क घाट, रानी शिवाला घाट, वीआईपी घाट, संकट मोचन घाट, पक्का घाट, पथवारी घाट आदि में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। इस बार अद्भुत संयोग है कि मौनी अमावस्या शनिवार को पड़ रही है, जिससे शनिश्चरा अमावस्या भी कहा जाता है।

# पेड़ से लटकता मिला प्रेमी युगल का शव

**मृतक शादीशुदा होने के कारण परिजन कर रहे थे विरोध**

अमावां, रायबरेली


मृतक राजकुमार


मृतका नैंसी


रोते बिलखते परिवारीजन। अमृत विचार

अमृत विचार : मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की सुबह प्रेमी युगल का शव पेड़ से लटकता मिला। परिजन आत्महत्या करने की बात कह रहे हैं। मृतक विवाहित था। उसके बच्चे भी हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र के बैलीगंज मजरे ताजपुर गांव की है। सुबह करीब 9:15 बजे गांव के कुछ लोगों ने पेड़ पर शव लटकता देख। नजदीक जाने पर पता चला कि वह गांव का ही राजकुमार (26) पुत्र राम प्रसाद और नैंसी पुत्री संजय हैं। दोनों के बीच कई सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतक राजकुमार की पत्नी के अलावा तीन बच्चे होने के कारण परिजनों के अलावा ग्रामीणों का प्रेम प्रसंग को लेकर विरोध चल रहा था। बताते हैं कि इसी विरोध के चलते बीती 25 जनवरी को नैंसी को परिजनों ने कानपुर भेज दिया था। गुरुवार सुबह गांव पहुंची नैंसी (22) और राजकुमार ने गांव से बाहर बाग में पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

सुबह बाग की तरफ गए लोगों की नजर पेड़ से लटकते शवों पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। कुछ ही मिनट में खबर क्षेत्र में फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को उतरवा कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक नवीन सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों से पूछताछ की। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया प्रथम दृष्टया की गई जांच के दौरान पता चला है कि दोनों में काफी लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने आत्महत्या कर ली।

शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेजा गया है। छानबीन जारी है। आनर कीलिंग जैसा कुछ तथ्य सामने नहीं आया है।

# दुष्कर्मी को 10 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार: पॉक्सो कोर्ट ने जगतपुर थाना क्षेत्र में 10 वर्षीय बालिका से हुए दुष्कर्म के एक मामले में दोषसिद्ध होने पर आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने 15 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित पॉक्सो कोर्ट संख्या दो के अपर सत्र न्यायाधीश विद्या भूषण पांडेय ने शुक्रवार को सुनाया।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) बब्बन कुमार त्रिपाठी, अशोक कुमार त्रिवेदी व वीरेंद्र कुमार मिश्र के मुताबिक मामले की रिपोर्ट पीड़िता की मां ने थाना जगतपुर में दर्ज कराई थी।रिपोर्ट के अनुसार 23 मई 2013 की शाम करीब पांच बजे वादिनी की 10 वर्षीया बेटी जानवर चराकर घर आ रही थी।इसी दौरान चंदन उसका हाथ पकड़ कर खींच ले गया।

पुलिस ने विवेचना के बाद जगतपुर थाना क्षेत्र के भटपुरवा निवासी चंदन के खिलाफ दुष्कर्म, छेड़छाड़ आदि धाराओं में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की।दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को सजा सुनाई। कोर्ट ने अर्थदंड जमा होने पर संपूर्ण राशि पीड़िता या उसके संरक्षक को देने का भी निर्देश दिया है।

# संभावित प्रत्याशी के रूप में तैयारी कर रहे सत्यप्रकाश

डलमऊ, रायबरेली



भाजपा नेता सत्य प्रकाश पांडेय का स्वागत करते अधिवक्ता

अमृत विचार : तहसील सभागार में एडवोकेट व रायबरेली लोकसभा सीट से संभावित प्रत्याशी के रूप में तैयारी कर रहे सत्य प्रकाश पांडे ने अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया। आगामी चुनाव में समर्थन देने की बात कही है। इस समय लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर है।

भाजपा से विभिन्न संभावित उम्मीदवार अपनी अपनी दावेदारी के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं और जनता के बीच पहुंचकर सरकार की व अपनी बात रख रहे हैं। ऐसे ही रायबरेली से सत्य प्रकाश पांडे ने शुक्रवार को डलमऊ तहसील सभागार पहुंचकर अधिवक्ताओं से मुलाकात की। पेशे से अधिवक्ता रहे सत्य प्रकाश पांडे ने कहा कि वह आगामी लोकसभा में भाजपा के उम्मीदवार के रूप में रायबरेली से चुनाव लड़ सकते हैं। कार्यक्रम में तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर, अशोक सिंह, राजीव कुमार सहित सभी अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि उनका रायबरेली से पुराना नाता रहा है। राजा डल की नगरी डलमऊ में वह कई बार विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल भी हो चुके हैं। इस मौके पर बचोले मिश्रा, एडवोकेट संजय श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, कृष्ण त्रिपाठी, पवन त्रिपाठी, बउवा मिश्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी शंकर ने किया।

# रेलवे ने बंद किया गेट, आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर किया हंगामा

ऊंचाहार, रायबरेली


रेलवे गेट बंद करने के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

अमृत विचार : प्रयागराज-ऊंचाहार रेलखंड में क्षेत्र के गांव रजपाल का पुरवा के पास बने रेलवे गेट को रेलवे विभाग ने स्थाई रूप से बंद कर दिया, जिससे दर्जनों गांव का आवागमन प्रभावित हो गया है। गेट बंद होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को प्रदर्शन करके जमकर हंगामा किया। साथ ही रेलवे के अधिकारियों को ज्ञापन भेजा है।

ऊंचाहार-प्रयागराज रेल खंड में क्षेत्र के अरखा गांव के सामने स्थित रजपाल का पुरवा के पास रेलवे गेट बना हुआ था। कई दशक से इस रेलवे गेट से आसपास के दर्जनों गांव के हजारों लोगों का आवागमन होता रहा है। अब रेलवे विभाग ने इस गेट पर दोनो ओर खंभा लगाकर आवागमन को रोक दिया। जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए। शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य राम खेलावन मौर्य के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण रेलवे गेट पर पहुंचे और रेलवे अधिकारियों के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए काफी समय तक हंगामा किया।

ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि रेलवे गेट नहीं खोला गया तो हजारों ग्रामीण लखनऊ पहुंचकर सीएम आवास के सामने प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर गौरी शंकर, प्रमोद कुमार, नागेंद्र यादव, अतुल कुमार, रिंकू सिंह, विमलेश कुमार, राम खेलावन, पप्पू, अखिलेश कुमार, विजयपाल, अमरनाथ आदि मौजूद रहे।

## मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रा ने बढ़ाया गौरव

जगतपुर, रायबरेली : ब्लॉक और जिला स्तरीय के बाद मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय की एक छात्रा ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। प्राथमिक विद्यालय छीछेमऊ में की छात्रा रीना यादव ब्लॉक स्तरीय और जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में तो नाम रोशन ही किया था। इसके बाद मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सीतापुर में किया गया, जहां पर प्राथमिक बालिका वर्ग के 100 मीटर दौड़ में मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्राम प्रधान राधा सोनी सहित शिक्षकों ने खुशी जताई है। कहा कि बिटिया ने जनपद का नाम रोशन किया है।

# सर्वर फेल होने से किसानों को नहीं मिल पा रही तहसील में खतौनी

संवाददाता, रायबरेली


सदर तहसील कार्यालय। अमृत विचार

अमृत विचार : सदर तहसील में कई दिनों से सर्वर की समस्या होने की वजह से किसानों की खतौनियां नहीं मिल पा रही है। जिसकी वजह से राजस्व की तो क्षति हो ही रही है। वही दूर दराज क्षेत्र से आने वाले ग्रामीणों और किसानों को घंटों इंतजार करने के बाद भी निराश होकर लौटना पड़ रहा है। शुक्रवार को तहसील में खतौनी जारी करने के लिए बनाए गए काउंटर पर पर सैकड़ो जरूरतमंद इंतजार करने के बाद वापस लौट गए।

तहसील क्षेत्र के गांवों के लोग खेतीबारी के समय फसली ऋण, गांवो में चकबंदी होने, जमीन के सड़कों पर जाने तथा बैंकों से ऋण प्राप्त करने के लिए जरूरी कागजात के रूप में खतौनी की नकल के लिए तहसील मुख्यालय स्थित भूलेख कंप्यूटर कक्ष का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। राही ब्लाक के गुलाब का पुरवा निवासी किसान सुरेन्द्र, राजापुर निवासी दिनेश, हरचन्दपुर के हिडइन निवासी सचिन, तुषार, डिघौरा निवासी राघवेंद्र, रविकांत आदि खतौनी के लिए तहसील के चक्कर लगा रहे है।

लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें खतौनी नही मिल पाई।

# प्रेम ही जीवन का सबसे बड़ा आधार

**संत निरंकारी सत्संग भवन में महिलाओं के सत्संग का आयोजन**

जगतपुर, रायबरेली

अमृत विचार : संत निरंकारी सत्संग भवन में महिलाओं के सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें दूरदराज से आई महिलाओं ने सत्संग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अध्यक्षता मीरा दीक्षित ने करते हुए कहा कि सतगुरु ने एक प्रभु परमात्मा का ज्ञान देकर एक गृहस्थ जीवन में रहकर के भक्ति करने की प्रेरणा दी है। एक प्रेम का ही जीवन में आधार बनाना है। उन्होंने कहा कि अगर हमारे मनों में सभी के लिए प्रेम है तो रिश्तो में भी प्रेम बना रहेगा। कम रूप से या स्वभाव रूप में भले ही सभी एक जैसे नहीं होते, लेकिन अगर हमारे मन में प्रेम है और इस प्रभु परमात्मा का हिसाब हमारे जीवन में बना है। मालिक से सारी दुनिया रोशन है। सभी में इसी का नूर समय हुआ है, तो हम सभी से प्रेम कर पाएंगे और अपने जीवन को सद्गुणों से संवर पाएंगे। एक दूसरे के लिए मन में आधार और सम्मान के भाव रखना है। एक दूसरे की सेवा के लिए भी समर्पित रहना है। यह प्रभु परमात्मा जब घट घट वासी हैं। सभी में इसी का नूर है। रिश्ते में चाहे वह भाई हो पिता, बहन, माता या कोई अन्य रिश्ते हो संत जन एक प्रभु परमात्मा कहीं रूप समझ समझ कर सभी के लिए समर्पित रहते हैं। एक सुंदर पारिवारिक जीवन गृहस्थ में रहकर के जीते हैं। समाज को यही प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर उषा, कमला, रामप्यारी, वंदना, पूनम, बबिता, आशा, रेखा आदि महिला साथ संगत मौजूद रही।

# भंडारे में हजारों भक्तों ने छका प्रसाद

नसीराबाद, रायबरेली: श्रीमद् भागवत कथा के बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। छतोह ब्लॉक के ग्राम बभन पुर पूरे रामदत्त दुबे में पंडित भवानी प्रसाद द्विवेदी और उनकी धर्मपत्नी शकुंतला द्विवेदी द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में 31 जनवरी से 07 फरवरी तक वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास जगन्नाथ आचार्य ने भगवान श्री कृष्ण की भक्ति रस से सराबोर कथा सुनाई। विद्वान कथावाचक के प्रवचन के अलावा भजनों की संगीतमई प्रस्तुति और विभिन्न झांकियों ने श्रद्धालु श्रोताओं के मन में अमिट छाप छोड़ी। हवन पूजन के बाद संपन्न हुए विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए दूर-दूर तक श्रद्धालु पहुंचे। परिवर्तित होती मनोहर ऋतु में नई ऊर्जा और उमंग के साथ परिजनों, सगे संबंधियों और गांव वासियों ने ब्राह्मण भोज और प्रसाद ग्रहण करने आए। देवी प्रसाद द्विवेदी, माता प्रसाद द्विवेदी, अशोक द्विवेदी, यज्ञ नारायण द्विवेदी, उमापति त्रिपाठी, अरुण कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

**लापरवाही** भारत सरकार के स्वच्छता मिशन को अनदेखी कर रहे हैं सफाई कर्मचारी

# गंदे पानी से गुजर रहे श्रद्धालुओं में आक्रोश

लालगंज, रायबरेली


मां संकटा धाम मंदिर।

अमृत विचार : माघी अमावस्या पर ठंड में गंगा स्नान कर जहां श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई, वही माता संकटा देवी का दर्शन पूजन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। हालांकि श्रद्धालुओं ने मां गंगा के आंचल में गिर रहे गंदे पानी के प्रति नाराजगी भी जताई। कहा कि जहां एक तरफ देखा जाए तो सरकार की ओर से मंदिरों की साफ-सफाई व रखरखाव को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं।

वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिर जैसे पवित्र स्थान पर भी श्रद्धालुओं को गंदे पानी से होकर भगवान की पूजा करना पड़ रहा है। साथ ही गंगा नदी का जल भी घाट पर मटमैला लाल रंग सरीखा हो गया है। मामला गेगासो में स्थित मां संकटा मंदिर गेगासो का है, जहां पर दूर-दूर से दर्शन करने के लिए श्रद्धालु आते हैं।

श्रद्धालुओं को पवित्र मंदिर पर जाने के लिए गंदे पानी से गुजर कर दर्शन करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदार भी गंदगी होने से आक्रोशित है। मंदिर के पुजारी और आसपास के लोगों ने कई बार ग्राम प्रधान व अधिकारियों से शिकायत की है। आरोप लगाया कि प्रधान देशराज यादव और वहां के सेक्रेटरी ग्रामीणों की बात को तवज्जो नहीं देते हैं। जबकि संकटा देवी धाम की साफ सफाई के लिए कई सफाई कर्मचारी तैनात हैं, लेकिन भ्रष्टाचार के चलते सफाई कर्मचारी केवल ग्राम प्रधान के यहां हाजिरी लगाते हैं, जहां से उन्हें वेतन के बाबत मास्टर रोल प्राप्त होता है। भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री विकेस द्विवेदी ने बताया कि लोगों ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल में की है।

## सार-संक्षेप

### पुरानी पेंशन समर्थन में हड़ताल के लिए किया मतदान


पुरानी पेंशन मांग के समर्थन में मतदान करते रेलकर्मी। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली : लालगंज स्टेशन समेत देश भर में नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन द्वारा पुरानी पेंशन के लिए होने वाली हड़ताल के लिए वोटिंग करायी गयी, जिसमें सभी कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। शाखा युवा संयोजक विकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारी का हक है और इससे कोई समझौता नहीं होगा। सभी कर्मचारियों ने हड़ताल के पक्ष में वोट किया है।सरकार भी मतदान के बाद समझ जाएगी। उल्लेखनीय है कि रेल विभाग में हड़ताल के लिए कर्मचारियों के एक निश्चित संख्या को तैयार होना होता है, जिसके लिए लालगंज रेलवे स्टेशन पर भी मतदान कराया गया। स्टेशन अधीक्षक श्यामलाल, रमेश यादव, केके सिंह, गोपाल, विवेक, सचिन, बलराम, उपेंद्र, हेतराम, कृष्णा, सुमन, शालू, आरती, मीनू, अनामिका आदि मौजूद रहें।

### भाजपा के पत्रक वितरित कर मांगा समर्थन

लालगंज, रायबरेली : लालगंज मंडल के भाजपा नेता सुशील शुक्ला ,अनूप पांडे, अशोक शुक्ला, सुरेंद्र गुप्ता, संतोष बाजपेई ने घर-घर जाकर लोगों से जनसंपर्क किया। साथ ही भाजपा के पत्रक वितरित कर समर्थन मांगा। लालगंज मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने राजेश निर्मल और उदय नारायण बाजपेई के साथ कृष्णा नगर में जनसंपर्क किया। बेनी माधवगंज मंडल अध्यक्ष गोविंद सविता ने राजेंद्र विश्वकर्मा के साथ बेनी माधवगंज में जनसंपर्क किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, संयोजक परीक्षित सिंह, ग्राम प्रधान सुशील सिंह, वीरपाल सिंह, प्रेम सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, ऋषि सिंह, सुशील मिश्रा, अमित मिश्रा, चन्द्रभान सिंह आदि मौजूद रहे।

### एआरटीओ ने एक दर्जन वाहनों पर की कार्रवाई

ऊंचाहार, रायबरेली : एआरटीओ प्रवर्तन ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर एक दर्जन वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की है। इससे वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। शुक्रवार की सुबह एआरटीओ प्रवर्तन मनोज सिंह ने क्षेत्र में टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बाईपास निर्माण में लगे बिना नम्बर प्लेट लगाये सड़क पर फर्राटा भर रहे डंपर को सीज कर दिया। अवैध तरीके से लोहे के ऐंगल लादकर जा रहे ई रिक्शा को सीज करने की कार्रवाई की। इसके अलावा फिटनेस, टैक्स समेत अन्य कमियां पाये जाने पर उन्होंने छह वाहनों का चालान किया। सीज किये गए वाहनों को कोतवाली पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया है।

### रायबरेली का विकास गांधी परिवार की देन : अतुल

ऊंचाहार, रायबरेली : कांग्रेस पार्टी की ओर से ब्लॉक रोहनिया कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित की गई। लोकसभा प्रभारी पूर्व विधायक इंदल रावत ने कहा कि हम सभी को लोकसभा चुनाव के लिए दिन रात पार्टी के लिए मेहनत करनी होगी। प्रदेश सचिव एवं रायबरेली प्रभारी फिरोज अहमद ने कहा कि राहुल गांधी जी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को भारी समर्थन मिल रहा है। प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जाए।कांग्रेस ऐसा राजनैतिक दल है जो सबको साथ लेकर चलता है, जिसमे सभी समाज,सभी धर्मो के लोग हैं। ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. ज्योति सरोज, अनुज सिंह, शिवकरन तिवारी, रामकुमार मौर्या, शैलेन्द्र सिंह, सुनील पाण्डेय, गोलू अग्रहरी, राम मिलन पटेल, वेद प्रकाश त्रिपाठी, फूल चन्द्र विश्वकर्मा, शिव लोचन सिंह, संत प्रसाद रैदास, सुनील गौतम आदि मौजूद रहे।

### अवैध असलहे के साथ चार पशु चोरों को दबोचा

बछरावां, रायबरेली : पुलिस ने मवेशी चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए चार पशु चोरों को अवैध असलहा के साथ दबोचा है। बछरावां, हरचंदपुर एवं गुरबक्शगंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर चोरी के पशुओं के साथ थाना क्षेत्र के नीवा सीमा सई नदी पुल के पास पकड़ा है। पकड़े गए सारुक वेग उर्फ डॉक्टर निवासी हरिपुर मिरदहा थाना खीरों, दीपेंद्र सिंह पुत्र लाल बहादुर सिंह निवासी ग्राम चौहानन खेड़ा मजरे पाहो थाना खीरों, प्रण विजय सिंह चौहान पुत्र रणवीर सिंह चौहान निवासी ग्राम पाहो थाना खीरो, ललित शर्मा पुत्र जानकी प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम विशंभर खेड़ा मजरे खानपुर थाना मौरावा जनपद उन्नाव ने पूछताछ में बताया कि उन लोगों का एक गैंग है। अब तक बछरावां, हरचंदपुर, गुरबख्शगंज और महाराजगंज क्षेत्र में घूम-घूम कर भैंसों की चोरी करने के लिए रेकी करते हैं। रात के समय चोरी कर लेते हैं। इन मवेशियों को भेजने से प्राप्त रुपयों को आपस में बांट लेते हैं।

### शिकायत के बाद पुलिया का निर्माण हुआ पूरा

बछरावां, रायबरेली : छह माह से बछरावां-मौरावा मार्ग पर खालेगांव के पास टूटी पुलिया में गिरकर एक की मौत और दर्जनों लोगों के घायल होने के बाद आखिरकार लोक निर्माण विभाग की नींद टूट गई। लगातार शिकायतों के बाद पुलिया का निर्माण करा दिया गया। खालेगांव के निकट टूटी पुलिया से गिरकर हाल में ही एक नवयुवक की दर्दनाक मौत हो गई थी। लगभग 10 दिन पहले एक मसाले से लदा ट्रक भी इस पुलिया में गिरकर पलट चुका था। इसके अलावा लगभग दर्जनों लोग इस टूटी पुलिया के कारण दुर्घटना का शिकार हो चुके थे। तमाम शिकायतों के बाद लोक निर्माण विभाग इस पर किसी प्रकार की कार्यवाही करने को तैयार नहीं था, लेकिन लगातार हादसों की संख्या बढ़ती गयी। इसके बाद ग्रामीणों की शिकायत पर लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने पीडब्ल्यूडी विभाग रायबरेली के उच्च अधिकारियों को पुलिया निर्माण के लिए निर्देशित किया। विभागीय अधिकारियों की नींद टूटी और इस जानलेवा पुलिया का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ।

### रविवार से चलेगी नई दिल्ली ऊंचाहार एक्सप्रेस

लालगंज, रायबरेली : दो दिसंबर से बंद चल रही चंडीगढ़-ऊंचाहार प्रयागराज एक्सप्रेस के रविवार से फिर से चालू होने पर लालगंज के व्यापारियों ने प्रसन्नता जताई है। दिल्ली मेल के नाम से मशहूर एक्सप्रेस 2 दिसंबर 2023 से बंद चल रही थी, जिसके कारण लोगों को दिल्ली और पंजाब जाने में अन्य वाहनों का सहारा लेना पड़ता था जो कि मुसाफिरों को महंगा साबित हो रहा था। भाजपा नेता अजय अग्रवाल के प्रयासों से दिल्ली मेल फिर से चलने जा रही है, जिससे लोगों की यात्रा भी आसान हो जाएगी। बताते चले कि लालगंज रेलवे स्टेशन से दिल्ली और पंजाब की ओर जाने के लिए दिल्ली मेल ही एकमात्र रेलगाड़ी थी जो बंद चल रही थी। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के द्वारा रेल मंत्री से की गई गुहार पर ट्रेन का आवागमन फिर से शुरू हो गया है। नई दिल्ली के चलने पर भाजपा नेता अनूप पांडे, दीप प्रकाश शुक्ला, सुशील शुक्ला, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, रोहित सोनी, अप्पू शर्मा, मृत्युंजय बाजपेई, जेपी सिंह, राधेश्याम पाल, शिवम गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, कैलाश बाजपेई, पूर्व प्रधान उमेश सिंह, राजेश निर्मल आदि प्रसन्नता जताई है।

### मलबे में दबकर युवक की मौत

राही, रायबरेली। भदोखर थाना क्षेत्र के पूरे कमोलिन मजरे कोड़नजहांनपुर गांव निवासी अरुण कुमार (25) पुत्र हरिश्चंद्र द्वारा अपने घर का जीना तोड़ रहा था। तभी अचानक जीना भरभरा कर गिर गया, जिसके मलबे में दबकर अरुण कुमार की घटना स्थल पर मौत हो गई। मृतक अविवाहित है। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया जीना तोड़ते समय अरुण कुमार की मौत हुई है। परिजन व ग्रामीण किसी ने पुलिस को सूचना नहीं दी है। अभी तक परिजन शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं। इन्हें पोस्टमार्टम कराने के लिए समझाया जा रहा है।

# निफ़्ट वार्षिकोत्सव में दिखा फैशन का जलवा

## स्पेक्ट्रम-2024 में फैशन शो एवं स्टाइलिंग रहा मुख्य आकर्षण






निफ्ट वार्षिकोत्सव में जानकारी देतीं निफ्ट की छात्राएं। अमृत विचार।








संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय फैशन प्रोद्योगिकी संस्थान (निफ़्ट) का वार्षिक सांस्कृतिक, शैक्षणिक, फैशन एवं खेल-कूद प्रतियोगिता 'स्पेक्ट्रम' में खेल-कूद, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। एक ओर दिन में जहां ग्रुप डांस, टैलंट शो, फोटोग्राफी, शॉर्ट फिल्म, थ्रो बाल, बास्केटबाल, बैडमिंटन, ऐड मैड, क्रॉस वर्ड, क्विज आदि की फ़ाइनल प्रतियोगिताएं हुई।

वहीं शाम में फैशन शो के साथ-साथ 'मिस्टर' एवं 'मिस स्पेक्ट्रम' और युगल गायन प्रतियोगिताएं कराई गई। मुख्य आकर्षण 'अवन्त गार्ड' एवं 'रेडी-टू-वियर' की दो श्रेणियों में रैम्प आयोजित की गयी फैशन स्टाइलिंग एवं फैशन शो रही। इस बार के स्पेक्ट्रम का थीम एलिक्स्ज़र' रखा गया है जिनमें पृथ्वी, अग्नि, जल एवं वायु की छटा इला, एम्बर, सफायर और ज़ेफायर टीम के रूप में विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित की गयी।

स्पेक्ट्रम के समापन समारोह में संस्थान के निदेशक नन्दन सिंह बोरा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इससे प्रेरणा लेकर भविष्य में और बेहतर करने का प्रयास करना है। उन्होने कहा की असली प्रतियोगिता हम सब की खुद अपने से होती है और अगर आप प्रतिदिन अपने आप को और बेहतर बनाने पर कार्य करेंगे तो अन्य प्रतियोगिताओं में आपका प्रदर्शन अपने आप निखरता जाएगा। संस्थान के सहायक प्रोफेसर प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि आयोजन देर रात तक चलेगा।

### जीत में इन खिलाड़ियों ने मारी बाजी

इस दौरान टेबल टेनिस (पुरूष) में विजेता गौरव वरुन्वल, उपविजेता हर्षित पाण्डेय, महिला वर्ग में विजेता अभानी, उपविजेता ग्रेस मैरी रजी, मिक्स्ड डबल में विजेता टीम एम्बर, उपविजेता टीम सफायर, एकल नृत्य में विजेता कृष्णाश्री, उपविजेता ध्रुव नारायण, स्टैंड अप कॉमेडी विजेता ध्रुव नारायण, उपविजेता आर्या बाजपाई, युगल नृत्य विजेता पी जानह्वी, नितिशा सरीन, उपविजेता आशिका सुनील, फेस पेंटिंग विजेता नुपुर यादव, उपविजेता ज्योति वैष्णव, गेस हू विजेता वृद्धि अग्रवाल, निश्का गोयल, उपविजेता वत्सला तिवारी, निर्वाणी राजदान, एकल गायन विजेता अनीना मारिया, उपविजेता पारुल कुमारी, नुक्कड़ नाटक विजेता टीम एम्बर), उपविजेता (टीम ज़ेफायर, मीम मेकिंग विजेता इशिता कुशवाह, उपविजेता आशी, युगल गायन विजेता टीम एम्बर, उपविजेता टीम इला, टैलेंट शो विजेता जयश्री जायसवाल, उपविजेता कात्यायनी श्रीवास्तव, बैडमिंटन (पुरूष) विजेता आलोक शर्मा, उपविजेता सूरज चन्द्र प्रजापति, महिला वर्ग में रितिशा ऋषि, उपविजेता भव्या मारवा, मिश्रित-युगल में विजेता हिमांशु एवं रिया शाह, उपविजेता मनदीप सिंह, वंशिका कलखनादेय, मोनोलॉग विजेता अपूर्वा तिवारी, उपविजेता शुब्रिका सिंह, क्रॉस-वर्ड विजेता यस्तिक, उपविजेता नंदिनी आर .के रही।

## सार-संक्षेप

### मस्जिद विवाद से पुलिस सतर्क, एएसपी ने किया निरीक्षण

**संवाददाता, रायबरेली :** काशी में ज्ञानव्यापी मस्जिद को लेकर आये फैसले के बाद लगातार खाकी सतर्कता बनाए हुए है। जुमा की नमाज को लेकर जिले का पुलिस प्रशासन ने सतर्कता बनाए रखी। शहर की कई मस्जिदों पर प्रशासन की नजर रही। शहर के साथ ही ग्रामीण इलाकों पर भी नजर रही। मिश्रित इलाको में भी खास निगरानी रही। अली मियां चौक, कहारों का अड्डा सहित कई मस्जिदों पर चौकसी बरती गई। नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन ने कमर कस रखी थी। सुबह से पुलिस के अधिकारियों की नजर रही। अपर पुलिस अधिक्षक नवीन सिंह, कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह के साथ शहर की मस्जिदों का भ्रमण कर नमाजियों से वार्ता की।

### लापरवाही बरतने पर नायब तहसीलदार निलंबित

महराजगंज, रायबरेली। शासन की मंशानुरूप वादकारियों को न्याय दिलाने के लिए समय सीमा के अंदर वादों के निपटारे में शिथिलता बरतने वाले नायब तहसीलदार ऋतुराज नागर को एसडीएम ने निलंबित कर दिया। नायब तहसीलदार ने न्यायालय की पत्रावलियों में आदेश पारित करने के बाद आदेशों को इंटरनेट पोर्टल पर ठीक से अपलोड नहीं किया। उपजिलाधिकारी राजित राम ने बताया कि नायब तहसीलदार ऋतुराज नागर की कोर्ट में पत्रावलियों के निरीक्षण से पता चला कि आदेश करने के बाद इंटरनेट पोर्टल पर आंशिक अपलोड ही किया गया। राजस्व परिषद द्वारा उन्हे निलंबित कर दिया गया है। जांच कराई जाएगी।

### चालक की लापरवाही से ट्रक की चपेट आया मालिक, मौत

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार :** धान की लोडिंग के लिए ट्रक को आगे पीछे करते समय चालक की लापरवाही से मालिक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मन्धाता जिला प्रतापगढ़ निवासी शरीफ खान अपने ड्राइवर के साथ गुरुवार देर रात को ट्रक लेकर बरारा बुजुर्ग निवासी मोतीलाल के पालेसर पर धान की लोडिंग के लिए आया हुआ था। ड्राइवर ट्रक चला रहा था। इसी दौरान मालिक शरीफ खान पीछे से गाड़ी को आगे पीछे करवा रहा था। तभी चालक की लापरवाही से शरीफ खान ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे वही मौके पर कुचल कर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची गदागंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मार्ग अवरूद्ध करने का लगाया आरोप

**महराजगंज, रायबरेली :** क्षेत्र के एक गांव में पुराने रास्ते को अवरूद्ध कर दूसरे रास्ते के बनवाए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया। खण्ड विकास अधिकारी व कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बैरहना मजरे टीसाखानापुर गांव निवासी शीला देवी, माया देवी, राजपती, सूरज यादव आदि ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ही पक्की सड़क से अयोध्या के दरवाजे तक पुराना खड़ंजा मार्ग बना है। जिसे अवरूद्ध करने की नीयत से गांव के ही राजेश कुमार ने बिना किसी अधिकारी व ग्राम सभा के प्रस्ताव के उक्त मार्ग से इतर मनमानी कर गांव सभा की भूमि से मिट्टी पटवाकर अलग रास्ता बनवा रहा है।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**अमावां, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के रायबरेली प्रतापगढ़ रेल मार्ग पर गुरुवार की रात ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम में भेज दिया है। ऊंचाहार थाना क्षेत्र के मनीपुर मटियारी लक्ष्मीगंज गांव निवासी दीपक पुत्र बुधराम गुरुवार की रात ट्रेन से कही जा रहा था। तभी रायबरेली प्रतापगढ़ रेल मार्ग के मलिकमऊ में ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई। रात में पेट्रोलिंग के लिए निकली कर्मचारियों की टीम की नजर शव पर पड़ी तो सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाल संजय कुमार सिंह ने बताया मृतक ट्रेन से कही जा रहा था। ट्रेन से गिरने के कारण उसकी मौत हुई है।

### ठेकेदार पर हमले के मामले में युवक को भेजा जेल

**संवाददाता, रायबरेली।** पीडब्ल्यूडी परिसर में बीते दिनों ठेकेदार पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने मामले से जुड़े एक और युवक को जेल भेजा है। इससे पहले गुरुवार को भी एक गिरफ्तारी हुई थी। शहर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन स्थित पीडब्ल्यूडी परिसर पर सोमवार को ठेकेदार पर जानलेवा हमला हुआ था। मामले में छह अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। एसपी की सख्ती के बाद कोतवाली पुलिस ने लगातार दो दिनों में मामले जुड़े आरोपियों को जेल भेजा है।

### विवाहिता ने दर्ज कराया दहेज प्रताड़ना का केस

**महराजगंज, रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र के राघवपुर गांव निवासी रानी पुत्री संतोष की शादी 5 मई 2023 को कोतवाली क्षेत्र के पूरे नसीब खां मजरे रसेहता गांव निवासी राम आधार पुत्र राम बहादुर से हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग शादी के बाद से ही दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। स्थानीय थाने पर शिकायत के बाद भी कार्यवाही न होने पर पीड़िता को न्यायालय की शरण ली। शुक्रवार को न्यायालय के आदेश पर पूरे नसीब खां मजरे रसेहता निवासी राम आधार ससुर राम बहादुर, सास फूला, देवर राम अवतार व सुनीता पत्नी राम अवतार सहित पांच लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने व अन्य धाराओं में कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# हमारे स्कूल में घर जैसा माहौल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** कचेहरी रोड स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल में नन्हे-मुन्हे बच्चों का जन्मदिन केट काटकर मनाया गया। समारोह में बच्चों के अभिभावकों ने भी भाग लिया। बच्चों के साथ उनके माता पिता ने भी खूब धमाल मचाया। बच्चों ने रैम्प वाक के जरिये खूब वाहवाही बटोरी। अगस्त से मार्च महीने में पैदा हुए हैं कक्षा 1 व 2 के 198 बच्चों का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षिकाओं ने बच्चों के साथ स्कूली गीत और कविताओं का वाचन किया। इसके बाद बच्चो के लिए बर्थडे सांग की प्रस्तुति दी गई। नन्हे बच्चों ने 'आय एम बार्बी गर्ल' सांग पर खूबसूरत डांस की प्रस्तुति दी। इसके बाद सभी बच्चों को कैप पहनाई गई और केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया।



केक काटकर बच्चों का जन्मदिन मनाती शिक्षिकाएं।

छात्रा- छात्राओं ने रैम्प वाक के जरिये उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक और अभिभावकों ने एक साथ डांस किया। प्रधानाचार्य डॉ. बीना तिवारी ने कहा कि स्कूल में घर जैसा माहौल मिले और बच्चे अपने आप को स्कूल के परिवार का एक हिस्सा समझे इसलिए बच्चों के जन्मदिन मनाने की परंपरा शुरू की गई है। एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सचिव (वित्त) अनुज सिंह, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह ने सभी बच्चों को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन छात्रा कशिश सिंह व वेदिका गुप्ता ने किया।

# किसानों की समस्याओं के निराकरण की एसडीएम से मांग

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** किसानों की समस्याओं पर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत का एक प्रतिनिधि मंडल एसडीएम से मिला। साथ ही समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। इससे पहले संगठन जिलाध्यक्ष द्वारा इकाई के ब्लॉक अध्यक्ष जयशंकर पांडे और तहसील अध्यक्ष शिव बहादुर मौर्य को बनाए जाने पर किसानों ने खुशी जताई।

इसके बाद किसान यूनियन के जिला महासचिव मनोज यादव की अगुवाई में उपजिलाधिकारी से मिले। ज्ञापन में डलमऊ तहसील क्षेत्र के जोहवा नटकी ग्राम निवासी कमला देवी ने एसडीएम को एक शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। महिला की शिकायत पर उप जिलाधिकारी ने विकासखंड अधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

लोदीपुर उतरावां ग्राम निवासी सत्यनारायण के द्वारा एक वर्ष पूर्व समिति में दिए गए धान का भुगतान न होने की शिकायत की गई और भुगतान शीघ्र करने की मांग की गई। इस मौके पर सुशील कुमार यादव, रामेश्वर, कमला देवी, सतनारायण आदि मौजूद रहे।

# गांव से सफाईकर्मी मिले गायब तो होगी कार्रवाई

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** गांव को साफ सुथरा रखने के लिए सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। लेकिन यह सफाई कर्मी गांव में सफाई करने के बजाय ब्लॉक में ही अकसर बने रहते हैं। जिसकी वजह से गांवों में सफाई व्यवस्था बे पटरी है। बजबजाती नालियां व कूड़े के ढेर से गांव पटे रहते है। लेकिन ब्लाक के अधिकारियों की जी हुजूरी करने वाले सफाई कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही होती है।

सफाई कर्मचारियों पर निगरानी रखने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी ने तीन बार पत्र जारी कर गांव में उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा गया था। लेकिन विकास खंडो में तैनात एडीओ पंचायतों द्वारा सफाई कर्मचारियों के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। गांवो में सफाई कर्मचारियों के न जाने के बाद भी उनका वेतन बराबर निकलता है। जबकि आए दिन सफाई कर्मचारियों की शिकायते भी अधिकारियों तक होती है। इससे पहले सभी सहायक पंचायत अधिकारियों से हर माह दस ग्राम पंचायतों के निरीक्षण के लिए भी कहा गया था लेकिन अभी जिले से कही भी कोई निरीक्षण नही किया गया।

# अयोध्या धाम का प्रसाद पहुंचाने को सीएम ने सराहा

परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी द्वारा संसदीय क्षेत्र में घर-घर अयोध्या धाम में हुए प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसाद पहुंचाने और दो लाख से अधिक भक्तों को अयोध्या धाम भेजकर भगवान श्रीराम के दर्शन कराने के कार्य की मुख्यमंत्री ने प्रशंसा की है। उन्होंने अन्य जनप्रतिनिधियों से भी ऐसा कार्य कराने को कहा है।

शुक्रवार को अपने आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ मंडल के विधायकों व विधान परिषद सदस्यों के साथ बैठक की थी। बैठक में सलोन विधायक अशोक कुमार भी शामिल हुए थे। बैठक में विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि केंद्रीय मंत्री अमेठी संसदीय क्षेत्र के तीन लाख परिवारों तक भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसाद पहुंचा जा रही हैं। साथ ही संसदीय क्षेत्र के दो लाख भक्तों को अयोध्या धाम की श्रवण यात्रा पर बस से भेजकर दर्शन भी कराएंगी। जिस पर मुख्यमंत्री ने इस कार्य की प्रशंसा की और उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों से भी इसी तरह के कार्य करने को कहा है।



मुख्यमंत्री के साथ सलोन विधायक अशोक कुमार। अमृत विचार

> बैठक में मुख्यमंत्री जी को दीदी स्मृति इरानी द्वारा अयोध्या धाम का प्रसाद हर घर में पहुंचाने और दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन कराने के कार्य की जानकारी दी। उन्होंने इसकी प्रशंसा करते हुए अन्य जनप्रतिनिधियों से भी इसी तरह के कार्य कराने को कहा है। दीदी स्मृति अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को हर सुविधा समय से पहुंचाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहती हैं।
>
> अशोक कुमार, विधायक सलोन

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# नैमिषारण्य से लौट रहे श्रद्धालुओं की ट्रॉली पलटी, दो की मौत

## सीतापुर रोड पर शुक्लापुर के पास गोवंश आ जाने की वजह से हुआ हादसा, 40 श्रद्धालु जख्मी

हरदोई कार्यालय

**अमृत विचार :** भागवत कथा के दौरान शिव बारात नैमिषारण्य पहुंच कर वहां से वापस लौट रही थी। इसी दौरान सीतापुर रोड पर शुक्लापुर के पास अचानक से सामने गोवंश आ गया जिससे ट्रैक्टर बेकाबू हो गया और उसकी ट्रॉली खाईं में जा गिरी। उस पर सवार एक महिला और युवती की मौत हो गई। करीब 40 श्रद्धालु जख्मी हो गए। इसका पता लगते ही डीएम एमपी सिंह,एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी, एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह, एसडीएम सदर स्वाति शुक्ला और सीओ सिटी अंकित मिश्रा के साथ सारा सरकारी अमला मेडिकल कालेज पहुंच गया।

बताया गया है कि बघौली थाने के बिराजीखेड़ा निवासी दलगंजन के यहां सात फरवरी से भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। शुक्रवार को शिव-पार्वती की बारात निकाली गई, दर्जनों श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार हो कर नैमिषारण्य पहुंचें और देर शाम को वहां से लौट रहे थे। जैसा कि बताया गया है कि रास्ते में सीतापुर रोड पर बेनीगंज कोतवाली के शुक्ला पुर के पास अचानक सड़क पर गोवंश आ गया,उसे बचाने में ट्रैक्टर बेकाबू हुआ और उसकी ट्राली सड़क के किनारे खाईं में जा गिरी। इस हादसे से ट्राली पर सवार श्रद्धालुओं की चीख-पुकार सुन कर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। उधर सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई। आनन-फानन में ट्राली के नीचे दबे हुए श्रद्धालुओं को बाहर निकाल कर उन्हें एम्बुलेंस-108 की मदद से सीएचसी और मेडिकल कालेज भिजवाना शुरू किया गया। उसी बीच हादसे में ज़ख्मी बिराजीखेड़ा के अनिल कुमार की 40 वर्षीय पत्नी अनीता और उसी गांव के अनूप कुमार की 18 वर्षीय पुत्री पूजा की मौत हो गई। उसके अलावा 18 वर्षीय राधा पुत्री प्रमोद,38 वर्षीय राजेश्वरी पत्नी राजेश,22 वर्षीय कोकिला पुत्री भोले,14 वर्षीय पारुल पुत्री अशर्फीलाल,28 वर्षीय गीता पुत्री अशर्फीलाल,50 वर्षीय मालती पत्नी मुन्ना लाल,16 वर्षीय खुश्बू पुत्री राजेश,48 वर्षीय नन्ही पत्नी रामभजन,50 वर्षीय माधुरी पत्नी मनीराम,20 वर्षीय फूलमती पुत्री मन्नीलाल,25 वर्षीय सतरूपा पत्नी अनूप,26 वर्षीय रेखा पत्नी अखिलेश के अलावा शिवराम, रामरानी, रानी, सलोनी, मुस्कान, सुनीता, शांति, शिवानी, प्रीति व मोनू समेत तकरीबन 40 श्रद्धालु जख्मी हुए हैं,जिनका इलाज चल रहा है। उधर इसका पता होते ही डीएम,एसपी,एएसपी पश्चिमी, एसडीएम सदर और सीओ सिटी के अलावा काफी पुलिस फोर्स मेडिकल कालेज पहुंच गया। कुछ ज़ख्मी हुए श्रद्धालुओं को अहिरोरी सीएचसी में इलाज चल रहा है।


मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य से जानकारी लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार


घायल से जानकारी लेता पुलिसकर्मी। अमृत विचार


घायल को अस्पताल ले जाते परिजन। अमृत विचार

## एक नजर

### भाजपा के 58 सभापति व उप सभापति निर्वाचित

**हरदोई, अमृत विचार :** भाजपा के जिला महामंत्री एवं सहकारिता चुनाव संयोजक अनुराग मिश्रा ने बताया कि जिले की 58 साधन सहकारी समितियों में निर्वाचन संपन्न कराए गए। इसमें 58 सभापति और उपसभापति निर्वाचित हुए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने सभी को बधाई दी है।

### सड़क हादसे में तीन घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** थाना मंझिला के चठिया पुल के निकट टैंकर की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हुए हैं जिन्हे मंझिला पुलिस ने इलाज के लिए सीएचसी भेजा। मंझिला थाना क्षेत्र के अब्दुल्ला पुर निवासी कौशल पुत्र बलवंत गांव की ही लौंग श्री (60), मीना (35) पत्नी रतिराम को लेकर शाहाबाद आ रहे थे। ग्राम चठिया पुल के पास उनकी बाइक में टैंकर ने टक्कर मार दी जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए।

### राहगीरों को बांटें लंच पैकेट

**हरदोई, अमृत विचार :** महाराणा प्रताप आदर्श समाज सेवा संस्थान की ओर से शुक्रवार को मौनी अमावस्या के उपलक्ष्य में शहर के रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड और मौनी बाबा मंदिर के अलावा सिनेमा चौराहा पर राहगीरों को लंच पैकेट वितरित किए गए। इस दौरान संस्था के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप सोनी, सतेंद्र यादव, आशीष सिंह, ब्रह्म कमल दीक्षित, विकास मिश्र, लक्ष्मीकांत शास्त्री, सूरज यादव, प्रदीप गुप्ता आदि रहे।

### ट्रैक्टर से टकराई बाइक एक की गई जान




**कोथावां, हरदोई, अमृत विचार :** बाइक सवार तीन युवक ट्रैक्टर से टकरा गए, जिसमें से एक की वहीं पर मौत हो गई, जबकि दो युवक बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। हादसा कोथावां-अतरौली रोड पर ईट-भट्ठा तिराहे के पास होना बताया गया है। बताया गया है। बताते हैं कि शुक्रवार को कासिमपुर थाने के सरेहरी गांव निवासी 24 वर्षीय ऋतिक पुत्र कैलाश वर्मा अतरौली थाने के पड़री निवासी 23 वर्षीय राजू पुत्र महिपाल और कासिमपुर थाने के अकोहरा नेवादा निवासी 18 वर्षीय आकाश पुत्र सजीवन के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। उसी बीच ईंट-भट्ठा तिराहे पर उसकी बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई। इस हादसे में ऋतिक की मौत हो गई, जबकि राजू और आकाश दोनों बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। इसका पता होते ही वहां पहुंचें कल्याणमल पुलिस चौकी प्रभारी फूल सिंह अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने दोनों ज़ख्मी हुए युवकों को सीएचसी पहुंचाया। शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए हादसे की जांच शुरू कर दी है। हादसे का शिकार हुआ ऋतिक अपने घर का इकलौता था,उसकी मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

### बाइक ने महिला को टक्कर मारी, मौत

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पाली बाईपास पर बजरिया के निकट तेज रफ्तार बाइक ने एक महिला के टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी अवस्था में महिला को आनन-फानन में सीएचसी ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों रेफर कर दिया। इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में महिला की मौत हो गई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी राम लड़ैते की 45 वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी फूलमालाओं का काम करते थी। 8 फरवरी की रात तकरीबन आठ बजे पठकाना मोहल्ला से फूलमालाएं वितरित करके अपने घर वापस आ रही थी। वह जैसे ही पाली बाईपास बजरिया पर पहुंची वैसे ही बासित नगर चौराहे की ओर से एक बाइक पर सवार तीन युवक तेज रफ्तार से आ रहे थे। तेज रफ्तार बाइक ने पुष्पा देवी के जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पुष्पा देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। तीनों बाइक सवार नीचे गिरे और तुरंत उठकर बाइक पर बैठकर फरार हो गए। गंभीर रूप से जख्मी पुष्पा को सीएचसी शाहबाद ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, परंतु परिजन प्राइवेट अस्पताल शाहजहांपुर ले जा रहे थे रास्ते में पुष्पा देवी की मौत हो गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुष्पा देवी के पांच बेटियां पारुल, प्रिया, शिखा और करिश्मा विवाहित हैं जबकि रश्मि सबसे छोटी और अविवाहित है। उससे छोटे दो बेटे शोभित और ऋषभ हैं।

# सप्ताहिक बंदी में खुली दुकानों पर की छापेमारी

**पिहानी, हरदोई अमृत विचार :** कस्बे में पालिका प्रशासक अमित कुमार सिंह व स्थानीय कोतवाली प्रभारी धर्मदास सिद्धार्थ के नेतृत्व में शुक्रवार को साप्ताहिक बंदी का कड़ाई से अनुपालन होता नजर आया। शेड्यूल के मुताबिक खुली मात्र नाईयों की दुकानें खुली रहीं। व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी व ईओ पिहानी एवं कोतवाली प्रभारी की इस पद्धति की प्रशंसा भी की।

ज्ञात हो कि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद ने जनपद की सभी पालिका एवं पंचायत क्षेत्रों में व्यापारिक स्तर से साप्ताहिक बंदी का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने हेतु जनपद की सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारी को पत्र भेजकर निर्देशित किया कि साप्ताहिक बंदी के दिन यदि कोई भी दुकानदार दुकान खोले मिले तो उसके विरुद्ध सख्ती बरती जाए और आर्थिक दंड के रुप में जुर्माना वसूला जाए। जिलाधिकारी महोदय की मंशानुरुप पिहानी कस्बे में शुक्रवार साप्ताहिक बंदी का कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए उप जिलाधिकारी शाहाबाद पूनम भास्कर ने पिहानी पालिका प्रशासक अमित कुमार सिंह को पत्र भेजकर आदेशित कर दिया, जिसकी प्रतिलिपि का कोतवाली पिहानी प्रभारी ने भी गम्भीरता से संज्ञान लिया। शुक्रवार को नपाप पिहानी अधिशाषी अधिकारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में पालिका अधिकारियों ने पूरे नगर में भ्रमण कर छापेमारी की। इस दौरान स्थानीय पुलिस बल का भी पालिका ईओ के नेतृत्व वाली टीम को पूरा सहयोग और साथ मिला। ईओ ने बताया कि शुक्रवार को नाईयों की दुकानें छोड़कर अन्य बंद रहेंगी। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बाल कटिंग की दुकानें मंगलवार के दिन साप्ताहिक बंदी का कड़ाई से अनुपालन करें।

## आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों का शीघ्र करें निस्तारण : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार :** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं की प्रगति संबंधी सूचना ससमय विभागीय पोर्टल पर फीड की जाए। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि डिफाल्टर श्रेणी में कोई प्रकरण आने व अधिक संख्या में असंतोषजनक फीडबैक आने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उ उन्होंने बिजली विभाग के सभी अधिशासी को अगली सीएम डैशबोर्ड की बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहताश कुमार व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हल्द्वानी कांड पर अलर्ट मोड में रही पुलिस

**सतर्कता**

- जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों के अगल-बगल तैनात रही पुलिस
- सड़क पर पैदल घूमे एसपी, कहा किसी अफवाह पर न दें ध्यान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुए बवाल के बाद यूपी पुलिस को अलर्ट कर दिया गया। इसके लिए शहर ही नहीं, बल्कि शहर में जुमें की नमाज़ के दौरान पुलिस के काफी चुस्त-दुरुस्त बंदोबस्त किए गए थे। खुद एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी सड़क पर निकले और लोगों से कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर कोई ध्यान न दें। पुलिस के साथ-साथ पब्लिक की भी ज़िम्मेदारी है कि लॉ एंड आर्डर बरकरार रहे।

बताते चलें कि उत्तराखंड के हल्द्वानी ज़िले में हुए बवाल और कर्फ्यू लगने के बाद यूपी सरकार ने समूचे सूबे में अलर्ट जारी कर दिया। अफवाहों या फिर शरारती तत्वों की हरकत से कोई अनहोनी न हो,इसके लिए शुक्रवार को जुमें की नमाज़ के दौरान न सिर्फ शहर बल्कि गांव-गांव की मस्जिदों के अगल-बगल पुलिस का कड़ा बंदोबस्त किया गया था। एसपी श्री गोस्वामी खुद शहर में पैदल घूमे। उन्होंने लोगों से कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर कोई ध्यान न दें। अगर कोई शरारती तत्व ऐसा कर रहा है,तो उसके बारे में तुरंत यूपी-112 पर कॉल करें। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस के साथ-साथ पब्लिक की भी ज़िम्मेदारी बनती है कि ज़िले का लॉ एंड आर्डर मज़बूती के साथ बना रहे। सीओ सिटी अंकित मिश्रा और एसएचओ कोतवाली शहर संजय पांडेय अलर्ट मोड पर रहे।


सुरक्षा व्यवस्था देखते एसपी केसी गोस्वामी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बौद्धिक दिव्यांगता वाले बच्चों की मजबूत हो बौद्धिक क्षमता


प्रशिक्षण में शामिल शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार :** समग्र शिक्षा ( समावेशी शिक्षा) के तहत बावन बीआरसी पर शुरू हुए पांच दिवसीय नोडल शिक्षकों के प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों की हर एक गतिविधि में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने और उन्हें खेल-कूद प्रतियोगिताओं में शामिल करने पर ज़ोर दिया गया। बीईओ बावन आरके द्विवेदी और समग्र शिक्षा की ज़िला समन्वयक आशा वर्मा ने कहा कि बौद्धिक दिव्यांगता एक मानसिक बीमारी है,उसका कोई इलाज नहीं है। शोषण से बचाव हो और उसकी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने से मानसिक बीमारी को दूर किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान शामिल हुए नोडल शिक्षकों को दिव्यांगता के प्रकार बताए गए और उन्हें बताया गया कि ऐसे बच्चों को विद्यालय की गतिविधियों में शामिल किया जाए, खेल-कूद प्रतियोगिताओं में उन्हें प्रतिभाग कराए। आगे बताया गया है समावेशी शिक्षा का अर्थ है कि सभी बच्चों के लिए अधिगम प्रतिक्रिया में भागीदारी के समान अवसर हैं। दिव्यांगता वाले बच्चों को शोषण से बचाव हो और उनकी बौद्धिक क्षमता को और मज़बूत किया जाए। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों से जुड़ी तमाम बातों को साझा किया गया और ज़ोर देते हुए कहा गया कि ऐसे बच्चों की बेहतरी के लिए उनके अभिभावकों से संवाद स्थापित हो ताकि बच्चे की गतिविधियों पर नज़र रखी जा सके। प्रशिक्षण में बीईओ बावन व ज़िला समन्वयक के अलावा ज्योत्सना त्रिवेदी, शब्बन खां और संजय मिश्रा ने प्रशिक्षित किया।

### दूसरे दिन भी ढूंढे नहीं मिली गंगा में डूबी आरती


आरती।

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार :** छोटी बहन के साथ गंगा स्नान कर रही बड़ी बहन पैर फिसलने से गंगा में डूब गई। उसके बाद से उसकी तलाश की जा रही है। ऑपरेशन रेस्क्यू के दौरान काफी कोशिशें की गई, फिर उसके बाद गोताखोरों को जुटाया गया, लेकिन दूसरे दिन भी उसका कुछ पता नहीं चल सका था। बताया गया है कि गुरुवार को मल्लावां कोतवाली के छुट्टा पुरवा मजरा तेरवा कुल्ली के रामू की बड़ी पुत्री आरती अपनी छोटी बहन साजनी के साथ गांव के बाहर से निकली गंगा नदी में स्नान करने के लिए गई हुई थी। बताते हैं कि स्नान करने के दौरान अचानक आरती का पैर फिसल गया और वह गंगा में डूब गई, बहन को गंगा में डूबता देख कर साजनी वहां से चीखती-चिल्लाती हुई घर की तरफ दौड़ी। इसका पता होते ही वहां काफी लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने आरती की तलाश में ऑपरेशन रेस्क्यू शुरू किया। गुरुवार को सारे दिन उसकी तलाश की जाती रही, उसके अगले दिन शुक्रवार की सुबह गोताखोरों को जुटाया गया। खबर लिखे जाने तक उसका कुछ भी पता नहीं चल सका था।

### बेमकसद साबित हो रहे आरआरसी सेंटर



शोपीस बना आरआरसी सेंटर। अमृत विचार

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार :** सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए आरआरसी सेंटर बनाए थे, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते यह सेंटर शोपीस बनकर रह गए हैं। सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत हर गांव में साफ सफाई बनाए रखने के लिए हर गांव में कूड़ेदान रखने की व्यवस्था की गई थी, जहां पर गीला व सूखा कूड़ा एक तरफ सुरक्षित रह सके इधर-उधर गंदगी न फैलने दें गांव में रखे लोहे की जाली से बने कूड़ेदान भी उपयोग लायक नहीं है। विकास खंड सुरसा की ग्राम पंचायत खजुरहरा के मंजरा जगतपुरवा में बनवाए गए आरआरसी सेन्टर का अभी तक संचालन शुरू नहीं किया गया है। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि उनका गांव अब शहर की तरह साफ सुथरा दिखेगा लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते आरआरसी सेंटर में ताला लगा हुआ है।

### बीमारी के चलते क्षेत्रीय पत्रकार का निधन


फाइल फोटो।

**कोथावां, हरदोई, अमृत विचार :** क्षेत्र के पत्रकार का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया जिससे शोक की लहर दौड़ गई। बताते चलें कि कोथावां निवासी रजनीकांत श्रीवास्तव एक समाचार पत्र के पत्रकार थें, जिन्हें काफी समय से कई बीमारियों ने घेर लिया था और उनका इलाज भी चल रहा था लेकिन बीते शुक्रवार को वह अपनी जिंदगी की जंग हार गए और उनकी मृत्यु हो गई।

# दो माह से सीओ की कुर्सी खाली

**भटक रहे फरियादी**

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार :** सीओ का पद पिछले दो माह से खाली पड़ा है। पुलिस प्रशासन अभी तक शाहाबाद में किसी सीओ को नियुक्त नहीं कर सका है, जिससे यहां आने वाले फरियादियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शाहाबाद सर्किल में शाहाबाद, पाली, पचदेवरा और मझिला थाना आते हैं।

शाहाबाद तहसील मुख्यालय पर सीओ का कार्यालय है। स्थानीय थाना क्षेत्र में सुनवाई न होने के बाद बड़ी संख्या में फरियादी फरियाद लेकर सीओ कार्यालय पहुंचते हैं। लेकिन सीओ न होने की वजह से फरियादियों को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं परंतु अभी तक शाहाबाद को सीओ नहीं मिल सका। सीओ हेमंत उपाध्याय के गाजियाबाद तबादला हो जाने के बाद से शाहाबाद सीओ की कुर्सी खाली पड़ी हुई है। कार्यवाहक सीओ के रूप में सीओ सिटी अंकित मिश्रा को सीओ को चार्ज दिया गया। यहां के कर्मचारी फाइलों और कागजातों पर दस्तक करवाने के लिए जिला मुख्यालय पर जाकर औपचारिकताएं पूरी कर रहे हैं लेकिन बड़ी संख्या में चार थाना क्षेत्र के फरियादी सीओ कार्यालय से मायूस लौट रहे हैं। स्थानीय थाना स्तर पर जब फरियाद नहीं सुनी जाती है, या राजनीतिक दबाववश थाना अध्यक्ष काम नहीं करते हैं तब फरियाद लेकर फरियादी शाहाबाद सीओ कार्यालय पहुंचते हैं और यहां पर सीओ से मिलकर अपनी पूरी बात बताते हैं लेकिन पिछले दो माह से ऐसा नहीं हो पा रहा है। सीओ की कुर्सी खाली पड़ी है। बड़ी संख्या में फरियादी फरियाद लेकर आते हैं और टका सा मुंह लेकर वापस चले जाते हैं। सीओ न होने से थानेदारों मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।


सीओ कार्यालय। अमृत विचार

## डीएम ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**हरदोई, अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने मतदान केन्द्र मे बने भवनों के नाम में परिवर्तन के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी। डीएम ने बताया कि इस बार कोलिया ग्राम के मतदाताओं को मझिगवां जाकर मतदान नहीं करना पड़ेगा। कोलिया में पृथक मतदान केंद्र बनाया गया है। उन्होंने राजनीतिक दलों से विभिन्न बिंदुओं पर सुझाव लिए। आयोग के निर्देशों के अनुपालन में राजनीतिक दलों के सुझावों पर कार्रवाई की जाए। इस दौश्रान अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रहे।

## फर्जी मजदूरों की हाजिरी चढ़ा लिया जाता भुगतान

**मनरेगा कार्यों में फर्जीवाड़ा**

सुरसा, हरदोई

**अमृत विचार :** सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मनरेगा में मजदूर के बजाय मशीनों से काम करवाया जा रहा है। कागजों पर मजदूर काम कर रहे हैं। और तो और, फर्जी मजदूरों की हाजिरी लगाकर भुगतान भी लिया जा रहा है।

विकास खंड क्षेत्र में मनरेगा कार्य में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। सरकार विकास के नाम पर करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है। योजना के बारे में भारत संकल्प यात्रा के जरिए सभी करीबों तक योजना पहुंचने का काम कर रही है। ग्राम सभा बहरैया गांवों में मनरेगा के तहत बनवाये जाने वाले कच्चे मार्ग को मजदूरों से न बनवाकर मशीनों से बना रहे हैं। उसके बाद मास्टर रोल पर फर्जी मजदूरों की हाजिरी चढ़ाकर भुगतान कर लेते हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव से जानकारी चाही तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। अगर मनरेगा कार्य में फर्जीवाड़ा मिला तो संबंधित ग्राम प्रधान पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**आयोजन** आर्य कन्या महाविद्यालय में हुईं विविध प्रतियोगिताएं, छात्राओं ने बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग

# अंग्रेजी के भाषण में अनुष्का पाल प्रथम तो मुस्कान रहीं द्वितीय

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** आर्य कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को युवा महोत्सव के चौथे दिन खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। कबड्डी का फाइनल मैच बीए द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष के बीच में खेला गया। जिसमें बीए तृतीय वर्ष की टीम विजयी रही।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अंग्रेजी भाषण नारी सशक्तिकरण विषय पर डॉ स्मृति सिंह के निर्देशन में संपन्न हुई। जिसमें अनुष्का पाल प्रथम, मुस्कान सिंह द्वितीय तथा काजल वर्मा तृतीय ( तीनों बीए तृतीय वर्ष) रहीं। इसके पश्चात सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन एकता जायसवाल के निर्देशन में संपन्न हुई। सुगम संगीत में प्रथम स्थान पर अमीषा चौधरी (बीए द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान पर इशिता तिवारी (बीए प्रथम वर्ष) व वंशिका अस्थाना संयुक्त रूप से, तृतीय स्थान पर अन्वेषा (बीए द्वितीय) व शालिनी अवस्थी (बीए तृतीय) संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। इसी कार्यक्रम में कंचन प्रभा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्राओं ने अलग-अलग राज्यों के नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियां दी। राजस्थानी घूमर, कालबेलिया, पंजाबी, बंगाली, लावणी जैसी प्रस्तुतियां देकर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। लोक नृत्य में बीए प्रथम वर्ष की श्रद्धा द्विवेदी प्रथम स्थान पर, बीए द्वितीय वर्ष की आराध्या सिंह द्वितीय स्थान पर, बीए तृतीय वर्ष की श्रेया द्विवेदी तृतीय स्थान पर रहीं तथा स्वेक्षा श्रीवास्तव ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। स्वरचित कविता पाठ का आयोजन किया गया। छात्राओं ने मां, देश, अध्यापकों आदि विषयों पर अपनी भावुक अभिव्यक्ति दी।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मन्तशा (बीए द्वितीय वर्ष) की प्रथम स्थान पर, कंचन प्रभा (बीए तृतीय वर्ष) की द्वितीय स्थान पर तथा आकृति तिवारी ( बीए तृतीय वर्ष) तथा सिंपल (बीए तृतीय वर्ष) को सांत्वना दिया गया। सलाद सज्जा प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने हाथों के हुनर से विभिन्न प्रकार की सब्जियों को सुंदर थीम से सलाद का रूप दिया। प्रथम स्थान पर सेमल गुप्ता ( बीए तृतीय), द्वितीय स्थान पर गौरी त्रिपाठी (बीए प्रथम) द्वितीय, तथा सानिया अंसारी (बीए प्रथम) तृतीय स्थान पर रहीं।



अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्रा। अमृत विचार



नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्रा।

# नकलविहीन व शुचितापूर्ण तरीके से कराएं बोर्ड परीक्षा: डीएम

बैठक

▸▸ कहा- व्यवस्था खराब करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरदोई कार्यालय





बैठक में बोलते डीआईओएस बाल मुकुंद व मौजूद स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा.) परीक्षा- 2023 व यूपी बोर्ड की आगामी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। परीक्षा को नकल विहीन व शुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया जाए।

उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग को बिजली की सुचारू व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए गए हैं। पावर बैकअप के रूप में जेनरेटर की व्यवस्था केन्द्र पर रखी जाए। स्टेटिक मजिस्ट्रेट कम से कम एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंच जाएं। दायित्वों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केन्द्र पर मुख्य द्वार के आस-पास क्लॉक रूम बनाया जाए। सम्पूर्ण परिसर को सीसीटीवी से आच्छादित किया जाएं। रिकॉर्डिंग मशीन में पर्याप्त स्पेस रखा जाएं। डीएम ने निर्देशित किया कि रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने की भी व्यवस्था की जाएं जिससे वक्त पड़ने पर उसे देखा जा सके। परीक्षा केंद्रों पर अच्छी छवि वाले स्टॉफ को ही लगाया जाएं। इन व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने कहा कि परीक्षा में प्रत्येक केंद्र पर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। व्यवस्था खराब करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कुछ केंद्र व्यवस्थापकों ने भी अपने विचार रखे। जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद प्रसाद ने परीक्षा को लेकर अधिकारियों को पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, सभी उपजिलाधिकारी व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# घर में घुसकर पुत्री से छेड़छाड़ का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार:** पचदेवरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी पुत्री के साथ घर के अंदर घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी के कार्यालय पहुंच कर फरियाद की है। घटना की लिखित सूचना के बाद भी पचदेवरा पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

गांव निवासी पीड़िता की मां ने बताया वह 24 जनवरी को वह अपने छोटे पुत्र के साथ दिल्ली गई थी। घर पर उसका बड़ा पुत्र और पुत्री थे। 25 जनवरी की रात में ही गांव का मोनू अपने दो अन्य साथियों के साथ घर में बुरी नियत से घुस आए और सो रही पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगे। पुत्री के शोर मचाने पर पुत्र जग गया उसने आरोपियों को ललकारा तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। वह 26 जनवरी को थाने पर लिखित सूचना दी लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। शुक्रवार दोपहर पीड़ित की मां ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई।

## एक नजर

### फैक्ट्री में जमकर हुई मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र स्थित पारस फैक्ट्री में रिंच मांगने पर मारपीट हो गई। कोतवाली क्षेत्र के सोम गांव निवासी विजय कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह पारस फैक्ट्री में फरीद ठेकेदार के पास काम करता है। उसी फैक्ट्री में कार्यरत बाल मुकुंद सिंह निवासी पोखईखेड़ा से एक रिंच मांगी तो उसने देने मना कर दिया। जातिसूचक गालिया देते हुए लोहे की रॉड विजय के सिर पर मार दी। कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### दबंगों ने महिला को पीटकर किया घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार:** कोतवाली के मोहल्ला महमंद निवासी महिला ने दबंगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। महमंद निवासी शमां पत्नी अतीक ने बताया दरवाजे के विवाद को लेकर शुक्रवार सुबह 10 बजे वसीम पुत्र साबिर ने अपनी पत्नी साबिया और साले आसिफ के साथ मिलकर उस पर लात घूसों और डंडों से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मलकाना निवासी रूही ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसका विवाह कलीम निवासी मोहल्ला चौधराना मलिहाबाद के साथ 2022 मे हुआ था उसके मायके वालों ने चार लाख रूपये व सारा सामान दिया था सुसराल के उसका पति कलीम सहित जहरा, नसरीन, मुन्नी, सिराज मिले दहेज से संतुष्ट नहीं है और चार पहिया वाहन व 5 लाख रूपये मांगने लगे उसके पिता ने देने से मना किया तो उसके पति आये परेशान करते रहे 24 दिसम्बर को गर्भवती हालत मे जीप मे बैठाकर इमलियाबाग संडीला मे छोड़ गए और मारापीटा मामले मे कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# चोरों ने पुलिस वाले का घर किया खाली

## महरी गांव में घुसे चोर, कई और घरों को भी बनाया निशाना, नकदी-जेवरात ले गए



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

हरदोई कार्यालय

**अमृत विचार:** चोर इतने बेखौफ हो गए हैं कि अब तो उन्होंने पब्लिक के साथ-साथ पुलिस वालों के घरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। गुरुवार की रात में बघौली थाने के महरी गांव पहुंचे चोर एक कांस्टेबिल के अलावा और कई घरों में घुस कर वहां से लाखों की नकदी और जेवरात पारकर फरार हो गए।

बताया गया है कि गुरुवार की रात बघौली थाने के महरी गांव में चोरों ने संजय पुत्र जमुना प्रसाद वर्मा के घर में हाथ साफ कर दिया। वहां से लाखों का सामान और नगदी लेकर फरार हो गए। उसके अलावा विपिन सिंह पुत्र लल्लन सिंह के घर धावा बोलकर उसके घर में रखा काफी सामान उठा ले गए। उसी बीच चोरों ने यूपी पुलिस में तैनात कांस्टेबिल सूरज सिंह पुत्र संतोष सिंह के घर की छत से ग्रिल में साड़ी बांधकर नीचे उतरे और वहां रखा सामान व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सूरज सिंह के मुताबिक देर रात में वह बाथरूम करने उठा और दरवाज़ा खोला तो दरवाज़ा बाहर से बंद था,इस पर उसने अपने पिता संतोष सिंह को आवाज़ दी,उन्होंने अपने कमरे का दरवाज़ा अंदर से खोला तो वह भी बाहर से बंद था। उस बीच घर में बैठे चोर बेखौफ हो कर चोरी को अंजाम दे रहे थे। इस तरह से पुलिस कांस्टेबिल को उसके घर से सुनाई दे रही आवाज़ सुनकर सारा कुछ समझने में देर नहीं लगी और उसने अपने आस-पड़ोस वालों को फोन करना शुरू कर दिया।जब तक गांव के लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलते, उससे पहले ही चोर सारा कुछ समेट कर वहां से निकल गए और गांव के दूसरे घरों में दस्तक दी,लेकिन लोगों के जागने से उनकी एक नहीं चली। सूचना मिलते ही वहां पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। घटना के बाद से हड़कंप मचा हुआ है। इस बारे में एसएचओ बघौली विवेक वर्मा ने बताया कि जांच की जा रही है, तहरीर आने पर केस दर्ज किया जाएगा।

**पुलिस एक्शन मोड पर**

महरी गांव के कई घरों में हुई चोरी की जांच करने में जुटी पुलिस ने आस-पड़ोस के इलाकों में दबिश देनी शुरू कर दी है। साथ कई संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। एसएचओ विवेक वर्मा ने बताया है कि बहुत जल्द ही सारा कुछ खुलासा कर लिया जाएगा।

# लखनऊ की ज्वैलरी शॉप में नौकरी करने वाले की मौत

रहस्य गहराया

▸▸ उलझी गुत्थी सुलझाने के लिए कराया गया शव का पोस्टमार्टम

संवाददाता, हरदोई



रोते-बिलखते युवक के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लखनऊ की एक ज्वैलरी शॉप में नौकरी करने वाला घर पहुंचा और वहीं उसकी हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। बताते हैं कि वह पहले से ही बीमार था, लखनऊ में ही इलाज हो रहा था। उसकी मौत की गुत्थी सुलझी होने पर उसे सुलझाने के लिए पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

बताया गया है कि अतरौली थाने के बड़ा मदनापुर निवासी 45 वर्षीय कमलेश पुत्र मंगू लाल लखनऊ में रहते हुए वहीं की एक ज्वैलरी शॉप में नौकरी करता था। जैसा कि बताया गया है कि वह बीमार था,उसका इलाज वहीं लखनऊ में हो रहा था।बुधवार को वह अपने घर लौटा और उसके दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह फिर से उसकी तबियत बिगड़ गई। उसके घर वालों ने एम्बुलेंस-108 की मदद से उसे इलाज के लिए सीएचसी कोथावां ले गए, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। कमलेश के घर वाले उसकी मौत बीमारी से होने की बात कह रहें हैं, लेकिन सीएचसी में तैनात ईएमओ ने मामला उलझा हुआ देख कर पुलिस को सूचना भेज दी। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। कमलेश के परिवार में उसकी पत्नी सीमा के अलावा बेटे सूरज,प्रिन्स और बेटी निशा,पिंकी व रासिका है। कमलेश की मौत से घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बहन को भूखा पेट देख कर भाई ने कर ली आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार:** मेहनत-मजदूरी करने वाले युवक से बहन को भूखे पेट नहीं देखा गया और उसने गांव के बाहर एक बाग़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मामला कासिमपुर थाने के तेरवा दहिगवां का बताया गया है।

बताया गया है कि तेरवा दहिगवां गांव निवासी 30 वर्षीय गोधन पुत्र सुबई मेहनत-मज़दूरी करता था और घर में छोटी बहन के अलावा कोई और नहीं था। शुरू से ही तंगी में जी रहे गोधन को शराब की लत लग गई और फिर उसी लत ने उसे लती बना दिया। नशे की वजह से उसका काम-धंधा हल्का पड़ गया, धीरे-धीरे उसकी तंगहाली का दायरा इतना बढ़ गया कि खाने को लाले पड़ने लगे। बात शुक्रवार की है,गोधन सुबह जब सो कर उठा और सामने मायूस बैठी बहन से पूछा क्या बात है छुटकी ? भूख की वजह से उसके मुंह से आवाज़ नहीं निकल रही थी, उसने बहन को ऐसी हालत तक पहुंचाने के लिए खुद को ज़िम्मेदार माना और बगैर बताए घर से बाहर चला गया। दोपहर बाद पता चला कि गांव के बाहर एक बाग़ में गोधन का शव फांसी पर लटक रहा है। गांव वालों के मुताबिक, तंगी के लिए गोधन खुद को जिम्मेदार बताता था। माना जा रहा है कि उसने उसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया। पुलिस पूछताछ कर रही है।

# मालगाड़ी का इंजन फेल होने से डाउन ट्रैक हुआ प्रभावित, लगा जाम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार:** हरदोई से लखनऊ की ओर जा रही मालगाड़ी का इंजन बालामऊ रेलवे स्टेशन के आउटर पर फेल हो गया। मालगाड़ी का इंजन फेल हो जाने से मालगाड़ी स्टेशन के पास बनी क्रासिंग पर ही रुक गई। जिसके चलते क्रासिंग पर लंबा जाम लग गया।

बालामऊ रेलवे स्टेशन के नजदीक ही रेलवे क्रॉसिंग है जो मुख्य क्रॉसिंग के रूप में जानी जाती है। कई वर्षों से इस क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम को देखते हुए क्षेत्र के लोग ओवर ब्रिज की मांग कर रहे हैं।जनप्रतिनिधि भी ओवरब्रिज की मांग कर चुके हैं लेकिन अब तक ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। मालगाड़ी के रेलवे क्रासिंग बीच खड़े हो जाने से दोनों तरफ से आने वाले वाहन जहां की कहां रुक गए ऐसे में क्षेत्र के लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ा। कुछ लोग लंबा रास्ता तय करके अपने गंतव्य तक पहुंचे। बालामऊ आउटर पर मालगाड़ी का इंजन फेल होने से मालगाड़ी जहां की तक खड़ी हो गई। मालगाड़ी के ट्रैक पर खड़े होने से डाउन ट्रैक प्रभावित हो गया। सुबह 11 बजे के करीब मालगाड़ी बालामऊ से गुजर रही थी कि तभी उसका इंजन फेल हो गया। इसके बाद मालगाड़ी बालामऊ स्टेशन के आउटर पर खड़ी रही। इस बीच रेल अधिकारियों द्वारा बालामऊ में खड़े दूसरे इंजन को लगाकर मालगाड़ी को आगे की ओर रवाना किया गया। 12:30 मिनट पर मालगाड़ी आगे अपने गंतव्य की ओर रवाना हो सकी। इसके बाद बालामऊ रेलवे स्टेशन के नजदीक मुख्य क्रॉसिंग को खोला जा सका। मालगाड़ी का इंजन फेल हो जाने से बाधित हुए रेल ट्रैक के चलते हरदोई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-3 व 5 पर भी मालगाड़ी खड़ी रही।

## सार-संक्षेप

### राजा दशरथ व कैकई के बीच हुआ संवाद का मंचन




रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार:** नुमाइश मेला मैदान में चल रही रामलीला में शुक्रवार को राजा दशरथ कैकई संवाद का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। रामलीला मंचन में दर्शाया गया कि महारानी कैकई महाराज दशरथ से अपने दो वरदान मांगती है जिसमें की प्रथम वरदान में अपने बेटा भरत के लिए अयोध्या का राज्य और दूसरे वरदान में प्रभु श्रीराम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांग लेती है यह सुनते ही राजा दशरथ गिर पड़ते हैं और कैकई से विनती करते हैं कि भरत को राजा भले ही बना लो पर राम को वनवास मत मांग लेकिन कैकई यह नहीं सुनती है। राजा दशरथ राम के वनवास जाने के वियोग में दुखी हो गए। यह दृष्य देखकर भक्त बड़े भावुक हुए।

### 51 प्रतिशत से अधिक वोट के लक्ष्य का लिया संकल्प



अभियान की शुरुआत करते भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन व पीके वर्मा।

**हरदोई, अमृत विचार:** भाजपा के गांव चलो अभियान की जिले में शुरुआत पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने नगर के मोहल्ला कौशलपुरी बूथ संख्या 218 एसडी कॉलेज पर प्रवास कर किया। यहां उन्होंने बूथ समिति की बैठक में पन्ना प्रमुख भी उपस्थित रहे। अजीत सिंह बब्बन ने मतदाता सूची का निरीक्षण कर बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों के कार्य का निर्धारण किया। बूथ पर विगत चुनाव में भाजपा को प्राप्त मतों के आधार पर समीक्षा की आगामी चुनाव में 51 प्रतिशत से अधिक वोट प्राप्त करने का लक्ष्य और योजना तैयार की। लाभार्थी वर्ग से संपर्क कर विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत केंद्र की योजनाओं में पंजीकृत व्यक्तियों से संपर्क किया। जिलाध्यक्ष के बूथ पर प्रवास के दौरान नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय, सेक्टर संयोजक प्रदीप सिंह मोनू, बूथ अध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जयशंकर मिश्र की पुण्य तिथि पर हुई काव्य गोष्ठी




काव्य पाठ करते कवि। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार:** सुकवि जयशंकर मिश्र की पुण्य-तिथि पर संस्कार भारती द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि निशानाथ अवस्थी निशंक ने की। कार्यक्रम मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ तथा सुकवि जयशंकर मिश्र को पुष्प सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। अगली कड़ी में विशिष्ट कवि सुरेन्द्र नाथ अग्निहोत्री और कवि मदन मोहन पांडेय का विशेष सम्मान किया गया। गोष्ठी का प्रारंभ आकांक्षा गुप्ता की वाणी वंदना राष्ट्र के यज्ञ में तन ये संविधा बने बस यही कामना मेरी मां शारदे से हुआ। नवोदित कवियत्री पल्लवी मिश्रा ने 'जिसको देखते ही काम मर जाए, ऐसी प्रीति की भव्यता दूं मैं' पढ़कर तालियां बटोरीं। कवियत्री आकांक्षा गुप्ता ने 'जिंदगी की जटिलता है वट वृक्ष सी और अनुभव मेरा नवसृजित बेल है' पढ़कर खूब तालियां बटोरी। कवि विमल कुमार शुक्ला ने 'भवरें ने क्या फूंक दिया है मंत्र काली के कान में खिल-खिल करके खुशबू हंस दी कर दी जग को दान में' पढ़कर वाह-वाही लूटी। शायर गीतेश दीक्षित की कविता 'ग़मों की धूम में हूं वफा की छांव बन जाओ,शहर की बेरुखी छोड़ो हमारा गांव बन जाओ' खूब सराही गई। कवि धीरज चित्रांश ने 'जल रहा कुछ हृदय में जल रहा,गीत पढ़ा। कवि वैभव शुक्ला ने 'दुनिया वालों ने घर सिर्फ जिसको कहा,स्वर्ग उसको बनाया है मां बाप ने' सुनाया। संस्कार भारती के उपाध्यक्ष अभिनव दीक्षित 'जय सनातन जय सनातन जय सनातन,विश्व के कल्याण का यह पथ सनातन' पढ़ा। विजय मिश्र के आयोजन में केके अवस्थी,मनीष त्रिपाठी,रोहित सिंह आदि मौजूद रहे। समापन संयोजक सतीश शुक्ला की पंक्तियां 'मन में राम है तन में राम दुनिया के कण-कण में राम' से हुआ।

# बिजली गुल होने से पानी का संकट

परेशानी

▸▸ साड़ी रोड पॉवर हाउस में अंडरग्राउंड केबल फुंक जाने से दर्जनों मोहल्ले रहे अंधेरे में

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार:** साड़ी रोड पॉवर हाउस में गुरुवार की रात अंडरग्राउंड केबल फुंक जाने से दर्जनों मोहल्ले की बिजली गुल हो गई। सुबह होते ही लोगों को बिजली की समस्या का सामना करना पड़ा। बिजली न आने से लोगों के इनवर्टर काम करने बंद हो गए। पानी न मिलने से लोगों को सर्दियों के दिनों में नहाने धोने में काफी समस्या का सामना करना पड़ा।

बताते चलें गुरुवार की रात सांडी रोड पावर हाउस पर अंडरग्राउंड केबल खराब हो गया। जिसके चलते लक्ष्मी पुरवा, रामनगरिया, विभूति नगर, कृष्ण नगरिया, बिलग्राम चुंगी भामाशाह नगर सराय थोक पश्चिमी सहित आधा दर्जन से अधिक मोहल्ले में अंधेरा छा गया। शुक्रवार की सुबह लोगों के घरों में पानी की समस्या पैदा हो गई। नहाने धोने के लिए घंटो लोग इंतजार करते रहे। अंततः उन्हें किसी प्रकार काम चलाना पड़ा। कई मोहल्ले में एक साथ बिजली गुल होने की यह पहली घटना नहीं है। एक सप्ताह पूर्व करीब 8 घंटे बिजली बंद रही थी। बता दें कि सांडी रोड पावर हाउस पर आए दिन खराबी रहती हैं। सरकार खराबियों को दूर करने के लिए करोड़ों का बजट भेजती है, लेकिन उन्हीं पुराने उपकरणों व विद्युत तारों के सहारे चल रही विद्युत व्यवस्था कब दम तोड़ दे इसका अंदाजा अधिकारियों को भी नहीं होता है। खास बात यह है कि बिजली न होने की जानकारी लेने के लिए जब लोग अधिकारियों को फोन करते हैं ,तब किसी भी जिम्मेदार का फोन उठाता ही नहीं है। इसकी शिकायत कई जनप्रतिनिधि जिला अधिकारी की बैठक में भी कर चुके हैं कि बिजली विभाग के अधिकारी किसी का फोन नहीं उठाते हैं।

### गैर इरादतन हत्या में तीन भाइयों में से 4 को कैद

**हरदोई, अमृत विचार:** अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार यादव ने एक फैसले में गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपित तीन सगे भाइयों समेत चार लोगों को जुर्म साबित होने पर सात-सात साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने इन आरोपितों पर 65-65 सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना अरवल क्षेत्र के ढकपुरा निवासी जितेंद्र नीरज दीपू तीनों सगे भाई व परिवार के ही अखिलेश ने 3 दिसंबर 2013 को गांव के नन्हे व उसकी मां श्रीदेवी को लाठी-डंडा बांका से वार कर गंभीर चोट पहुंचाई। अगले दिन श्रीदेवी की मृत्यु हो गई। नन्हे ने रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना का कारण पैसों को लेकर विवाद रहा। सत्र न्यायाधीश ने सबूत के आधार और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर चारों आरोपितों पर गैर इरादतन हत्या का जुर्म साबित पाया और उन्हें 7 -7 की कैद व 65-65 सौ रुपए का जुर्माना लगाया।

# यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए दिए गए टिप्स

**हरदोई, अमृत विचार:** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण. जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 विषय पर एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम/प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद न्यायालय के केंद्रीय सभागार में समस्त विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ किया गया।

कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम 2013 आयोजित जागरूकता/प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर जिला जज/सचिव सुधाकर दुबे ने जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं का उत्पीड़न रोकथाम,निषेध एवं निवारण अधिनियम 2013 विषय पर संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्तमान समय में जो महिलाएं अपने घरों से बाहर निकल कर कार्य करने वाली समस्त महिलाओं के लिए यह अधिनियम बनाया गया है। इसमस्त विभागों के नोडल अधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता रहे।

जागरूकता

**उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार के तहत बिलग्राम चुंगी स्थित कृषक सभागार में आयोजित किया गया रेसीपी व उपभोक्ता कार्यक्रम**

# डीएम-एसपी ने स्टॉलों पर जाकर लिया मिलेट्स से बने व्यंजनों का स्वाद

हरदोई कार्यालय



स्टॉलों का अवलोकन करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को रेसीपी एवं उपभोक्ता कार्यक्रम का आयोजन बिलग्राम चुंगी स्थित कृषक सभागार में किया गया। इसमें जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मिलेट्स से बने विभिन्न व्यंजनों के स्टॉलों पर जाकर स्वाद का आनंद लिया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह एवं विशिष्टि अतिथि केशव चंद्र गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक, धनंजय मिश्र सदस्य क्षेत्र पंचायत एवं जिला विकास अधिकारी ने गोष्ठी का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा अधिकारी एवं किसानों के साथ अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, केवीके वैज्ञानिक, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी व भारी संख्या में कृषक मौजूद रहे। कार्यकम में वेणी माधव विद्यापीठ बालिका इण्टर कालेज, वैदिक विद्या मन्दिर इण्टर कालेज के छात्र एवं छात्राओं, कृषि विज्ञान केन्द्र, एचके होटल, ट्रीट गार्डन, मिर्चाराम स्वीट्स हाउस, फिरगीज बेकर्स, माही केटर्स, चौधरी ट्रेडर्स एवं सियाराम स्वीट्स आदि निजी संस्थान व व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा मिलेट्स से बने विभिन्न प्रकार के उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। इनमें रागी, कोदो, सावां, बाजरा, ज्वार, आदि से बने उत्पाद जैसे कि बाजरा, रागी व कूटू के आटे के लड्डू, बाजरा की खिचड़ी, कचौड़ी, चौसेले, दलिया, बाजरा टोस्ट, रागी का हलवा, रागी फूट पुआ, सावां की खीर, ज्वार ब्राउनी, ज्वार बनाना केक, ज्वार के गुलाब जामुन, मक्का का पराठा, मक्के रोटी आदि बने उत्पादों के प्रति लोगों का काफी आकर्षण रहा। कार्यकम में सभी लोगों ने मिलेट्स के व्यजनों का स्वाद लिया गया। सावां की खीर और ज्वार के गुलाब जामुन काफी पसंद किया गया। इस दौरान मौजूद लोगों को मिलेट्स के फायदे बताते हुए कई जानकारियां भी दी गईं। कार्यक्रम में कई अधिकारी, कर्मचारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# जर्जर भवन और असुविधाओं के बीच रुके कर्णधार नौनिहाल

## बेसिक शिक्षा अधिकारी बोले - सब फर्स्ट क्लास, मंडलस्तरीय होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता के प्रति संजीदा नहीं दिखे जिम्मेदार

फॉलोअप

बड़ा सवाल

▸▸ ऐसी लापरवाही के बीच कैसे निखरेगी कर्णधारों की प्रतिभा

अभिषेक सिंह


स्कूल परिसर में जमीन पर बैठकर बच्चों के लिए लंच पैकेट तैयार करता कर्मी।


स्कूल भवन के अंदर दीवार का टूट रहा प्लास्टर और खुली खिड़की।


कमरों में खिड़की से दरवाजे गायब होने पर नैनिहालों ने लगाये तौलिये। अमृत विचार


स्कूल भवन के पिछले हिस्से में उगी झाड़ियां व जर्जर खिड़कियों के शेड।


मिशन स्कूल के भवन की खिड़कियों में उगी बड़ी घास।


स्कूल का जर्जर शौचालय व टूटा पड़ा यूरिनल का पाइप। अमृत विचार

**सीतापुर।** जिला मुख्यालय पर आयोजित दो दिवसीय मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता भारी अव्यवस्थाओं के बीच संपन्न हो गई। तय बजट से अधिक खर्च होने के बाद भी प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं के ठहरने और भोजन की उचित व्यवस्था नहीं हो सकी। शुक्रवार को अव्यवस्था को उजागर करने के बाद बढ़ी हलचल के बाद व्यवस्था को सुधारने की जगह जिम्मेदार फर्जी रिपोर्टिंग का दावा करके तथ्यों को सिरे से नकारने में लगे रहे। इतना ही नहीं बल्कि जर्जर भवन को दुरुस्त बताकर उन कमरों में कक्षाओं के चलने का भी दावा किया गया। जबकि भवन की स्थापना 1889 में हुई थी।

बताते चलें कि जिला मुख्यालय के ध्यान चंद्र स्टेडियम पर दो दिवसीय मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में सीतापुर समेत लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, उन्नाव,लखीमपुर खीरी जिलों से आये करीब 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। दो दिवसीय प्रतियोगिता होने के कारण प्रतियोगी छात्रों के ठहरने व खाने का इंतजाम भी शिक्षा विभाग की ओर से किया गया था। लेकिन इन नौनिहालों को जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ा। प्रतियोगिता में शामिल छात्रों को न तो ठहरने की उचित व्यवस्था हो सकी और न ही आरामदायक बिस्तर मुहैया हो सका। जिसके चलते कर्णधारों को समुचित व्यवस्था से ही संतोष करना पड़ा। इतना ही नहीं गुरुवार की रात कमरों की टूटी खिड़कियों ने इन नौनिहालों को और मुश्किल में डाल दिया। किसी तरह तेज ठंडी हवाओं के थपेड़ों से खुद को बचाते हुए इन नौनिहलों ने जर्जर कमरों में रात गुजारी। अव्यवस्था की खबर को जब अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया तो विभाग में हड़कंप मच गया। अपनी कारगुजारी को छिपाने के लिए जिम्मेदारों ने खबर को तथ्यपरक और फर्जी रिपोर्टिंग का हिस्सा बताया। बीएसए अखिलेश सिंह ने नसीहत देते हुए बताया कि खबर में दिन की फोटो को लगाकर रात का दर्शा दिया गया है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि खबर लिखने से पहले आपको स्थलीय निरीक्षण करना चाहिए था।

### खिड़कियों में उगी घास

मेथोडिस्ट मिशन जूनियर गर्ल्स स्कूल में भवन का आलम यह है कि खिड़कियों से दरवाजे ही गायब थे। इतना ही नहीं कमरों के वेंटिलेशन के लिए लगाईं गयी खिड़कियों में घास भी उग आई है। तस्वीरों में स्कूल के भवन की हालत को देखकर अगर बीएसए की मानें तो जरूर ही शिक्षण कार्य के दौरान बच्चों को खतरें की आशंका से मना नहीं किया जा सकता है। स्कूल के शौचालय का हाल बेहद ही चिंताजनक था। यहां गंदगी की भरमार थी और पानी की पाइप सहित यूरिनल भी जर्जर अवस्था में नजर आये।

> आपके अखबार में जिस भवन को जर्जर बताया गया है वह सुरक्षित है। इन कमरों में बैठकर बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। ठंडे खाने की बात पर कहा कि खाने की व्यवस्था प्रांगण में कराई गई थी जिससे उन्हें गर्म खाना ही परोसा गया था। कमरों में बच्चों को पर्याप्त रजाई और गद्दों का इंतजाम किया गया था। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं थी।
>
> -अखिलेश सिंह, बीएसए

### डिब्बों में पैक हुआ लंच पैकेट

खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने आये नौनिहालों को जिम्मेदार गर्म खाना परोसे जाने की बात स्वीकार कर रहे हैं। बावजूद इसके स्कूल में इससे इतर ही व्यवस्था ही दिखाई दी। शुक्रवार की दोपहर जमीन पर बैठकर एक व्यक्ति मिठाई के डिब्बों में खाने को भरकर लंच पैकेट तैयार करते हुए नजर आया। इससे यह साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि कैसे नैनिहालों को गर्म खाना मुहैया हो सका होगा।

### 93 हजार का बजट, खर्च अधिक

बीएसए अखिलेश सिंह ने बताया कि उन्हें इस आयोजन के लिए तो महज 93 हजार रुपये ही बजट मिलता है। जबकि इस कार्यक्रम में करीब दो लाख से अधिक का खर्च आता है। अब सवाल यह उठता है कि 93 हजार की जगह लाखों खर्च होने के बाद भी छात्र-छात्राओं को रहने के लिए टूटी खिड़की वाले कमरे ही मुहैया हो सके। फिलहाल इन बातों से यह तो साफ हो जाता है कि जिम्मेदार ऐसे कार्यक्रमों के लिए बिल्कुल भी संजीदा नहीं हैं। फिर सवाल उठता है कि जिम्मेदारों की ऐसी लापरवाही से देश कर्णधारों की प्रतिभा कैसे निखर सकेगी।

### 1889 में स्थापित हुआ था भवन

जर्जर भवन और बगैर दरवाजों के खिड़की वाले मैथोडिस्ट गर्ल्स जूनियर हाई स्कूल में उन्नाव से आये करीब 125 बच्चों के रुकने की व्यवस्था की गई थी। इस भवन की स्थापना वर्ष 1889 में हुयी थी। प्लास्टर टूट रहे कमरों में रुके कर्णधारों को ठण्ड से बचाव के लिए अपने तौलिये का इस्तेमाल कर हवा को रोकने के लिए लगाना पड़ा। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि भवन के आगे हिस्से में जंगल और झाड़ियों से घिरे हुए कमरों में बच्चों ने कैसे रात गुजारी होगी। खिड़कियां खुली होने से बच्चों को जंगली जानवर का भी खतरा बना रहा होगा।

## एक नजर

### हल्द्वानी में हिंसा के बाद अलर्ट रहा पुलिस प्रशासन

**सिधौली।** हल्द्वानी में गुरुवार रात हुई हिंसा और बवाल की घटना के बाद शुक्रवार को सिधौली प्रशासन अलर्ट रहा। तहसील प्रशासन और सीओ के साथ-साथ थाना प्रभारी, पुलिस बल के साथ क्षेत्र की मस्जिदों के सामने तैनात रहे। सीओ शोभित कुमार व कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह पूरे दिन अलर्ट रहे। शुक्रवार को तहसीलदार विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार व कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ सिधौली, बाड़ी, मानव, अहमदपुर जट, गड़िया हसनपुर, रमदाना सहित क्षेत्र के कई स्थानों का भ्रमण किया। क्षेत्र में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई।

### बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

**सेउता-सीतापुर, अमृत विचार।** रेउसा थाना इलाके में रेउसा-महमूदाबाद मार्ग पर चंदौली भट्ठे के पास दो बाईकों की भिड़ंत में रेउसा कस्बा निवासी आकाश पुत्र मैकू, शैलेंद्र पुत्र विजय कुमार और रोशन पुत्र राजेश रस्तोगी घायल हो गए। वहीं दूसरी बाईक का चालक जुबेर निवासी करसा थाना रेउसा को चोटें भी आई। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी रेउसा ले जाया गया। जहां सभी का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर रूप से चोटिल हुए दोनों बाईकों के चालक रोशन और जुबेर को अस्पताल में भर्ती किया गया।

### श्री शतचंडी महायज्ञ की शुरुआत आज से

**रामपुर मथुरा।** कस्बे के निकट ग्राम फतुहापुर में शनिवार को प्रातः 8 बजे से भव्य कलश यात्रा मंदिर दर्शन नगर भ्रमण के साथ श्री शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ होगा। श्री शतचंडी महायज्ञ का अनुष्ठान 18 फरवरी रविवार को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा। महायज्ञ कार्यक्रम में रोजाना दिन में प्रातः 6 बजे से शाम 5 बजे तक आचार्य द्वारा श्री शतचंडी पाठ एवं वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ हवन पूजन जाप जैसे पवित्र धार्मिक अनुष्ठान होंगे। तत्पश्चात नैमिषारण्य धाम से पधारे श्री श्री 1008 ओम प्रकाशानंद सरस्वती जी महाराज के मुखारविंद से शाम 6 बजे से हरि इच्छा तक संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा होगी। साथ ही मथुरा वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा मनमोहक सुंदर झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। महायज्ञ का आयोजन अनिल शुक्ला उर्फ गुड्डू एवं क्षेत्र द्वारा आपसी सहयोग से कार्यक्रम किया जा रहा है।

### नाले में मिले अधेड़ के शव की हुई शिनाख्त

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार।** थानांतर्गत इस्माईल गंज में बुधवार को नाले में मिले अधेड़ का शव की शुक्रवार को शिनाख्त हो गई। मृतक का नाम जंगी बारी है वह निवासी ईसानगर जनपद लखीमपुर खीरी का निवासी था। तंबौर में अपने बहन-बहनोई निवासी नरियनटोला के यहां रहता था, बताया जा रहा है कि मृतक शराबी मानसिक विक्षिप्त था।

### पुलिस ने 10 हजार के इनामी को पकड़ा

**रामपुर मथुरा।** पुलिस ने फरार चल रहे 10 हजार के इनामी अपराधी व एक अभियुक्त को पड़कर न्यायालय भेजा है। प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र पांडे ने टीम बनाकर जारी तलाश अभियान के अंतर्गत पिंटू पुत्र रहमुद्दीन निवासी ग्राम नटनिया को किरतपुर के पास से गिरफ्तार व दूसरे अभियुक्त गुलफाम पुत्र कुर्बान निवासी भगौतीपुर को बांसुरा चैराहे से गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा है। पिंटू पर थाना थानगांव में चार मुकदमे थाना रामपुर मथुरा में छः मुकदमे दर्ज है। प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम ने किरतपुर मोड़ से 10 हजार के इनामी अपराधी पिंटू को गिरफ्तार किया है, जिसे न्यायालय भेजा गया है।

# श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 4 दर्जन घायल

संवाददाता, सीतापुर

हादसा

▸▸ अयोध्या से दर्शन कर बस से वापस लौट रहे थे श्रद्धालु

**अमृत विचार।** रामपुरकलां थाना इलाके में अयोध्या से दर्शन कर वापस आ रहे बीजेपी कार्यकर्ताओं की बस हादसे का शिकार हो गई। ट्रक से टकराकर अनियंत्रित होकर बस खाई में जाकर पलट गई। हादसे में बस में सवार 45 लोगो को चोटें आई। डॉक्टरों ने दो लोगो की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। हादसे की सूचना पर बीजेपी जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित संगठन के पदाधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

जानकारी के अनुसार, बीजेपी जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में सीतापुर से करीब 140 बसों का जत्था बीजेपी कार्यकर्ताओं को लेकर अयोध्या राम मन्दिर में दर्शन के लिए गया था। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह तड़के करीब 5 बजे देवकलियां इलाके में सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकराकर बस अनियंत्रित हो गई। टक्कर के बाद बस खाई में जाकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई।

सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने सभी घायलो को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। कार्यकर्ताओं के उपचार के दौरान डॉक्टरों ने 6 घायलो को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गंभीर घायलो में खुशीराम (48) पुत्र सर्वेश, सर्वेश (40) पुत्र हरद्वारी, सुनील (40) पुत्र विश्वम्भर, गोविंद लाल (56) पुत्र देव दयाल सहित नवेंद्र (40) पुत्र मंसाराम शामिल है। सभी घायलो का इलाज जारी है जबकि गंभीर घायल सुनील पुत्र विशंभर को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। हादसे की सूचना के बाद बीजेपी जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला,महामंत्री राजेश शुक्ला,नगर अध्यक्ष आकाश अग्रवाल,जिला मंत्री जया सिंह सहित अन्य लोगो ने अस्पताल पहुंचकर घायलो का हाल जाना और सीएमएम से बातचीत कर उचित स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।


हादसे के बाद खाई में पलटी बस। अमृत विचार

## मूर्तियों को कराया गया धूपाधिवास व गंधाधिवास

**महमूदाबाद।** मां संकटा देवी धाम में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ के छठें दिन यज्ञाचार्य पंडित अखिलेश चंद्र शास्त्री सहित अन्य आचार्यों ने पूर्व आवाहित देवताओं के साथ गौ पूजन सम्पन्न हुआ। यज्ञ के दौरान चंडी सहस्रनामावल्या, पीठ देवता व नवार्ण मंत्र का हवन सम्पन्न हुआ। नवनिर्मित मंदिरों में स्थापित होने वाली देव प्रतिमाओं को शुक्रवार को विधिवत पूजन-अर्चन के बाद धूपाधिवास व गंधाधिवास कराया गया। शनिवार को पूजन-अर्चन के बाद प्रतिमाओं का मिष्ठानाधिवास के साथ आरती पूजन संपन्न होगा। श्री शतचंडी महायज्ञ में मां संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, किरन वाजपेयी, आंजनेय आशीष वाजपेयी, ऋतुजा वाजपेयी आरजे वर्मा, सुशीला वर्मा, शशांक वर्मा, शिवानी वर्मा, चंद्रकांत रस्तोगी, रिचा रस्तोगी, शशिकांत रस्तोगी ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया।

## सार-संक्षेप

### चुनाव आयोग की नियमावली का अध्ययन करें अधिकारी



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के संबंध में तैनात प्रभारी अधिकारियों/सहायक प्रभारी अधिकारियों की बैठक जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी को निर्देश दिये कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए सौंपे गये कार्य एवं दायित्वों का सम्यक निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों द्वारा दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रस्तुत कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। साथ ही कहा कि सभी अधिकारी आयोग द्वारा जारी सुसंगत नियमावली/निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें एवं आयोग के निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए रूटचार्ट तत्काल प्रस्तुत किया जाये। वाहनों, कार्मिकों, स्टेशनरी सहित अन्य सामग्रियों की समय से उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कार्यवाही की जाये। सभी अधिकारी पोलिंग बूथों का समय से निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं आवागमन हेतु सुविधा भी देख लें। उन्होंने कहा कि सभी टेण्डर प्रक्रियाएं भी समय से पूर्ण कर ली जाये। प्रशिक्षण हेतु समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिशचन्द्र प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### अमर शहीदों के जीवन से लेना चाहिए प्रेरणा


श्री शतचंडी महायज्ञ में आहुतियां डालते राज्यमंत्री व अन्य अतिथि। अमृत विचार

**महमूदाबाद।** हमारा देश राम के आदर्शों पर चलने वाला देश है। हर युवा को राम के आदर्शों का पालन कर उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। अपना देश पुनः विश्व गुरु बनने की ओर लगातार अग्रसर है। यह विचार मां संकटा देवी मंदिर में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ के छठे दिन प्रदेश सरकार के खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने युवाओं से भरे खचाखच पंडाल में मां संकटा देवी मंदिर में युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए साझा किये। उन्होंने कहा कि देश पर मर मिटने वाले अमर शहीदों के जीवन से हमें लगातार प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व फर्रुखाबाद के एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा कि हमें आपस में भेदभाव न करके सर्व समाज को आगे बढ़ाना होगा तभी हम फिर से विश्व गुरु का पद प्राप्त कर सकते हैं। समारोह को विधानसभा कुर्सी के विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि देश का युवा ही देश को बदलने की ताकत रखता है। जिस ओर युवा अपना रूख कर लेता है उसे और जमाना भी चलने लगता है। युवा सम्मेलन में आए अतिथियों का स्वागत मां संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, डॉ भास्कर शर्मा, सरोज शुक्ल, शशांक वर्मा, शिवदास पोरवाल, मुरारी लाल रस्तोगी, कृतार्थ मिश्र, विशाल गुप्त, सुरेंद्र सिंह, पीयूष वर्मा, राजकुमार वर्मा, अशोक नाग, राजेंद्र मुंशी, अरविंद त्रिपाठी, नरेंद्र पाडेंय, शिवम विक्रांत सहित अन्य लोगों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। संचालन डॉ. रजनीश मिश्र ने किया।

### भ्रूण हत्या इस धरती का सबसे बड़ा पापः ऋचा

**सीतापुर।** श्रीराम कथा के छठें दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचिका ऋचा मिश्रा ने कहा कि रामावतार मानव रूप में मर्यादा का अवतरण है। राम का नाम उनके चरित्र का सजीव दर्शन बन गया है। हनुमान राम धुन में आज तक रमे हुए है। राम का नाम लेने वाला मानव स्वयं पवित्र हो जाता है। मनुष्य को बेटा बेटियों में भेद नहीं करना चाहिए। बेटियां दो परिवारों को रोशन करती हैं। यदि बेटियां नहीं होंगी तो सृष्टि का संतुलन बिगड़ जाएगा। आज हर क्षेत्र में बेटियां परिवारों व समाज का नाम रोशन कर रही हैं। बेटियों की भ्रूण हत्या इस धरती का सबसे बड़ा पाप है। अनेक माता-पिता दहेज दानव के भय से बेटियों को जन्म लेने नहीं देते। दहेज दीमक की तरह समाज को खोखला बना रहा है। आदि काल में दहेज का नामोनिशां नहीं था।

### बंद घर से नकदी और जेवरात गायब

**रेउसा।** क्षेत्र के कम्हरिया शेखुपुर गांव में मल्लापुर के निवासी संदीप कुमार पुत्र जन्हवी ने रेउसा थाने में तहरीर दी। जिसमें कहा गया है कि वह पांच से सात फरवरी में परिवार सहित सीतापुर बहन की शादी में शामिल होने गए थे। संदीप का कहना है कि परिजनों के गैरहाजिरी में छोटू पुत्र गुड्डू, अंशु पुत्र प्रताप निवासी कम्हरिया, कौशल पुत्र अज्ञात निवासी नकहा कनेवड़ा थाना रेउसा ने रात में घर के बक्से अलमारी का ताला तोड़कर गृहस्थी में रखा सामान जेवरात, चांदी के सिक्के 10, फुले के बर्तन, बटुला व 15000 की नगदी सहित करीब दो लाख की सम्पत्ति पर हाथ साफ कर दिया है। इस प्रकरण में रेउसा थानाध्यक्ष घनश्याम राम ने बताया दोषियों के ऊपर करवाई की जाएगी।

# देश की सबसे झूठी पार्टी है भाजपाः जयशंकर

▸▸ सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने फूंका चुनावी बिगुल

**महोली, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी मजबूती लोकसभा के चुनाव में लग जाए क्योंकि पूरा देश भाजपा सरकार से सताया हुआ है। ये बात यूपी के पूर्व मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय सचिव जयशंकर पांडे ने आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। पूर्व मंत्री जयशंकर पांडे ने कहा कि हिंदुस्तान में जितने भी राजनीतिक दल हैं उनमें से सबसे झूठी पार्टी यदि कोई है, तो वह भारतीय जनता पार्टी है।

कार्यक्रम में लखीमपुर जिले के पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने मौजूद कार्यकर्ताओं को वोटर लिस्ट की बारीकियां के बारे में जानकारी दी। पूर्व मंत्री एवं सपा नेता रामहेत भारती ने कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं जोश भरते हुए बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत कर सपा के पक्ष में वोट डलाने का काम करेंगे।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने जमकर भड़ास निकाली और महोली चीनी मिल का मुद्दा भी कार्यकर्ता सम्मेलन में गूंजा। कार्यक्रम के अंत में धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने मौजूद कार्यकर्ताओं से यह कहते हुए उनका दिल जीत लिया कि आप सभी तो हमारे परिवार के सदस्य हैं और मुझे उम्मीद है आप सभी जीत का माला अवश्य पहनाएंगे। कार्यक्रम को कस्ता विधायक के पूर्व विधायक सुनील लाला और सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव सहित अन्य कई लोगों ने भी सम्बोधित किया।


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सपा के राष्ट्रीय सचिव जयशंकर पांडेय। अमृत विचार

मौनी अमावस्या

## सूर्यकुंड मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान कर भोले शंकर की विशेष पूजा अर्चना की

# मौन व्रत रखकर श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में लगाई डुबकी

संवाददात, सीतापुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर पर शुक्रवार को मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मौन व्रत रखकर पवित्र सरोवर में स्नान कर भोले शंकर की विशेष पूजा अर्चना की और सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के सैलाब ने पवित्र सरोवर में स्नान कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए भगवान कामेश्वरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की।

मौनी अमावस्या के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने पवित्र सूर्य कुंड मंदिर स्थित पवित्र सरोवर में स्नान कर कामेश्वरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की, मान्यता है कि इस पवित्र सरोवर में स्नान करने से मनुष्य सभी रोगों से मुक्त हो जाता है। मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह हवन पूजन किया और सुख समृद्धि के लिए भगवान शंकर का रुद्राभिषेक कर भगवान की कथा को श्रवण कर यथाशक्ति जरूरतमंदों को दान किया।

इस मौके पर आयोजित भंडारों में भारी संख्या श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। मौनी अमावस के अवसर पर मंदिर प्रांगण में एक मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें आए हुए श्रद्धालुओं ने अपनी आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की और बच्चों ने मेले का आनंद उठाया। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा।


सूर्यकुंड मंदिर पर मौनी अमावस्या पर स्नान करने आये श्रद्धालु। अमृत विचार

## बीडीओ के कार्यालय में न बैठने से किसान यूनियन नाराज

**पहला।** विकासखंड पहला के समीप हनुमान मंदिर पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन ने एक मासिक बैठक का आयोजन किया। जिसमें विकासखंड पहला के खंड विकास अधिकारी द्वारा किसी भी दिन अपने कार्यालय में न बैठने पर नाराजगी जताई गई। ऐसे में लिपिक सूफिया खातून उर्दू अनुवादक को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि खंड विकास अधिकारी सरकार द्वारा दिए गए आदेश को भी नही मानते हैं। एक सप्ताह में 16 फरवरी तक अगर खंड विकास अधिकारी अगर अपने कार्यालय में नही बैठे, तो हम इसकी शिकायत लेकर मुख्यमंत्री तक जायेंगे। ज्ञापन देने वालों में सुरेंद्र प्रताप पटेल ब्लॉक अध्यक्ष पहला कंधई लाल, कमलेंद्र कुमार,अरुण कुमारप्रवेश कुमार शिवशंकर सच्चिदानंद पटेल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

स जीवति गुणा यस्य धर्मो यस्य च जीवति।
गुणधर्मविहीनस्य जीवनं निष्प्रयोजनम् ॥

जिस व्यक्ति के धर्म और गुण जीवित हैं। वास्तविकता में वही जीवन जी रहा है। इनके बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं है।

## संपादकीय

# सुरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) भू-राजनीति के लिए हाल के दिनों में निर्णायक बन गया है। क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी, सामरिक उद्देश्यों के लिए उसकी आर्थिक भागीदारी और भू-राजनीतिक हसरतों ने आईओआर में अमेरिका, रूस, फ्रांस और यूरोपीय संघ जैसी ताकतों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। परिणाम स्वरूप आईओआर में सामरिक प्रतिद्वंद्विता और प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी हुई है। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिये साझा जिम्मेदारी और केंद्रित प्रयासों की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन, समुद्र का बढ़ता स्तर और समुद्री प्रदूषण आईओआर में महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौतियां हैं। हिंद महासागर पर केंद्रित सातवां दो दिवसीय सम्मेलन पर्थ में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में भाग लेने गए विदेश मंत्री ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से शुक्रवार को मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन में 22 से अधिक देशों के मंत्री, 16 देशों के वरिष्ठ अधिकारी और 6 बहुपक्षीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का विषय है- स्थाई और सतत हिंद महासागर की ओर। गौरतलब है कि सम्मेलन क्षेत्र के महत्वपूर्ण राज्यों और प्रमुख समुद्री साझेदारों को आम मंच पर लाने का प्रयास करता है ताकि क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (एसएजीएआर) के लिए क्षेत्रीय सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जा सके।

हिंद महासागर सम्मेलन (आईओसी) 2016 में शुरू हुआ था और पिछले वर्षों में यह क्षेत्रीय मामलों पर क्षेत्र के देशों के लिए प्रमुख परामर्शदात्री मंच के रूप में उभरा है। हिंद महासागर क्षेत्र प्रमुख शक्तियों के बीच भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा के लिए आकर्षण का केंद्र है। प्रतियोगिता में रणनीतिक हित, प्रभाव और संसाधनों तक पहुंच शामिल है, जिससे तनाव और संघर्ष होते हैं। चीन हिंद महासागर में भारत के हितों और स्थिरता के लिए चुनौती रहा है। भारत के पड़ोसी चीन से सैन्य और ढांचागत सहायता प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे में हिंद महासागर क्षेत्र में सभी भागीदारों के हित के लिए ये ज़रूरी है कि वो एक साथ रहें और इस क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्थिरता के सामूहिक हित के लिए काम करें। देशों को अपनी सामाजिक संरचना की रक्षा करते हुए उग्रवाद और कट्टरवाद से उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए आवश्यक समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। सुरक्षित और स्थिर हिंद महासागर क्षेत्र के लिए आवश्यक सोच, नीति और दृष्टिकोण में प्रमुख बदलाव के साथ ही कई व्यावहारिक कदम उठाए जाने की भी आवश्यकता है।

# लोकप्रिय विज्ञान लेखन और भारतीय शब्दावली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया।

भारत सरकार द्वारा मानव संसाधन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाली संस्था 'वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग' द्वारा दो खंडों में प्रकाशित हिंदी भाषा में तकनीकी और वैज्ञानिक शब्दावली कोश होने के बावजूद पिछले 45 वर्ष से हिंदी में विज्ञान की बात सामान्य और साधारण शैली में लिखते हुए अभी तक मैं अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध शब्दावली का इस्तेमाल करने के लिए विवश हूं।

वैज्ञानिक और तकनीकी शब्द अगर ऐसे हैं जिनसे आमजन परिचित नहीं और उन्हें समझने के लिए यदि उसे शब्दकोश का सहारा लेना पड़ेगा तो वह लेख को पढ़ेगा ही नहीं। इसके लिए मुझे लेखन प्रक्रिया के दौरान गैर हिन्दुस्तानी शब्द के भाव और निहितार्थ को समझाने के लिए व्याख्या देनी होती है। प्रिंट मीडिया में उपलब्ध स्पेस में ही अपनी बात कहनी होती है। लोग कहते हैं यह 'पॉपुलर साइंस' शैली है लेकिन मेरा मानना है कि 'आसान' भाषा में लिखा हुआ मजमून आमजन में से अगर पांच प्रतिशत ही पढ़ते हैं तो यह 'पॉपुलर' कैसे हुआ अर्थात न तो लोक विज्ञान हुआ और न ही 'प्रिय'? यह अलग बात है कि विज्ञान की समझ बढ़ाने के लिए रुचि अनुसार लोक शैली में लिखे गए विज्ञान लेख और फीचर्स को पाठक पढ़ लेते हैं। 'पॉपुलर साइंस' टर्म भी पश्चिम के अखबार, पत्रिका या पुस्तिक लेखन के भाषाई स्वरुप से लिया गया शब्द है।

भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए हम साइंस और टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन में उन दिनों के जर्नल्सनुमा ग्रंथों और यात्रावृत्तों में वैसे ही शब्द देखने के आदी हो गए जैसा कि शासक की भाषा तय हुई। तिब्बिया मेडिसिन की शब्दावली भारतीय भाषाओं और भारतीय परिवेश में सन 1800 से पहले विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग विधाओं

विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है।

में जो नए शब्द सामने आए हैं उनके बनने की प्रक्रिया तब थम गई थी, जब इस्लामिक सल्तनत के देश में स्थापित होने बाद भारत की प्राचीन भाषाओं के चिंतकों और शोधकर्मियों का काम थम गया। सल्तनत और मुगल शासकों के दौर में ईरानी और अरबी मेडिकल सिस्टम्स, खगोल और वारफेयर टेक्नोलॉजी के आने से भाषा सिस्टम बदल कर अरबी-फारसी और बाद में उर्दू में हुआ। इसलिए संस्कृत के साइंटिफिक टेक्स्ट्स से बिलकुल अलग है। इतिहास में जो भी अनुसंधान कर्मी, जैसे कि आर्यभट, वराहमिहिर, चरक और सुश्रुत, अनेक अज्ञात हुनरमंद लोग हुए उन्होंने नई जानकारी की उत्पत्ति होने पर अपनी मातृभाषा में इसे बताने के लिए नए शब्द गढ़े।

जाहिर है जो साइंटिस्ट या टेक्नोक्रैट जिस भाषा का जानकार है वह अपनी भाषा की शाब्दिक धरोहर, जैसे कि लैटिन, ग्रीक, स्पेनिश, मंडारिन, बांग्ला, तमिल, मराठी और हिंदी में ही शब्द गढ़ेगा न कि अंग्रेजी या स्वाहिली में। मध्य-अठारहवीं सदी में जब विज्ञान और टेक्नोलॉजी में रिसर्च से नए ज्ञान के सृजन के प्रयासों में तेजी से वृद्धि हुई और नए ज्ञान की नहीं बल्कि इसे पब्लिश करके साझा करने और दूसरों से समर्थन पाने की तीव्र उत्कंठा बनी तो विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित हज़ारों नए शब्द भी अस्तित्व में आए। कॉलोनियल टाइम्स में यूरोपियन देशों की कॉलोनीज में भी शासक देश की भाषा का वर्चस्व स्थापित हुआ तो उपनिवेशों में मातृभाषा में विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दों की उत्पत्ति की सृजनात्मक और कुदरती प्रक्रिया को बड़ा धक्का लगा। सभी उपनिवेशों में विज्ञान और टेक्नोलॉजी में स्वामी देश द्वारा शोध से उत्पन्न जो शब्दावली बनी उसे ही इस्तेमाल करने की मजबूरी बनी। स्थानीय या वर्नाक्यूलार भाषाओं में खुद के इस्तेमाल के लिए भी एक बंधन के रूप में हाल में सामने आ रही औपनिवेशकालीन अध्येताओं ने इसे एक बाधा के रूप में पहचाना है। देखा गया है कि भारतीय भाषाओं ने खुद को इस मामले में रुपांतरित करके ही विकसित किया। फिर भी दिक्कतें तो हैं ही और वे इसलिए हैं कि हमारे विज्ञानी और टेक्नोक्रैट्स शोध कार्य करते समय तो अपनी भाषा में सोचते हैं लेकिन एक शोधपत्र लिखते समय वे उसी शब्दावली विज्ञान (टर्मिनोलॉजी) का इस्तेमाल करते हैं जिसका क्रमिक विकास पश्चिम में या अंग्रेजी भाषा के जानकारों से भरी लेबोरेट्री या वर्कशॉप में हुआ। मुझे नहीं लगता कि इस मामले में अब हम अपनी अलग लीक बना पाएंगे।

प्रसंगवश कहें तो आधुनिक रीति से समझे जाने वाले लोकशैली में लिखी जाने वाली वैज्ञानिक और तकनीकी लेखन की शुरुआत भारत में तमिल, मराठी और बंगाली भाषाओं में 19 वीं सदी के साठादि दशक से हुई लेकिन हिंदी में तो बीसवीं सदी के पहले दशक के पूरा होते ही 'विज्ञान' पत्रिका के प्रकाशन से यह यात्रा शुरू हुई। 'विज्ञान' पत्रिका के प्रारंभिक दशकों के अंक देखने से लगता है कि यह पश्चिम के पॉपुलर साइंस लेखन से ही अधिक प्रभावित रही और इसके लेखों में शुरूआती दौर से ही नवाचार (इनोवेशन) और क्रिटिकल एसेसमेंट या भारतीय विज्ञान और शोध की 'पॉपुलर रिपोर्टिंग' के बारे में अधिक जिक्र नहीं किया गया। इसके उलट अंग्रेज़ और जर्मन इस मामले में अधिक सहज रहे क्योंकि उनके यहां हर विधा पर काम करने के लिए रॉयल सोसाइटीज मौजूद थीं जिनकी स्थापना अठारवीं या इससे पहले की सदी में होने से वहां वैज्ञानिक चिंतन, एक्सप्लोरेशन और शोध प्रकाशन और शोध गोष्ठियों के एक नियमित और चिरंजीवी प्रक्रिया को राजतंत्रीय आशीर्वाद मिलता रहा। कमोबेश या स्थिति यूरोप के सभी देशों में स्थापित हो चुकी थी। ब्रिटेन में उन्नीसवीं सदी से ही साधारण या सामान्य भाषा में विज्ञान की ऐसी पुस्तकों का प्रकाशन शुरू हो चुका था जिनमें लोकरुचि जागृत हुई थी। बाद में लोकरुचि शैली में उन्होंने कुछेक पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू किया जिनमें से 'न्यू साइंटिस्ट' अभी तक प्रकाशित होती है और ब्रिटेन में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बेहद लोकप्रिय है। इसी तरह अमरीका से साइंस डाइजेस्ट, पॉपुलर साइंस, ओम्नी और साइंटिफिक अमेरिकन का प्रकाशन हुआ जिनमें से अब सिर्फ साइंटिफिक अमेरिकन ही जीवित है। इसका इंडियन एडिशन भी कुछेक साल से प्रकाशित किया जाता है।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी से संबंधित सामग्री में पाठकीय रुचि तभी पैदा होती है जब पाठक को मालूम हो कि कैसी और किस प्रकार की सामग्री कहां से और कैसे उपलब्ध होती है। इंटरनेट युग के आगाज और संगठनों और संस्थाओं की वेबसाइट बनने से पहले संयोग से ही किसी लोकरुचि विज्ञान पत्र या पत्रिका के बारे में मालूम हुआ करता लेकिन वर्ल्डवाइड वेब होने से अब इसे आसानी से वे लोग ढूंढ सकते हैं जिनकी रुचि है। वेबसाइट से बहुत सी सामग्री अब फुल टेक्स्ट, फ्री, पीडीऍफ फॉर्मेट में डाउनलोड करके पढ़ी जा सकती है। पार्श्व- जिज्ञासा वाली बात यह जानना भी होना चाहिए कि सल्तनत और मुग़ल काल से पहले भारत में साइंटिफिक, टेक्निकल और इंजीनियरिंग से संबंधित शब्दावली का क्रमिक विकास कैसे होता रहा और यह किन संदर्भो और भाषाओं में विकसित हो पाई थी। इसके लिए भारतीय ज्ञान दर्शन के ग्रंथों -जैसे कि खगोल विज्ञान और समय की अवधारणों की व्याख्या करने वाले शब्द, गणित और गणनाओं से संबंधित शब्द और चिन्ह, आयुर्वैज्ञानिक टेक्स्ट्स, संगीत और साजों की शब्दावली, गृह निर्माण, वस्त्र-परिधान से संबंधित शब्दावली, मौसम और जल से जुड़ी हुई शब्दावलियां, खनन और धातु विज्ञान की शब्दावली, औजारों और इनकी सहायता से निर्मित होने वाली वस्तुएं जैसे कि आभूषण और बर्तन, ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स, पशुओं और पशु चिकित्सा संबधित शब्दावली, औषधि और आहार संबंधी शब्दावली को हमें ढूंढ और संकलित करके कोश के रूप में प्रकाशित करना होगा। इस एक प्रयोजन से ही भारत में विज्ञान लेखन और प्रकाशन में आमजन की रुचि बनी रहेगी। कठिनाई यही है कि 500 साल पुराने शब्द क्या नई साइंस और टेक्नोलॉजी को उस रूप और प्रयोजन से बता पाने में सक्षम होंगे? इसके लिए हमें अंतर-भाषिक शब्दों का इस्तेमाल करना ही होगा क्योंकि इसी एक वजह से हम क्षेत्रीय स्तर (रीजनल लेवल) पर एक बहुभाषी देश में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के पॉपुलर रूप की स्वीकार्यता बढ़ा पाएंगे।

## प्रसंगवश

# चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के मायने

खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था।



गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सही कहते हैं कि वे चार साल काम और एक साल राजनीति करते हैं। वाकई उनका कथन सौ फीसदी सत्य साबित होता दिख रहा है। एक तरफ जहां इंडिया गठबंधन बिखर रहा है, वहीं दूसरी ओर एनडीए गठबंधन दिन-ब-दन मजबूत होता जा रहा है। शुक्रवार को दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और हरितक्रांति के जनक स्वामीनाथन को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने के ऐलान से न केवल यह उत्तर से दक्षिण को साधने की मुहिम है बल्कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक तरह से यह नरेंद्र मोदी का यह मास्टर स्ट्रोक ही माना जाएगा। इससे पहले वे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के संस्थापकों में एक पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान कर चुके हैं। चौधरी चरण सिंह की किसानों के मसीहा के रूप में पहचान है। इसमें कोई शक नहीं कि चौधरी साहब जीवन पर्यन्त कभी लोकदल, कभी भारतीय क्रांति दल, कभी जनता पार्टी और कभी जनता दल के जरिए देश के किसानों के लिए आवाज उठाते रहे। उनकी पैठ केवल उत्तर प्रदेश न होकर हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों के किसानों तक थी। वे ग्रामीण भारत के खास किसान नेता थे। यही वजह रही कि वे जब तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे उत्तर भारत लगभग सभी राज्यों से उनके दल के सांसद जीते। राजनीति में इंदिरा गांधी, अटल बिहारी बाजपेई और चंद्रशेखर जैसे कद्दावर राजनेता भी उनका सम्मान करते थे।

खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह अपने खास वोट बैंक जाटों के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग में भी खासी पैठ रखते थे। पिछड़े हिंदू ही नहीं, पिछड़े मुस्लिमों की बड़ी आबादी उनको वोट करती थी। खासकर उत्तर भारत के ग्रामीण परिकर में उनका दबदबा था। उत्तर भारत में उनकी राजनीतिक हैसियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब उन्होंने अपने बेटे चौधरी अजित सिंह को अपनी राजनीतिक विरासत सौंपी, तब करीब तीन दर्जन सांसद उनके पास थे। चौधरी चरण सिंह दो बार यूपी के मुख्यमंत्री, केंद्र सरकार में गृह मंत्री और बाद में देश के प्रधानमंत्री बने। उनकी विधानसभा की सीट छपरौली को पूरे देश में पहचान मिली। फिर वे बागपत से सांसद चुने जाते रहे। वे कहते थे कि भारत की समृद्धि का रास्ता किसानों के खेत-खलिहानों से जाता है। जिस दिन इस देश का किसान समृद्ध होगा, भारत भी उतना ही समृद्ध होगा। जहां तक उनकी राजनीतिक विरासत का सवाल है चौधरी साहब कांग्रेस छोड़ने के बाद कांग्रेस विरोधी राजनीति करते रहे, लेकिन उनके सुपुत्र चौधरी अजित सिंह (जो अमेरिका में साफ्टवेयर इंजीनियर थे) ने कांग्रेस का थामन थाम लिया। वे संघर्ष के रास्ते पर चलने के बजाए सत्ता की राजनीति के हामी रहे, इसीलिए धीरे-धीरे हाशिए पर आए गए। यहां तक कि एक समय जहां उनके पास करीब तीन दर्जन सांसद थे, अंत में एक भी सीट नहीं जीत सके।

अपनी मजबूत विरासत वाली सीट बागपत भी खो दी। चौधरी अजित सिंह के बेटे जयंत चौधरी भी नहीं जीते। चौधरी अजित सिंह के निधन के बाद जयंत चौधरी यानी चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उनकी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। पिछले की चुनावों में उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से हाथ मिलाया था, लेकिन चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने और राजनीतिक हवा का रुख देखकर उनका एनडीए में शामिल होना निश्चित हो गया है। बस आधिकारिक घोषणा बाकी है। जयंत चौधरी के एनडीए में शामिल होने से निश्चित रूप से जाट लैंड खासकर यूपी के पश्चिमी यूपी में भाजपा को मजबूती मिलेगी।

# हल्द्वानी पर 'किसकी टिकी नजर'



संदीप मेवाड़ी
वरिष्ठ पत्रकार

अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था।

ये हुआ क्या मेरे शहर को...। मैं हल्द्वानी हूं। देवभूमि कहे जाने वाले उत्तराखंड का प्रवेश द्वार हूं। साथ ही कौमी एकता की मिसाल भी रहा हूं। यहां दीपावली पर घर घर दीप जला आतिशबाजी होती है। ईद पर हर समुदाय रोजा इफ्तार में शामिल होता है। गुरुद्वारे पर सभी धर्मों के लोग शीश नवाने पहुंचते हैं और क्रिसमस डे पर हर समुदाय चर्चों पर प्रार्थना करने पहुंचता है और सेंटा क्लॉज से उपहार लेता है।

बात करते हैं शहर के बनभूलपुरा क्षेत्र में गुरुवार को हुए 'धमाके' की। दोपहर तक सब कुछ सामान्य दिख रहा था। बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक का बगीचा कहे जाने वाले क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए घरों और धार्मिक स्थलों को हटाने का मामला कई दिनों से शहर की सुर्खियों में बने रहने के साथ ही घर घर लोगों की जुबान पर तैर रहा था। अतिक्रमण ध्वस्त करने के विरोध में हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गई थी। न्यायालय ने गुरुवार को इस मामले में अतिक्रमणकारियों को राहत देने से इंकार कर दिया, साथ ही सुनवाई के लिए अगली तारीख 14 फरवरी की नियत कर दी। न्यायालय का निर्णय क्या आया, प्रशासन को लगा अब कोई बाधा नहीं है अतिक्रमण ध्वस्त करने में। कुछ तैयारी पहले से थी और कुछ आनन फानन में कर ली गई। शाम करीब चार बजे अतिक्रमण ध्वस्त करने को प्रशानिक अमला, नगर निगम और पुलिस की टीम लेकर अतिक्रमण ध्वस्त करने के लिए मलिक का बगीचा (बनभूलपुरा) के लिए कूच कर गया। पहले कुछ लोग विरोध के लिए मौके पर पहुंचे और देखते देखते आसपास की गलियों, घरों और छतों से पत्थरों की बरसात शुरू हो गई। इस अप्रत्याशित पथराव से बचने के लिए प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के साथ ही मीडिया कर्मी जगह ढूंढने लगे। किसको पता था कि ये मानसूनी बरसात है। पुलिस इस पर जितना काबू करने की सोचती, पत्थरों के जगह जगह जमा मेघ उतना ही तेज बरसते जाते। वायरलेस सेट और मोबाइल पर इसकी सूचना जिले के साथ ही पूरे उत्तराखंड में फैलने लगी। पुलिस बल बचाव और शांति व्यवस्था के लिए मौके की ओर दौड़ गया। पर रणनीति तो पहले से ही तैयार थी।

पुलिस मलिक का बगीचा क्षेत्र में हालात काबू भी नहीं कर पाई थी कि बनभूलपुरा थाने में लोगों के झुंड ने हमला कर दिया। तब तक धरा में तो अंधेरा हो चुका था, लेकिन बनभूलपुरा उपद्रवियों की आग से धधक चुका था। नैनीताल जिले से लेकर देहरादून का मुख्यमंत्री कार्यालय तक की नजर हल्द्वानी के हालात और इस पर नियंत्रण की रणनीति बनाने में टिक चुकी थी। देश भर के इलेक्ट्रॉनिक और इंटरनेट मीडिया में लीड खबर में हल्द्वानी धधक रहा था। कुमाऊं भर से पुलिस फोर्स, पीएसी, आईआरबी के साथ ही सेना की मदद मांगी जा रही थी। दूसरी ओर बनभूलपुरा में घिरे पुलिस और मीडिया के जवान अपनी जान की दुहाई मांगने के साथ ही इस चक्रव्यूह से निकलने के लिए जतन में जुटे थे। हालात यहां भी नहीं रुके, आगजनी और पथराव के साथ ही अब गोलियों की तड़तड़ाहट भी बनभूलपुरा की फिजाओं में गूंजने लगी थी। रात करीब नौ बजे तक पूरा बनभूलपुरा क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया और जिलाधिकारी ने कर्फ्यू घोषित कर दिया।

अब बात करते हैं 'उन नजरों' की। घटनाक्रम चल रहा था मालिक के बगीचे में। वहां पर लोगों के विरोध का आभास प्रशासन को भी था। पर... पूरे बनभूलपुरा का आग का गोला बन जाना। थाने के बाहर खड़े दर्जनों वाहन फूंक देना, पेट्रोल बम फेंकना, पत्थरों की बारिश, जवानों और मीडियाकर्मियों को पीट पीटकर जान लेने तक आमदा होना। इससे तो यही लग रहा है कि अमन और शांति की मिसाल देने वाले इस शहर में कुछ ऐसी नजरें टिक चुकी हैं, जो लोगों की भावनाओं को गुमराह कर फिजा बिगड़ने का चक्रव्यूह रच चुकी हैं। जरूरत अब प्रशासन को 'अभिमन्यु' की है। जो 'इन नजरों' को न केवल सामने लाए, बल्कि ऐसा सबक सिखाए कि ये शहर ही नहीं पूरे राज्य और देश के लिए मिसाल बने। यही नहीं, प्रशासन को अब खुद पर भी मंथन करना होगा। खुफिया एजेंसियों को भी अपनी कार्यप्रणाली पर विचार करना होगा। इतना लाव लश्कर होने के बाद भी इतनी बड़ी नाकामयाबी। प्रशासनिक अफसर क्यों नहीं मामले की संवेदनशीलता को समझ पाए। अगर उसकी तरफ से सही तैयारी की गई थी तो क्या खुफिया एजेंसियां धार्मिक अतिक्रमण तोड़ने पर लोगों की प्रतिक्रिया का अंदाजा नहीं लगा पाई। क्या दफ्तरों में बैठकर ही अफसरों को फीडबैक दिया जाता रहा।

## सोशल फोरम

# हमारे जमाने की प्रेमिकाएं



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हमारे दौर में वैलेंटाइन डे या सप्ताह एक अनजानी-सी चीज़ हुआ करती थी। हां, प्रेम की भावनाएं तब भी थीं, वे उबाल भी मारती थीं और यदाकदा प्रोपोज भी होती थीं। उन दिनों में प्रेम के अंदाज़ अलग और तेवर आज से बहुत जुदा हुआ करते थे। इश्क़ का मतलब चाहे पता न हो, लेकिन ज़ांबाजी इतनी थी कि इश्क के प्रस्ताव तब स्याही से नहीं, खून से लिखे जाते थे। स्कूली दिनों में मैंने खून से तो नहीं, उससे मिलती-जुलती लाल स्याही से ख़त लिखकर अपनी एक सहपाठी को प्रोपोज़ किया था। ख़त 'ये मेरा प्रेमपत्र पढ़कर तुम नाराज़ ना होना' से शुरू हुआ और उस दौर के सबसे धांसू शेर के साथ अंजाम तक पहुंचा था-लिखता हूं ख़त खून से स्याही न समझना / मरता हूं तेरे नाम पे जिंदा न समझना। जैसा कि तब आमतौर पर होता था, ख़त घूम-फिरकर क्लास टीचर के हाथों में पहुंच गया। उसके बाद प्रणय-निवेदन का जो अवदान मिला, वह था हथेली पर सौ- पचास छड़ी और क्लास रूम के बाहर स्कूल की आखिरी घंटी तक मुर्गा बनकर अपनी उस एकतरफा प्रेमिका और उसकी सहेलियों का भरपूर मनोरंजन।

प्रेमिका ज्यादा 'कोमल-ह्रदय' थी सो चिट्ठी वाली बात घर तक भी पहुंचा दी गईं। फिर हुआ घर में भी इश्क़ का भूत झाड़ने का सिलसिला शुरू। उफ़्फ़ कैसी तो जालिम होती थीं हमारे ज़माने की प्रेमिकाएं ! ऐसी दुर्दशा करवाने के बाद हमदर्दी का मरहम लगाना तो दूर, मुस्कुराती हुई बगल से ऐसे निकल जाती थीं कि उस दौर का दूसरा सबसे लोकप्रिय शेर जुबान पर आ जाता था-आकर हमारी कब्र पे तुमने जो मुस्कुरा दिया/ बिजली चमक के गिर पड़ी सारा कफ़न जला दिया। उसके बाद स्कूल-कॉलेज में जिस पर भी प्यार आया, वह अव्यक्त ही रहा। प्रणय-निवेदन का वैसा खूंखार प्रतिदान पाकर दोबारा प्रोपोज करने का साहस कौन जुटा पाता है? अब हिम्मत आई भी है तो तब जब अपने दिन बीत चुके हैं-सब कुछ लुटा के होश में आए तो क्या किया !

-फेसबुक वॉल से

# विवाह संस्था को बचाना होगा



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

उच्चतम न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरथना एवं आगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने हाल ही में एक मामले में टिप्पणी देते हुए कहा कि विवाह नामक संस्था को बचाना है। भले ही फिर आप हमे पुरातनपंथी ही क्यों ना कहे। निर्णय एक 44वर्षीय अविवाहित महिला की सेरोगेसी प्रेग्नेंसी का था। आजाद, कमाऊ, सामाजिक हैसियत रखने वाली एक महिला अकेलेपन से जूझने के लिए सिंगल मदर बनने को तैयार है पर विवाह कर के नहीं। ये सचमुच भारत जैसे देश में विचारणीय है कि सुप्रीम कोर्ट भी आज विवाह संस्था को बचाने के लिए नसीहत देने को मजबूर हुआ है।

भारतीय जीवन शैली में विवाह केवल दो व्यक्तियों की आवश्यकताओं के आदान प्रदान का साधन नहीं था। वरन ये एक उन्नत समाज के निर्माण की व्यवस्था थी। सप्तपदी के वचन जीवन की सुचारुता का आश्वासन देते थे। संतान को यशस्वी बनाने का दायित्व लेना ही पति पत्नी होना था। उत्तम विवाह एवम उत्तम दंपती उत्तम परिवार वा समाज की गारंटी थे। बड़ी पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को नई पीढ़ी के निर्माण के लिए आशीर्वाद देकर आगे बढ़ाती थी। आज विवाह आशीर्वाद देकर नहीं आशंकाएं देकर किए जाने लगे। आश्वासन और आशा नहीं वरन अपेक्षाएं देकर बच्चों को समाज के मैदान में उतार दिया जाता है। संबंधों के प्रारंभ ही अहम और अविश्वास से होने लगे इस स्थिति ने विवाह संस्था को परिवार व्यवस्था को बड़ी चोट पहुंचाई है।

यदि इसके कारणों पर ध्यान दें तो पाएंगे कि स्त्री पुरुष समानता की व्याख्या बहुत भ्रामक रूप से समाज में प्रसारित हुई। समानता का तात्पर्य केवल धन और सामाजिक पद प्रतिष्ठा से जोड़ा जाने लगा। जिसकी प्राप्ति के लिए पारिवारिक दायित्व को बाधा स्वरूप प्रस्तुत कर स्त्री को धीरे-धीरे दूर किया गया। दूसरे जब स्त्री ने बाहर की दुनिया से तालमेल बिठाती स्त्री अपने अंतर के स्त्रीत्व को कमजोरी मानने लगी। तीसरा आपाधापी के इस युग में वैचारिक एवम भावात्मक दृष्टिकोण शून्य की ओर बढ़ने लगे। वैवाहिक जोड़ो में आपसी समझ का अभाव आने लगा। अब कोई प्रेम में झुकने को तैयार नहीं हैं।

चौथा समाज में विविध प्रकार की मॉडरनाइज्ड पद्धतियों ने विवाह की सांस्कृतिक रस्मों तथा परंपराओं को नकार दिया है। ये परंपराएं परिवार के महत्व की व्याख्या करती थी। तरह तरह के गीत और रस्मों के माध्यम से जीवन को सुलझाने की शिक्षा देती थी। जिन्हें व्यापारवाद ने फोटोशूट और डेस्टिनेशन वेडिंग पर लाकर पटक दिया है। पांचवा उपयोग के दौर में हर निर्णय उपयोगिता के सिद्धांत पर तय हो रहा है इसलिए भी विवाह अनुपयोगी माने जाने लगे। उच्चतम न्यायालय ने खासतौर से कहा कि हम पाश्चात्य देशों की भांति इन साधनों को भारतीय समाज में स्वीकार नहीं कर सकते। भारत की जनसंख्या यूं ही कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कुछ पश्चिमी देशों में प्रजनन के लिए माता को सरकारी सहायता मिलती है और महिलाओं ने इसी को अपना व्यापार बना रखा है। भारत जैसे पारंपरिक देश में विवाह संस्था यहां के समाज का बुनियादी ढांचा है। यहां सिंगल मदर सिंगल फादर का चलन पचाना मुश्किल है। यहां माता पिता ही नहीं, बड़ी माता, छोटी माता, बुआ ,मौसी, बड़े पापा, छोटे पापा, बाबा,दादी, नाना, नानी मामा मामी और भी ढेरों रिश्ते। ये रिश्ते नाते और रिश्ते निभाने की पद्धतियां छोटे बच्चों को सामाजिक स्वीकृतियां देती थी। उन्हें आत्मविश्वास और सुरक्षा देती थी। बढ़ते तलाक, अलगाव और हिंसा के केस ये पुरजोर स्वरों में कह रहे हैं कि विवाह संस्था को भारतीय समाज में पुनः पुरातन प्रकृति से ही स्थापित करना होगा ।

# अध्यात्म में मौन महत्वपूर्ण



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

अध्यात्म जगत में मौन का सदा से ही महत्वपूर्ण स्थान रहा है, क्योंकि अध्यात्म के शिखर को छूने में इस मौन का प्रमुख योगदान होता है। इसलिए हमारी संस्कृति में मौन को किसी भी व्यक्ति के लिए आध्यात्मिक शिखर तक पहुंचने का एक सटीक एवं शाश्वत माध्यम माना गया है। यही कारण है कि हमारे तमाम ऋषि-मुनियों और साधू-संतों ने मौन को अपनी आध्यात्मिक साधना का एक महत्वपूर्ण अंग बनाया, इसे प्रतिष्ठित किया। मौनी अमावस्या के दिन भगवान श्रीहरि विष्णु एवं भगवान शिव की पूजा का विधान है।

माना जाता है कि अमावस्या की सभी तिथियों में से मौनी अमावस्या को बेहद उत्तम माना गया है। इस खास अवसर पर मौन रहना शुभ होता है। मौनी अमावस्या के दिन पवित्र नदी में स्नान करना फलदायी होता है। इस दिन श्रद्धा भाव से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके अलावा दान भी किया जाता है। माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन दान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मौनी अमावस्या के दिन की शुरुआत भगवान विष्णु के ध्यान से करके पवित्र नदी में स्नान करके दान किया जाता है। मान्यता के अनुसार, इस दिन पवित्र नदी या गंगाजल और पानी से स्नान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## एक नजर

### दो फीडरों पर दो दिन बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**अयोध्या, अमृत विचार :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से अनुरक्षण कार्य के चलते सिविल लाइंस उपकेंद्र से संचालित दो फीडरों पर दो दिन आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता प्रथम प्रदीप कुमार वर्मा की ओर से जारी सूचना के अनुसार शनिवार और रविवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सिविल लाइंस से पोषित 11 केवी फीडर मोदहा एवं फीडर नम्बर चार की विद्युत लाइनों का अनुरक्षण कार्य एवं लाइनों के बगल पेड़ों की डालियों की कटाई छटाई का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिस कारण दोनों तिथियों में 11 केवी मोदहा फीडर के अन्तर्गत आने वाले समस्त क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक और 11 केवी फीडर नंबर चार के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में दोपहर 2 बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्ण एवं आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

### स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर व मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई में कक्षा छह में प्रवेश के लिए ऑनलाइन फार्म उपलब्ध हो गए हैं। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के वेबसाइट पर नौ से 12 वर्ष आयु के खिलाड़ी प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालय पर 16 फरवरी से चार मार्च तक प्रारंभिक चयन परीक्षा होगी। इसमें चयनित खिलाड़ियों का अगले चक्र में परीक्षा होगी।

### स्वदेशी 4 जी सेवा की कवायद में जुटा बीएसएनएल

**अयोध्या, अमृत विचार :** उपभोक्ताओं को हाई स्पीड इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने के लिए बीएसएनएल ने जिले में 4 जी तकनीक के टॉवर लगाने का काम शुरू किया है। बीएसएनएल के महाप्रबन्धक ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने बताया कि बीटीएस पर 4 जी उपकरणों की स्थापना का काम शुरू हो गया है। इसके लिए टीसीएस की ओर से उपकरण और कर्मी उपलब्ध कराये गए हैं। पहले चरण में सभी 220 बीटीएस को 4 जी तकनीक में अपग्रेड किया जाएगा।इसके बाद इनको 5 जी सेवा में बदलने की शुरुआत होगी।

### वैवाहिक समारोह में भिड़े दो पक्ष, हुई मारपीट

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के सिड़िहिर नरसिंहपुर गांव में वैवाहिक समारोह के दौरान दो पक्षों में भिड़ंत हो गई और मारपीट हुई। एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई है। दोनों पक्ष से एक-एक घायल का सीएचसी मसौधा में मेडिकल कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की मारपीट और बलवा की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष पूरा कलंदर रतन कुमार शर्मा का कहना है कि गुरुवार देर रात अजीत कुमार और रंजीत कुमार के बीच गाली-गलौज के बाद मारपीट हुई। जिसमें दोनों घायल हुए हैं। मामले की जाँच कराई जा रही है।

# अब श्रेष्ठ नहीं सर्वश्रेष्ठ अयोध्या : आरजे मोहित

अयोध्या कार्यालय


हनुमानगढ़ी पर टीवी कलाकार आरजे मोहित।

**अमृत विचार :** अयोध्या श्रेष्ठ नहीं अब सबसे सर्वश्रेष्ठ नगरी बन गई है। अयोध्या धाम में आते ही शुद्ध हवा में भक्ति का रस बह रहा है। ये बातें शुक्रवार को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम पहुंचे टीवी सीरियल के कलाकार आरजे मोहित ने कही। रामलला के दर्शन से अभिभूत टीवी कलाकार ने यहां एक धारावाहिक निर्माण की बात कही। उन्होंने हनुमानगढ़ी में भी दर्शन-पूजन किया।

कई टीवी सीरियल में मुख्य भूमिका के रूप में काम कर रहे कलाकार आरजे मोहित ने बताया कि दो मित्रों के साथ अयोध्या धाम में टीवी सीरियल के लिए जगह तलाश कर रहे है। अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म प्रोजेक्ट 2021 में शॉर्ट फ़िल्म द लास्ट काल के लिए प्लेटिनम अवार्ड भी मिल चुका है। उन्होंने बताया कि मार्च में एक टीवी सीरियल की शूटिंग अयोध्या में होने जा रही है। धारावाहिक अयोध्या पर ही केन्द्रित होगा। उन्होंने बताया कि वह जयपुर के रेडियो स्टेशन पर जॉकी का भी काम करते है।

# वृक्षों की वेदना को समझें

सीतापुर



मीडिया से वार्ता के दौरान जानकारी देते डीएलएसए सचिव।

**अमृत विचार।** पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे आशुतोष शुक्ला ने जीवंत प्रमाणित हो चुके वृक्षों को सामाजिक न्याय देने की गुहार लगाई। आशुतोष शुक्ला ने वृक्षों को वैज्ञानिक रूप से जीवंत बताते हुए ट्री गार्ड में निरुद्ध और विदीर्ण होते हुए वृक्षों की वेदना को समझा और सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण के आधार पर इन्हें मुक्त करने की गुहार लगाते हुए नालसा नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी ऑफ इंडिया दिल्ली को 03 नवंबर 2023 को पत्र लिखा।

नालसा ने विषय का संज्ञान लेते हुए डीएलएसए सीतापुर को नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। इस पर कार्यवाही करते हुए डीएलएसए सचिव/न्यायाधीश अभिषेक उपाध्याय ने सीतापुर प्रशासन को तत्काल सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण के आधार पर वृक्षों को मुक्त करने और इस पर यथोचित नियम बनाने का आदेश जारी किया है। साथ ही भविष्य में वृक्षों को लंबे समय तक बड़े होने के बाद बंधन में न रखने के नियम बनाकर समय से ट्री गार्ड से मुक्त करने का भी आदेश जारी किया है। डीएलएसए सचिव ने निर्देशित किया है कि संबंधित उपरोक्त विषय में हुई कार्यवाही से प्राधिकरण को अवगत कराया जाए।


आपदा से बचाव के प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिसवां ब्लॉक पर आये शिक्षक ।

## आपदा से बचाव के लिए किया जागरूक

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सीतापुर ने आपदाओं से बचाव के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन समस्त बीआरसी में किया गया। कार्यक्रम में प्रत्येक नागरिक को आंधी, तूफान, भूकंप व बाढ़ जैसी विभिन्न प्रकार से आपदाओं से उपाय की जानकारी दी गयी। इस दौरान ये भी बताया गया कि आपदा के दौरान क्या करें क्या ना करें। जिला आपदा विशेषज्ञ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उप्र सरकार के मंशा अनुरूप इसी तरह से प्रशिक्षित कार्यक्रम का आयोजन तहसील ग्राम पंचायत स्तर पर किया जायेगा और लोगों को जागरूक कर उन्हें प्रशिक्षित करते हुए आपदा की स्थिति में बचाव सुरक्षा आदि की उपायों की जानकारी दी जायेगी। जिससे आपदाओं के प्रभाव को कम किया जा सके और अपने जीवन को बचाया जा सके।

भक्ति का रंग



हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

अमृत विचार

## राम लला का दर्शन करने के लिए पहुंचे श्रीलंका के सांसद

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला के दर्शन के लिए श्रीलंका के सांसद लक्ष्मण नमल राजपक्षे शुक्रवार को पत्नी समेत महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पर इंडिगो की फ्लाइट पहुंचे। यहां लक्ष्मण नमन राजपक्षे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 500 वर्ष बाद भगवान राम लला के भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई है। पहले भगवान राम टेंट में विराजमान थे। अब दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। मुझे लगता है विश्व का सबसे बेहतरीन मंदिर में से एक राम मंदिर है। भगवान राम से मिलने खुद लक्ष्मण आए हैं। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति व पूर्व प्रधानमंत्री महिंद्रा राजपक्षे के पुत्र हैं लक्ष्मण नमल राजपक्षे। दर्शन पूजन के बाद वो वापस चले गए।

# मौनी अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू में लगाई डुबकी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को रामनगरी में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान के बाद मठ-मंदिरों में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को लगभग तीन श्रद्धालुओं ने रामजन्मभूमि में रामलला का दर्शन-पूजन किया। मौनी अमावस्या पर उमड़ी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के भी व्यापक इंतजाम किए गए थे। मौनी अमावस्या का पर्व वैसे तो प्रयागराज के में गंगा घाट का उत्सव माना जाता है लेकिन शास्त्रों में कहा गया है की गंगा बड़ी गोदावरी तीर्थराज प्रयाग, सबसे बड़ी अयोध्या नगरी जहां राम लिहिन अवतार। यही कारण की लाखों की संख्या में गंगा नदी में स्नान करने के बाद श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर सरयू स्नान के बाद मठ-मंदिरों में दर्शन पूजन करते हैं। सरयू घाट पुरोहित ओम प्रकाश पांडे ने बताया कि मौनी अमावस्या के दिन पवित्र सरयू नदी में स्नान करने पर विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु स्नान करने यहां पहुंचे हैं। अमावस्या के दिन तिल, अन्न, वस्त्र का दान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। उन्होंने बताया कि सरयू स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रामजन्मभूमि, कनक भवन, हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख मठ-मंदिरों में पहुंचे अपने आराध्य का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने बताया कि आज तीन लाख से अधिक भक्तों ने सरयू स्नान किया।

### तीन लाख भक्तों ने राम मंदिर में किए दर्शन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मौनी अमावस्या पर्व पर तीन लाख से अधिक भक्तों के रामलला और सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। भक्तों का हुजूम सुबह से ही मंदिर के दरवाजे पर लग गया। जिसको व्यवस्थित करने के लिए सुरक्षा कर्मियों को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ी। चारों ओर बैरियर लगा कर श्रद्धालुओं को दर्शन कराए गए।


भक्ति पथ पर दर्शन-पूजन के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला। अमृत विचार

### श्रृंगी ऋषि पर उमड़े श्रद्धालु किया दर्शन-पूजन

**गोसाईगंज अयोध्या। अमृत विचार :** मौनी अमावस्या पर्व पर अयोध्या का प्रथम प्रवेश द्वार कहे जाने वाले पौराणिक स्थल श्रृंगीऋषि आश्रम पर भी श्रद्धालु उमड़े। उन्होंने पुण्य सलिला सरयू नदी में डुबकी लगाई। स्नान ध्यान के बाद आश्रम के मंदिरों पर दर्शन पूजन किया। नदी के तट पर हवन पूजन के साथ सत्यनारायण भगवान की कथा भी सुनी। रामजानकी मंदिर के महंत बाबा जगदीश दास ने बताया कि अयोध्या के चक्रवर्ती नरेश राजा दशरथ ने श्रृंगीऋषि के आचार्यत्व में पुत्रेश्ठी यज्ञ करवाया था। श्रृंगीऋषि आश्रम के पुजारी ऋषिप्रसाद गोस्वामी ने दर्शन पूजन कराया। एसएचओ परशुराम ओझा, एसआई कमलेश कुमार कुमार,महिला एसआई वीना पांडेय मौके पर रहे।

### जूनियर बालक हॉकी ट्रायल 14 को



**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में गोरखपुर में 17 फरवरी से आयोजित प्रदेशीय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता के लिए यहां चयन ट्रायल 14 फरवरी को होगा। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में होने वाला जिला स्तरीय ट्रायल 14 को सुबह 10 बजे तथा दोपहर दो बजे मंडलीय ट्रायल होगा। पात्रता प्रमाण पत्र व आधार कार्ड के साथ खिलाड़ी ट्रायल में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# मां सोनासरि देवी के दरबार में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

तंबौर, सीतापुर



मां सोनासरि देवी मंदिर का मुख्य द्वार।

**अमृत विचार।** रेउसा क्षेत्र के सेवता कस्बे में स्थित महादेवी सोनासरि मंदिर काफी प्रसिद्ध है। मंदिर के प्रेम शुक्ला पुजारी ने बताया कि माता की मूर्तियों को विद्यांचल से आल्हा ऊदल यहां लाए थे तब से मां सोनसरि देवी यहां मंदिर में विराजमान है। प्रसिद्ध आल्हा खंड में सोनासरि देवी का सोनवा के नाम से वर्णन है वर्ष की प्रत्येक अमावस्या को मा के दरबार में भारी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं।

इतिहास काल मानता है कि आल्हा काल में सेउता बिहरगढ़ के नाम से जाना था। यहां के राजा वीर सिंह और हीर सिंह हुआ करते थे, जो दोनों सगे भाई थे उनसे आल्हा और उदल का युद्ध हुआ था। गांजर की लड़ाई आज भी इतिहासों के पन्नों में तर्ज है।

बड़े बुजुर्ग बताते हैं कि दोनों तरफ की सेना के हजारों लोग मारे जा चुके थे, लेकिन युद्ध का परिणाम नहीं निकल रहा था। ऐसे में आल्हा की पत्नी सोनवा के सपने में रात को मां देवी दर्शन दिया और कहा विंध्याचल से मेरी मूर्ति को लाकर यहां स्थापित करें, तभी युद्ध का परिणाम निकलेगा आल्हा ऊदल विंध्याचल से मां देवी सोनासरि देवी का अंश लाकर सेउता में स्थापित किया था तब जाकर विजय प्राप्त हुई थी।

### 'मंदिर की ये है विशेषता'

इतिहास और रहस्यों को समेटे सोनासरि देवी मां के मंदिर में पिंडी स्वरूप माता रानी विराजमान है इस मंदिर के मुख्य द्वार पर रथ की आकृति बनी हुई है इसमें रथ खींचते तीन घोड़े और उस पर अर्जुन के साथ सारथी बने भगवान श्री कृष्ण भी विराजमान है मंदिर के द्वतीय द्वार यज्ञशाला भी स्थिति हैं वर्ष की प्रत्येक अमावस्या को विशाल मेला लगता हैं। मां सोनासरि देवी मंदिर में पिंडी स्वरूप में विराजमान है यह स्वरूप अपने आप में विशिष्ट और आस्था का केंद्र है। आल्हा ऊदल के काल के समय से माता यहाँ विराजमान है। इस मंदिर में क्षेत्रीय लोगों के साथ-साथ आसपास जिलों के श्रद्धालु भी आते हैं। माता का स्वरूप कल्याणकारी है शरण में भक्ति भाव से आने वाले श्रद्धालुओं पर मां की कृपा बरसती हैं माता रानी के प्राचीन मंदिर में पूजन दर्शन करना परम सौभाग्य की बात है माता रानी सभी भक्तों का कल्याण करती हैं।

### श्रद्धालुओं को करना पड़ा असुविधा का सामना

सुनील तिवारी ,अंकुर तिवारी, अटल पोरवाल, रामचंद्र, पोरवाल, अनुज पोरवाल आदि ने बताया कि आज मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खास तौर पर श्रद्धालुओं को पीने के पानी की काफी समस्या हुई। दूर तक कोई पानी की व्यवस्था नहीं मिली। जिससे कई श्रद्धालु पानी की तलाश में घूमते नजर आए। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेटिंग की व्यवस्था भी कहीं नजर नहीं आई।

# फर्जी बिल पर ले जाई जा रही थी 130 बोरी भांग, पुलिस ने पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कोतवाली सदर की रामापुर चौकी पुलिस ने पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर एक डीसीएम से ले जाई जा रही 130 बोरी भांग बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि उसके दो साथी मौके से भाग निकले। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसका चालान भेजा है।

रामपुर चौकी इंचार्ज दिनेश पांडेय ने बताया की वह गुरुवार की रात गश्त कर रहे थे। इसी दौरान

**▸▸ रायबरेली से लाई जा रही थी भांग, दो आरोपी मौके से भागे**

मिली सूचना के आधार पर नकहा की तरफ से आ रही डीसीएम को रमही पुल के पास रोक लिया। तलाशी में भांग मिली। डीसीएम में बैठे लोगों को पुलिस ने पकड़ने की कोशिश की। लेकिन दो लोग चकमा देकर भाग निकले। जबकि एक युवक को पुलिस ने दबोच लिया। उसकी पहचान टिंकू श्रीवास्तव निवासी चितौहला थाना महौली जिला सीतापुर के रूप में हुई। पुलिस ने भांग की बोरियों की गिनती कराई तो 130 बोरी मिलीं। तौल करने पर भांग 5200 किग्रा हुई। पकड़े गए युवक ने पुलिस को भांग के पेपर भी दिखाए। उसका कहना था कि भांग वैध है, लेकिन जांच में पेपर फर्जी पाए गए। आरोपी के अनुसार भांग रायबरेली ले जाई जा रही थी। पुलिस ने फरार आरोपियों की पहचान कर ली है। फरार आरोपी पिता-पुत्र बताये जा रहे हैं। उनकी पहचान कफील और मुन्ना के रूप में हुई है। दोनों अशोकपुर थाना खीरी के रहने वाले हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# रामलला को समर्पित की चांदी की पालकी


पूजन-अर्चन करते वैदिक आचार्य। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद से राममंदिर में 48 दिवसीय मंडप उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी को लेकर प्रतिदिन रामलला की रजत प्रतिमा का विधि विधान से अनुष्ठान पूजन कर परिसर भ्रमण कराया जा रहा है। उत्सव को लेकर दक्षिण भारत से राम भक्तों ने एक चांदी की पालकी और सोने का प्रभावली ( मूर्ति के पीछे लगने वाला पार्श्व ) समर्पित किया है। राम मंदिर में मंडप पूजन का आयोजन हो रहा है। जिसमें मंदिर के गर्भगृह में चांदी की कलश स्थापना के बाद रामलला की रजत प्रतिमा के साथ भव्य उत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें पहले प्रभु की आरती उतारी गई और फिर वेद मंत्रों से वैदिक आचार्यों ने महायज्ञ का अनुष्ठान संपन्न कराया। इसके बाद रामलला की रजत प्रतिमा को विशेष वाद यंत्रों के सुंदर वादन के बीच राम मंदिर के चारों दिशाओं में परिक्रमा कर परिसर भ्रमण कराया गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य उडुपी पीठाधीश्वर स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि हर दिन सुबह यज्ञशाला में कई यज्ञ होते हैं। मंदिर के सामने यज्ञशाला में कलसाभिमंत्रण और कलशाभिषेक होता है। उसके बाद अंदर भगवान जो न्यास करना पड़ता है। इस तरह से प्रतिदिन यह पूजन प्रारंभ होता है और फिर शाम को पालकी उत्सव और कलाकारों के द्वारा अनेक विद्या में प्रभु को मोहित करने के लिए कला प्रदर्शन किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रभु के लिए एक चांदी की एक बड़ी पालकी समर्पित की गई है। दक्षिण से आए रामभक्तों की ओर से शुक्रवार रामलला के उत्सव के लिए एक सोने का प्रभावली समर्पित की गई है। उन्होंने कहा कि कहा कि हर दिन करीब तीन लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन कर रहे हैं।


रास्ते को खुलवाये जाने की मांग करते ग्रामीण।

## आम रास्ते को खुलवाये जाने की मांग

**सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा कोदहरा के ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया और आम रास्ते को खुलवाए जाने कि मांग की। ग्राम बेहड़ा कोदहरा के भारी संख्या में ग्रामीणों ने शुक्रवार को कोतवाली पुलिस को पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के रामप्रताप पुत्र लालता प्रसाद ने बिगत 18 जनवरी को तार व खंभा लगाकर उक्त आम रास्ते पर कब्जा कर उसको बंद कर दिया है जबकि यह एक आम रास्ता है और उसे पर पेयजल का पाइप भी डाला गया है। ग्रामीण ने आरोप लगाया है कि रास्ता बंद करने की सूचना उपजिलाधिकारी को भी दी गई थी, लेकिन अभी तक अवैध कब्जा हटाकर उक्त मार्ग को खुलवाया नहीं गया है। क्षेत्र के ग्रामीण बिटोला, कमला देवी, राम जी, तेजपाल, जगजीवन लाल, श्यामा वती, डालचंद, शंकर, राम सिंह, महादेव, गीता देवी सहित भारी संख्या में ग्रामीणों ने पुलिस से जांचकर उक्त आम रास्ते को खुलवाए जाने की मांग की है।

# जुल्म के खिलाफ याद किया जाना चाहिए आज का दिन

महमूदाबाद,सीतापुर


रजब के अवसर पर निकाला गया शोक जुलूस।

**अमृत विचार।** महमूदाबाद कस्बे में 28 रजब के अवसर पर एक शोक जुलूस आयोजित किया गया। कस्बे के कैथोटोला स्थित इमामिया मस्जिद से बरामद हुआ जुलूस अमीरगांज स्थित कर्बला पर खत्म हुआ। जुलूस के दौरान अंजुमन सज्जादिया ने नौहा ख्वानी पेश की अंजुमनए अब्बासिया और अंजुमने हैदरी मातमी जुलूस में शामिल रही। जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे भी थे। जुलूस का बेहतर प्रबंधन करने के लिए पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया था।

मौलाना उरूजुल हसन ऊर्फ मीसम ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पवित्र पैगंबर (स.ल.व.व.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) ने आज के दिन मदीना मुनव्वरा से कर्बला का सफर शुरू किया। 28 रजब सन 60 हिजरी को इमाम हुसैन (अ.स.) इंसानियत की बका और तहफ्फुज के लिए अपनी कुर्बानी पेश की। उन्होंने कहा कि आज का दिन इतिहास में जुल्म के खिलाफ और मानवता के पक्ष में याद किया जाना चाहिए।

# अमेठी ने जीती मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता की चैंपियनशिप, सुलतानपुर उपविजेता

## जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का किया स्वागत व सम्मान

जगदीशपुर, अमेठी

**अमृत विचार।** मंगरौरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में बेसिक शिक्षा विभाग की अयोध्या मंडल की मंडल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार की शाम चार बजे हुआ। मेजबान अमेठी की टीम ने 209 अंक हासिल कर चैम्पियनशिप जीती है। सुल्तानपुर की टीम उपविजेता रही है। तीसरा स्थान अम्बेडकर नगर ने हासिल किया है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने खिलाड़ियों को ट्राफी, शील्ड, मेडल, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए।

### शिक्षक संगठनों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

**जगदीशपुर, अमेठी।** मंडलीय प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी दोनों दिन मौजूद रहे। पूर्व मा. शि. संघ के अध्यक्ष अब्दुल रसीद, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह के साथ रमाकांत मौर्य, जयराम कनौजिया, अशोक कुमार वर्मा, संजीव कुमार भारती, वसीम अहमद, मो. तहसीन, प्रवीण कुमार सिंह, देवांशु सिंह, राम बख्श प्रजापति, अजय कुमार मौर्य, सुभाष सिंह, अरुण कुमार सिंह, सलेहा खातिर जमा आदि शिक्षक नेताओं ने सुंदर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार दिया। कई खंड शिक्षा अधिकारियों ने भी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए।



ट्राफी और प्रशस्ति पत्र के साथ विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

दूसरे दिन प्रतियोगिता में जिला अधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी पहुंचे और कबड्डी का खेल देख खिलाड़ियों और खेल शिक्षकों का उत्साह बढ़ाया। दूसरे दिन के अधिकांश खेल अपराह्न दो बजे तक सम्पन्न हो गये। कबड्डी, दौड़, खो-खो, कुश्ती और बैडमिंटन की प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अपने जिले की जीत के लिए पूरी ताकत लगाई। प्राथमिक स्तर की व्यक्तिगत चैंपियनशिप अमेठी के शिवा और जूनियर स्तर की चैंपियनशिप अम्बेडकर नगर के अभय ने जीती। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत सम्मान किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि को श्रीराम जन्म भूमि का स्मृति चिन्ह भेंट किया। मंडलीय व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, जिला व्यापार शिक्षक संदीप सिंह, स्काउट शिक्षक सुरेश प्रताप सिंह, बीईओ सतीश सिंह, राकेश कुमार सचान, शिवकुमार यादव, डा. संतोष कुमार यादव, सुमन मिश्र, हरिओम तिवारी, ममता सरकार, अर्जुन सिंह, शैलेन्द्र शुक्ला, राम किशुन कश्यप, आरती सिंह, तेजभान सिंह, गंगा बख्श सिंहआदि ने भी खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

## एक नजर

### तमंचा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जगदीशपुर, अमेठी।** सुबह गश्त के दौरान पुलिस ने तमंचा कारतूस समेत युवक को गिरफ्तार करके जेल भेजा। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शुकुल बाजार रोड पर स्थित सत्थिन मोड के समीप युवक उस समय रंगे हाथ धरा गया जब पुलिस की गाडी देख युवक भागने लगा। संदिग्ध लगने पर पुलिस ने दौडा कर धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक तमंचा व कारतूस भी बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम भानू प्रताप ग्राम हरपालपुर मजरे मीरापुर का निवासी बताया। जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पकडे गए अभियुक्त के विरुद्ध जगदीशपुर, गौरीगंज, कमरौली में कई अपराधिक मामले पहले से ही दर्ज हैं। जिसकी तलाश पुलिस को अर्से से थी।

### गांवों के प्राइमरी स्कूलों में ही बसता है भारत : अग्रहरि

**अमेठी।** जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने झंडा उतार कर मंडलीय प्रतियोगिता का समापन किया। उन्होंने कहा कि खेल के साथ अमेठी अब हर क्षेत्र में आगे हैं। दीदी स्मृति ईरानी खेल और खिलाड़ियों के विकास के बहुत संवेदनशील है। उन्होंने अमेठी में उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता आयोजित कराई है। डबल इंजन की सरकार ने प्राइमरी स्कूलों का कायाकल्प कर दिया है। जरूरत है कि समाज के सक्षम व्यक्ति अपने पड़ोस के प्राइमरी स्कूलों की चिंता करें, क्योंकि असली भारत इसी में बसता है। मंडलीय प्रतियोगिता के समापन के बाद अगली प्रतियोगिता की मेजबानी सुल्तानपुर को दी गई है। मंडलीय व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी ने शुक्रवार को खेल का झंडा उठाया है। अमेठी जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने बेहतरीन प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सभी खेल शिक्षकों और शिक्षक संगठनों को बधाई दी है। कार्यक्रम का संचालन सदाबहार उद्घोषक डॉ. रमेश सिंह ने किया। एंकरिंग के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने उन्हें सम्मानित भी किया। आवास एवं भोजन की बेहतर व्यवस्था के लिए डीसी, एमडीएम अरुण त्रिपाठी को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अब्दुल रशीद और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने मंडल चैम्पियनशिप जीतने पर सभी टीमों को बधाई दी हैं।

### गांव-गांव जाकर सरकार की योजनाओं की दें रहे जानकारी

**गौरीगंज,अमेठी।** पार्टी कार्यकर्ता गांव चलो अभियान के तहत गांव-गांव, घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं से लोगों का अवगत करा रहे हैं। भाजपा द्वारा चलाए जाने वाले अभियान में पार्टी के जनप्रतिनिधि, दिग्गज नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांवों में 24 घंटे प्रवास कर रहे हैं। इस दौरान ग्राम संयोजक व प्रवासी की टीम एक-एक मतदाता से संपर्क कर रहे हैं। साथ ही मतदाता सूची का निरीक्षण, नमो ऐप, सरल ऐप डाउनलोड करने एवं बूथ पर 51 प्रतिशत से अधिक वोट प्राप्त करने की योजना बनाने का काम हो रहा है। गांव चलो अभियान के माध्यम से समाज के हर वर्ग को पार्टी से जोड़ा जा रहा है। गांव चलो अभियान के जिला संयोजक राजीव शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा गौरीगंज ब्लॉक के दोस्तपुर ग्राम, भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह जगदीशपुर के हंसवा सुरवन ग्राम, मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह जामो ब्लाक के अचलपुर ग्राम, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन ओझा फादर के संगति सचिन पांडे जिला सहसंयोजक आईटी भादर के नगरडीह ग्राम, भवानी दत्त दीक्षित बहादुरपुर ब्लॉक के पीढ़ी, गौरव श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष सिंहपुर के सेमरौता, राकेश त्रिपाठी सिंहपुर के इन्हौना, पूर्व ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना तिलोई के जमुरवा, धर्मेश मिश्रा जिजौली, रश्मि सिंह रामगढ़, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आशा बाजपेई निमिषा त्रिपाठी, महेंद्र मिश्रा सहित नियुक्त सभी प्रवासी ने अपने-अपने ग्राम में प्रवास किया।

# सीएचसी के पास झाड़ियों में नवजात शिशु के शव को नोंचते रहे कुत्ते

तिलोई अमेठी

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर से मात्र सौ मीटर की दूरी पर स्थित झाड़ियों में एक नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। उक्त नवजात शिशु के शव को कुत्ते नोचते रहे और किसी की मानवीय संवेदना तक नहीं जागी। स्वास्थ्य महकमा मूकदर्शक बना रहा और उसको इसकी खबर तक नही लगी या फिर करतूतों पर पर्दा डालने का काम किया जा रहा था।



झाड़ियों में पड़े नवजात शिशु के शव की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर से मात्र सौ मीटर की दूरी पर स्थित पूरे घीसल को जाने वाले मार्ग के पास सड़क किनारे झाड़ियों में शुक्रवार को करीब तीन बजे एक नवजात शिशु का शव जो एक कपड़े में था उसे कुत्ते नोच रहे थे। आस पास में जानकारी होने पर धीरे धीरे देखने वालों की भीड़ लगने लगी। लेकिन मानवीय संवेदना इतनी मरी थी कि लोग देखते रहे और वीडियो बनाते रहे। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। लेकिन सीएचसी सिंहपुर के अधीक्षक डॉ. सुनील यादव अनभिज्ञ बने रहे और मामले में पर्दा डालने में जुटे रहे। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल मय दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गये है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर के अधीक्षक डा. सुनील यादव से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण मेरी जानकारी में नही है।

### ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर युवक की मौत

**गौरीगंज, अमेठी।** गौरीगंज से गृहस्थी का सामान खरीद कर घर जा रहे युवक को अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के असैदापुर नहर के पास की है जहां अन्नी बैजल निवासी जितेंद्र यादव 25 वर्ष पुत्र नाथूराम यादव गौरीगंज से घर का सामान खरीद जा रहे थे कि असैदापुर नहर के पास अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची ने लाश का पंचनामा कर पीएम को भेज दिया है। ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

### नहर पटरी पर लगने वाली दुकानों से बढ़ रहे हादसे

**जामो, अमेठी।** शारदा सहायक खंड -49 अन्तर्गत नहर पुल मवई चौराहे पर लगने वाली साप्ताहिक बाजार से सड़क दुघर्टना के ख़तरे बने हुए हैं। प्रशासन की ओर से मना करने के बाद भी दुकानदार जबरन नहर पटरी पर दुकानें लगा रहे हैं। जामों विकास खण्ड ग्राम पंचायत मवई में स्थित शारदा सहायक खंड 49 पर स्थित मवई चौराहे पर सप्ताह में दो दिन सोमवार और शुक्रवार को बाजार लगती है। शारदा सहायक खंड 49 नहर पुल पर ही दुकानदार दोपहर से ही अपनी दुकान लगाकर सब्जियां और जरूरत के समान को बेंचते है। मवई नहर के पुल के दोनो तरफ दुकान लगती है। जिससे बड़ी गाड़ियों के साथ दो पहिया सवार के आवागमन बाधित होता है। जिससे घंटो जाम लग जाता है। प्रशासन कुछ दिन पहले नहर के पुल से दुकानदारों की दुकान पुल से हटवाया था। कुछ दिन बाद फिर से दुकानदार पुल पर दुकान लगाने लगे। जिससे लोगों का आवागमन बाधित होता है। पुल के दोनो तरफ दुकान लगने और बड़ी गाड़ियों के आने से जाने से कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

# ट्रेलर की टक्कर से दंपत्ति समेत मां की गई जान

गौरीगंज, अमेठी

**अमृत विचार।** कोतवाली गौरीगंज क्षेत्र के अन्तर्गत ट्रेलर व बाइक की आमने सामने की जोरदार टक्कर में बाइक सवार मां बेटे व बहू की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम को भेज दिया है।

घटना गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के पांडेपुर चौराहा के पास की है। जहां मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के गढामाफी निवासी विशाल पुत्र रामतीरथ (24), अपनी मां सरिता (48) व पत्नी मनीषा (21) को लेकर आधार कार्ड संसोधन कराने के लिए गौरीगंज जा रहे थे कि गौरीगंज की ओर से आ रहे ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को



ट्रेलर की टक्कर से छतिग्रस्त हुई बाइक

जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने मां बेटे व बहू को मृत घोषित कर दिया।

बताते चलें कि एक साथ तीन लोगों की मौत की खबर मिलते ही परिवार सहित गांव में कोहराम मच गया। गौरीगंज कोतवाली प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि शवों का पंचनामा कर पीएम को भेज दिया गया है। दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रेलर को मुंशीगंज पुलिस ने पकड़ कर अपने कब्जे में ले लिया है।

# सड़क किनारे खून से लथपथ मिली थी किशोरी, 48 घंटे बाद आया होश

बाजारशुक्ल, अमेठी

▸▸ **दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज, थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला सड़क हादसा बताती रही पुलिस**

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की देर रात सड़क किनारे एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोशी की हालत में खून से लथपथ मिली थी। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन किशोरी को लेकर अस्पताल पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया था। परिजन किशोरी के होश में आने का इंतजार कर रहे थे। घटना के 48 घंटो के बाद किशोरी को होश आने के बाद घटना का कारण पता चल पाया। वहीं पुलिस प्रथम दृष्टया सड़क हादसा मान रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी मामा की लड़की की शादी में शामिल होने आई थी। मंगलवार की शाम को बरात आई थी। रात में 10 बजे गांव के बाहर सड़क किनारे किशोरी खून से लथपथ बेहोशी की हालत में मिली थी।लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने किशोरी को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था। करीब 48 घंटे के बाद किशोरी को होश आने के बाद घटना का कारण पता चला। जिसके बाद किशोरी के परिजनों ने नजदीकी थाने में दुष्कर्म का मामला बताते हुए मुकदमा पंजीकृत करवाया है। एसओ अवनीश कुमार चौहान ने बताया कि किशोरी के चाचा की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध दुष्कर्म व पास्को एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

# फंदे से लटकता मिला विवाहिता व युवक का शव

अमेठी

**अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्रो में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता व नवयुवक का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। विवाहिता की मौत से एक तरफ जहां उसके परिवार में कोहराम मचा है। वहीं पूरे मामले पर दोनो थानों की पुलिस अब जांच कर रही है।

पहली घटना जायस थाना क्षेत्र के सेखाना मोहल्ला निवासी जान मोहम्मद का विवाह 2019 में गांव तकिया थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली निवासी लाल मोहम्मद की बेटी सूफिया (22) के साथ हुआ था। उसके बाद वह परिवार के साथ रह रही थी। उसका एक लगभग तीन



सूचना पर कस्बा जायस में घटना की जांच करते नायब तहसीलदार के साथ कोतवाली प्रभारी

वर्ष का बेटा है। पति जान मोहम्मद आटो रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करता है। ब्रहस्पतिवार रात सूफिया खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गयी। पति जान मोहम्मद कहीं गया था और देर से लौटा तो दरवाजा बन्द था इसलिए वह भी बाहर ही सो गया। रात लगभग दो बजे के करीब कमरे में बेटे के रोने की आवाज आयी तो जान मोहम्मद जगा और दरवाजा खटखटाया लेकिन नहीं खुला तो वह पास में लगी खिड़की से देखा तो उसकी पत्नी दुपट्टे के सहारे संदिग्ध अवस्था में लटकी हुई थी। यह बात उसने परिजनों को बताया और खिड़की तोड़ कर अन्दर दाखिल हुआ। परिजनो ने घटना की सूचना प्रभारी कोतवाली देवेन्द्र प्रताप सिंह को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिया भेजा दिया। प्रभारी कोतवाली देवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर ही आगे की संवैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

दूसरी घटना मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के क्षेत्र के गढामाफी गांव की है। यहां के निवासी सचिन पुत्र लक्ष्मण कश्यप (21) मकान के दूसरे तल पर फांसी के फंदे पर लटकर अपनी जान दे दी। लोगों की मानें तो छात्र सचिन फार्मेसी कालेज में पढ़ाई करता था। कालेज की फीस न जमा होने को लेकर परेशान रहता था, जिसके कारण वह फांसी लगा लिया।

# एसडीएम से तालाब की भूमि पर अतिक्रमण हटवाने की मांग

अमेठी

**अमृत विचार।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकरमाफी चौकी अंतर्गत जोगा अम्मरपुर निवासी ग्रामीण हरकेश वर्मा ने अमेठी उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए मौजूदा ग्राम प्रधान पर निजी स्वार्थ के लिए तालाब की जमीन पर अवैध अतिक्रमण करने व इंटर लॉकिंग लगवाने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीण ने बताया कि उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी से शिकायत के बाद भी अभी तक अवैध अतिक्रमण नहीं हटवाया जा सका है।

ग्रामीण हरिकेश वर्मा ने बताया कि हल्का लेखपाल व पुलिस द्वारा मना करने के बाद भी ग्राम प्रधान द्वारा ग्रामसभा के गाटा संख्या 281, 282, 283 व 284 तालाब की जमीन पर निजी स्वार्थ में इंटर लॉकिंग लगवाकर अवैध अतिक्रमण किया गया है। जबकि इस तालाब की जमीन को सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए नामित किया गया है। साथ ही इस सरकारी तालाब की जमीन पर 122 की कार्यवाही चल रही है। वहीं ग्रामीण हरकेश वर्मा ने शासन-प्रशासन से तालाब की जमीन पर हुए अवैध अतिक्रमण हटवाकर सुरक्षित किये जाने की मांग की गई हैं।



रंगोत्सव में पदक विजेता ग्लोबल स्कूल के बच्चे। अमृत विचार

### रंगोत्सव प्रतियोगिता में आरआरएसजीएस के बच्चों ने मारी बाजी

**अमेठी।** स्थानीय ब्लॉक के रामनगर में स्थित राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल आरआरएसजीएस में शुक्रवार को रंगोत्सव 2023 के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित नारायण शर्मा ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और ट्राफी देकर सम्मानित किया। रंगोत्सव सेलीब्रेशन मुम्बई द्वारा प्रत्येक वर्ष देश भर के विभिन्न विद्यालयों में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के बीच रंगोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस प्रतियोगिता में राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल आरआरएसजीएस के विद्यार्थियों ने भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया था। संस्था द्वारा जारी परिणामों में आरआरएसजीएस के कुल 50 विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। विद्यालय की कक्षा 5 की छात्रा अवनी लोहिया को राष्ट्रीय रजत पदक प्राप्त हुआ तथा कक्षा चार की छात्रा सानवी सिंह को रंगों का सेट और स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के कुल 34 विद्यार्थियों को जनपद स्तरीय स्वर्ण पदक, 9 विद्यार्थियों को जनपद स्तरीय कांस्य पदक और चार विद्यार्थियों को विशेष उपहार प्राप्त हुआ। शुक्रवार को विद्यालय में सभी विजेताओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित नारायण शर्मा और शिक्षकों ने पदक, प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ललित नारायण शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को अपने अंदर की रचनात्मकता को प्रकट करने के अवसर प्राप्त होते हैं। विद्यार्थी जीवन के कैनवास में रंगोत्सव प्रतियोगिता द्वारा रंग भर रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### दबंगों ने गांव में आकर ढहाई दीवार



दिनदहाड़े लाठियां भांजता दबंग युवक



दबंगों द्वारा ढहाई गई निर्मित दीवार

▸▸ **दबंग कमलेश पहले भी गर्भवती पत्नी की गला रेत कर कर चुका है हत्या, अपराधों से गहरा है नाता**

**जायस, अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र जायस के एक गांव में गांव के भीतर कब्जेदारी को लेकर लंबे अरसे से विवाद चल रहा है। जबकि उसी विवादित भूमि का एक नहीं दो बार न्यायालय से डिग्री भी हो चुकी है। उसके बाद अपराधी किस्म का युवक दूसरे क्षेत्र से बहुबलियों को लाकर गांव में गली-गली लाठियां भांजकर दहशत का माहौल खड़ा करता रहता है। शुक्रवार की दोपहर मामले ने तब तूल पकड़ लिया जब गांव में आये दूसरे क्षेत्र के बाहुबलियों ने गांव पहुंचकर दिन दहाड़े जमकर लाठियां भांजी और गली-गली पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया। कोतवाली क्षेत्र जायस आलमपुर निवासी जयकरन पुत्र राम लखन ने वर्ष 2008 में निर्मला देवी, केशव देवी पुत्रीगण स्व. सरजुदेवी से 17700 रुपये का स्टाम्प शुल्क जमा कर खेत और घर का बैनामा लिया था। घर की जमीन को लेकर आये दिन निर्मला देवी की बहन का लड़का कमलेश कुमार विवाद उत्पन्न करता रहता है। घर का विवाद का मामला कुछ दिन न्यायालय में भी चला था। जहां से क्रेता को न्यायालय से डिग्री भी मिली थी। शुक्रवार को दोपहर में कमलेश पुत्र राम कुमार 10-12 बाहुबलियों को लाकर पहले तो निर्मित दीवार को ढहाया। विरोध करने पर दौड़ा-दौड़ा कर पिटाई की। जिसमें राजकरन सहित कई लोग घायल हुए हैं। बताते हैं कि कमलेश कुमार का अपराधों से गहरा नाता है। कमलेश कुमार पर मोहंगनज थाने में गर्भवती पत्नी की गला रेत कर हत्या करने का केस दर्ज है। वहीं जायस कोतवाली में भी चोरी का केस दर्ज है। बवाल की सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी दबंगों ने जमकर उत्पात मचाये रखा था। मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह के निर्देश पर कमलेश कुमार, कन्हैया लाल, सोनू को मौके से हिरासत में ले लिया गया था जबकि अन्य सभी हमलावर भागने में सफल हो गए थे। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि राजकरन की तहरीर पर कमलेश कुमार पुत्र राम कुमार, कन्हैया लाल पुत्र राम धनी व सोनू अनूप पुत्रगण कन्हैया लाल के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। घायल का मेडिकल परीक्षण रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों के बाहर पुलिस प्रशासन रही अलर्ट

अमेठी

**अमृत विचार।** जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों के बाहर व मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में अमेठी पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ पर नजर आयी। मस्जिदों के बाहर जहां पुलिस बल को तैनात किया गया था, वहीं मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में बड़ी संख्या में पुलिस पीएससी फोर्स ने फ्लैग मार्च किया था। अमेठी एसपी और डीएम ने खुद पूरे जिले का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते नजर आए।

काशी में ज्ञानवापी का मामला तूल पकड़ने के बाद प्रदेश के सभी जनपदों में जुमे की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड़ पर रही। अमेठी जनपद में भी जुमे की नमाज को लेकर अमेठी पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर देखने को मिली। शुक्रवार को अमेठी पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी के निर्देश पर जिले की सभी थानों की पुलिस अपने-अपने इलाकों में फ्लैग मार्च कर संवेदनशील इलाकों में पुलिस और पीएसी को तैनात किया गया था। इसके साथ ही अमेठी कस्बे के जामा मस्जिद से लेकर जिले की सभी मस्जिदों पर पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से अलर्ट मोड पर रही। प्रदेश में अलर्ट के चलते अमेठी पुलिस अधीक्षक सड़कों पर निकलकर पुलिस कर्मियों के साथ गस्त करते नजर आए हैं। सुरक्षा को लेकर अमेठी एसपी द्वारा जिले के सभी थानों को एक सेक्टर बनाया गया है और थाना प्रभारियों को सेक्टर प्रभारी बनाया गया है। सीओ को जोनल प्रभारी बनाया गया है। एसपी खुद अलग-अलग इलाकों में जाकर निरीक्षण कर रहे हैं। अमेठी एसपी डॉ. इलामरन जी ने कहा कि जनपद के सभी थानों को एक सेक्टर के रूप में बनाया गया था और थाना प्रभारियों को सेक्टर प्रभारी बनाया गया था। सीओ को जोनल प्रभारी बनाया गया था। सभी अपने-अपने निर्धारित क्षेत्र में पैदल गस्त व भ्रमणशील रहकर सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखे थे।

### कैम्प में 10 महिलाओं की हुई नसबंदी

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिला नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 10 महिलाओं का सफल नसबंदी किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. आलोक मिश्रा ने बताया कि महिला नसबंदी कैंप में 10 महिलाओं का सफल नसबंदी किया गया। जिसमें जनपद के चिकित्सक डा. विजय कुमार गुप्ता द्वारा महिलाओं का सफल नसबंदी कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के राजकरन, रामबचन, रत्नेश श्रीवास्तव, चांदनी शाही, डीके यादव, संतोष द्विवेदी, संदीप सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।



डीएम से मिलकर वार्ता करते प्रेस क्लब अध्यक्ष व अन्य पत्रकार। अमृत विचार

### प्रेस क्लब ने जिलाधिकारी से किया शिष्टाचार भेंट

**अमेठी।** शुक्रवार को अमेठी प्रेस क्लब अध्यक्ष शीतला प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में प्रेस क्लब का एक प्रतिनिधिमंडल नवागत जिलाधिकारी निशा अनन्त से उनके कार्यालय में मुलाकात किया। डीएम से शिष्टाचार भेंट के दौरान प्रेस क्लब प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी का जनपद में स्वागत करते हुए उन्हें जनपद में एक स्वर्णिम कार्यकाल और जनहित प्रधान प्रशासन चलाने के लिए शुभकामनाएं दिया। प्रेस क्लब अध्यक्ष शीतला प्रसाद मिश्र ने जिला अधिकारी से वार्ता के क्रम में आग्रह किया कि पत्रकार साथियों को समय से सूचनाओं और प्रशासनिक खबरों को समय से उपलब्ध कराते हुये सहयोग किया जाय। उन्होंने कहा कि प्रेस और प्रशासन के बीच समुचित समन्वय लोकतांत्रिक मूल्यों का संवर्धन करता है। प्रेस क्लब की ओर से जिलाधिकारी को सकारात्मक सहयोग प्रदान करने के लिए आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर पत्रकार रविंद्र तिवारी, रमन पांडेय, कंचन सिंह, योगेंद्र श्रीवास्तव तथा डॉ. आशीष कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# मौनी अमावस्या पर संगम में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

## मेला पुलिस रही मुस्तैद, चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी से होती रही निगरानी

संवाददाता, प्रयागराज/नैनी।



**अमृत विचार:** मौनी अमावस्या अप शुक्रवार को माघ मास के महा स्नान पर्व पर संगम के तट पर स्नानार्थियों, श्रद्धालुओं का पुण्य की कामना के साथ स्नान मौनी और दान करने के लिए रेला उमड़ पड़ा। तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरती पर माघ मेला के सबसे प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर करोड़ों श्रद्धालुओं ने पावन संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। सुनहरे मौसम, खिलखिलाती धूप और हल्की शीतलहर के बीच मध्य रात्रि से ही स्नान शुरु हो गया और पूरा दिन स्नान का सिलसिला चलता रहा। मेले में स्नान के बाद दान पुण्य अर्जित कर मां गंगा से आशीष मांगा।

माघ मास के तीसरे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर मध्य रात्रि से ही स्नान करने वालों का रेला संगम पर पहुंचा। संगम में बनाये गये घाटो पर भारी भीड़ रही। पाण्टून पुल श्रद्धालुओं से पूरी तरह भरे दिखे। इस महा पर्व पर आस्था का जन सैलाब उमड पड़ा। जिधर भी नजर गई श्रद्धालु ही श्रद्धालु दिखे। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान हेतु व्यापक पुलिस की व्यवस्था की गयी। सूचना विभाग के मुताबिक देर शाम तक एक करोड़ 70 लाख श्रृद्धालुओं ने स्नान किया। मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, महिला पुलिस, अग्निशमक दल, पीएसी के जवान, घुड़सवार पुलिस, आरएएफ, एटीएस के कमाण्डो व बम निरोधक दस्ता की टीमें स्थापित की गई। संगम घाट और अरेल घाट पर जल पुलिस के साथ-साथ मोटर-बोट नियुक्त कर स्नानार्थियों, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़े प्रबन्ध किये गये। नदी में गोताखोरों का भी व्यवस्था की गयी। स्टीमर के माध्यम से लगातार संगम घाटों का निरीक्षण किया गया। सुरक्षा के दृष्टिगत घाटों, जल में लगे एसडीआरएफ, फ्लड कम्पनी के जवानों द्वारा कड़ी निगरानी की गई। मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन के माध्यम से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी गई, मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई असुविधा न हो इसके लिए मेला क्षेत्र में पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई। संगम स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान घाट तक पहुंचने के लिए पैदल की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आने पर भूले भटके शिविर द्वारा बिछुड़े हुये लोगो को उनके परिजनों से मिलाया गया। इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानुकी भास्कर, पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट रमित शर्मा, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक रेंज प्रेम कुमार गौतम, पुलिस उप महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र, कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, पुलिस उपायुक्त नगर दीपक भूकर, पुलिस उपायुक्त गंगापार अभिषेक भारती, पुलिस उपायुक्त यातायात, नोडल पुलिस अधिकारी माघ मेला आशुतोष द्विवेदी लगातार मेला क्षेत्र में निरीक्षण करते रहे।





> माघ मेले के तीसरे स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर भोर से ही स्नान शुरु हो गया। अब तक डेढ़ करोड़ श्रृद्धालुओ ने संगम में डुबकी लगाई है। मेले में कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया गया है। किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई है। चप्पे चप्पे पर पुलिस का कड़ा पहरा कड़ा लगाया गया है।
> **– राजीव नारायण मिश्र, डीआईजी माघ मेला प्रयागराज**

### श्रद्धालुओं और कल्पवासियों, संत - महात्माओं पर की गई पुष्प वर्षा

**प्रयागराज।** महापर्व मौनी अमावस्या पर संगम के तट पर सुनहरे मौसम के बीच मध्य रात्रि से ही श्रद्धालुओं का स्नान प्रारंभ हो गया। इस महापर्व पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर तरफ श्रद्धालुओ का जनसमूह दिखाई पड़ रहा था। पूरा दिन स्नान अनवरत जारी रहा। मौनी अमावस्या के पावन पर्व करोड़ो स्नानार्थियो ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं के आवागमन एवं सुरक्षित स्नान के लिए मेला क्षेत्र में व्यापक पुलिस प्रबंध किए मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस उप महानिरीक्षक, प्रभारी माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र के द्वारा अपार जनसमूह, संतो, श्रद्धालुओं, स्नानार्थियो, कल्पवासियों पर हेलीकॉप्टर के माध्यम से पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

## सार-संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बतायी पार्टी की विचारधारा



**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** गांव चलो अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता गांव – गांव भ्रमण कर पार्टी की विचारधारा का प्रचार – प्रसार कर रहे हैं। शुक्रवार को अंतू मंडल के महामंत्री राजाराम वैश्य के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत के चौरा वार्ड में 24 घण्टे का प्रवास किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर – घर सम्पर्क कर ग्रामीणों की समस्याओं को जाना और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए मंडल महामंत्री राजाराम ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संचालित जनहितैषी योजनाओं से गरीबों के सपने सच हो रहे हैं। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के बल पर एक बार फिर केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार बनेगी। प्रवास कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सभासद बृजेश सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक सत्य प्रकाश मिश्र, अजय सरोज, संजय सोनी, देवनारायण सिंह, अशोक सिंह, बबलू सिंह, पिन्टू सिंह, कृष्ण भगवान मिश्र आदि मौजूद रहे। इसी तरह नगर पालिका के वार्ड संख्या दो सगरा के बूथ संख्या 24 पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने प्रवास कर बूथ समिति के साथ लोगों से सम्पर्क कर सरकार की नीतियां बताई। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक मोहित मिश्र, बूथ अध्यक्ष कुलदीप मिश्र, सर्वेश मिश्रा, बड़े लाल प्रजापति, विजय कुमार, पवन कुमार, अवधेश शुक्ल, पंकज सिंह, बबलू सिंह, शुभम त्रिपाठी, देवराज आदि उपस्थित रहे।

### छात्र - छात्राओं को दी समारोह पूर्वक विदाई



**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** आनंदवन इंटर कालेज में शुक्रवार को छात्र – छात्राओं की समारोह पूर्वक विदाई दी गई। शुभारंभ प्रधानाचार्य राघवेंद्र नाथ शुक्ल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय की छात्राओं प्राची, आफरीन, दिव्यांशी, अंजली व सलोनी ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इंटरमीडिएट के छात्र – छात्राओं ने कालेज के अनुभव को साझा किया। नम्रता, आयुषी, कोमल की सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति खूब सराही गई वैष्णवी, नम्रता, अंशिका ने राम आएंगे.. गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। अंतिमा, कोमल, अंशिका ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। अंत में प्रधानाचार्य ने बच्चों के साथ केक काटकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदीप कुमार शुक्ल, उदय राज सिंह, आदित्य तिवारी, आशुतोष ओझा, आयूष तिवारी, अनीता, निधि, सरिता, सविता, कविता, पूनम, शालिनी आदि मौजूद रहे।

### आठ नवागत दरोगाओं को मिली तैनाती

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** जनपद में नवागत आठ उप निरीक्षकों को थानों में तैनाती दी गई हैं। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने उपनिरीक्षक बलवंत यादव को पुलिस लाइन थाना सांगीपुर भेजा है। मो. लतीफ लीलापुर, सुमेर राम थाना बाघराय, वंशराज सिंह नवाबगंज, चुनकावन प्रसाद पैरवी सेल में काम करेंगे। विनोद कुमार शुक्ला बाघराय, संजय कुमार सिंह थाना हथिगवां व सुभाष चंद्र उपाध्याय को देल्हूपुर थाने में तैनाती मिली है।

### हल्द्वानी में बवाल के मद्देनजर रही सतर्कता, पहुंचे आईजी



**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** उत्तराखंड के हल्द्वानी में अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के बाद हुए बवाल को लेकर उत्तर प्रदेश में भी अलर्ट घोषित है। इसका असर शुक्रवार को प्रतापगढ़ में भी देखने को मिला। जुमे की नमाज शुरू होने से पहले और नमाज के बाद में माहौल पर पुलिस की खास नजर रही। शहर के अलावा लालगंज, कुण्डा, पट्टी, रानीगंज समेत जिले में पुलिस सतर्क रही। ड्रोन कैमरे से मस्जिदों के आस – पास नजर रही। हालांकि जिले में मुस्लिम इलाके की दुकानें बंद नहीं हुईं। दोपहर करीब दो बजे पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज प्रेम गौतम भी शहर पहुंच गए। जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के साथ विकास भवन तिराहा समेत विभिन स्थानों का भ्रमण किया। कानून–व्यवस्था, सुरक्षा के दृष्टिगत ड्यूटी का निरीक्षण किया।

## जीपीएस इंटर कालेज में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कल

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** जीपीएस इंटर कालेज गोंड़े में 11 फरवरी को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय मुंशीगंज के नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा नेत्र से जुड़े सभी रोगों का निःशुल्क परीक्षण किया जाएगा। कालेज की प्रधानाचार्य कंचन सिंह ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद के रोगियों का चयन किया जाएगा। रोगी को आधार कार्ड की छायाप्रति लेकर आना अनिवार्य है। शिविर स्थल से मुंशीगंज अमेठी तक जाने और आपरेशन के बाद शिविर स्थल तक वापस पहुंचाने के लिए वाहन की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी।



## किन्नर अखाड़े के शिविर में लगी आग, तीन लोग झुलसे

संवाददाता, प्रयागराज।



**अमृत विचार:** रेत की नगरी में बसे माघ मेला क्षेत्र में सेक्टर -5 में बने किन्नर अखाड़ा के शिविर में गुरूवार की देर रात हवन के दौरान पंडाल में भीषण आग लग गई। आग लगने से किन्नर अखाड़ा के शिविर में अफरा तफरी मच गयी। भीषण आग में तीन लोग झुलस गये। आनन फानन में पहुंची पुलिस ने झुलसे लोगो को इलाज के लिए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय भेज दिया। आग की चपेट में शिविर के कई पंडाल जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम नद कड़ी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया।

मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर एक बड़ा हादसा हो गया। गुरुवार को देर रात मेला क्षेत्र में किन्नर अखाड़ा के शिविर में रात करीब 2:30 बजे हवन का कार्यक्रम चल रहा था। उस दौरान किन्नर अखाड़ा के शिविर में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। शिविर में अफरा तफरी मच गई। पंडाल में सो रहे लोग बाहर निकलकर भागने लगे। वही इस आग की चपेट में तीन लोग बुरी तरह से झुलस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झुलसे लोगों को तत्काल स्वरूप रानी चिकित्सालय अस्पताल भेज दिया। वहीं मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने काफी देर के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि किन्नर अखाड़े के शिविर में महामंडलेश्वर भवानी मां देर रात हवन कर रही थी। हवन स्थल के ठीक पीछे सिलेंडर रखा हुआ था। सिलेंडर गैस लीक होने के कारण आग लग गई। इससे शिविर के अंदर चार कुटिया जलकर राख हो गई। इस कुटिया में रहे तीन लोग बुरी तरह झुलस गए। झुलसने वालो में महामंडलेश्वर भवानी मां के भाई, भाभी और एक रिश्तेदार गंभीर रूप से झुलस गए। शिविर में मौजूद जर्मनी से आई अनीशा गोमदीज का डिप्लोमैट, पासपोर्ट और रुपये जलकर राख हो गये।

## ग्राम परिक्रमा यात्रा के माध्यम से बताएंगे सरकार की उपलब्धियां

**संवाददाता, नैनी प्रयागराज। अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रयागराज यमुनापार द्वारा 12 फरवरी को "ग्राम परिक्रमा यात्रा" निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान किसानों, मजदूरों सहित सभी जनता को सरकार की उपलब्धियां बताएंगे। यह जानकारी पत्रकारों से नैनी में बातचीत करते हुए जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण सिंह पप्पू ने दी। उन्होंने इस मौके पर बताया कि यात्रा दोपहर एक बजे बारा रैपुरा को निकलेगी। उन्होंने आगे बताया कि इस यात्रा का शुभारंभ 12 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे प्रदेश के मुज़फ्फरनगर के माँ शाकुम्भरी देवी मंदिर प्रांगण, शुक्रताल से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राजकुमार चाहर द्वारा किया जाएगा, जिसमें 50 हजार से अधिक किसान उपस्थित रहेंगे। साथ ही शुभारंभ कार्यक्रम का देश के सभी संगठनात्मक ज़िलों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण भी किया जायेगा। यात्रा का शुभारम्भ गौ, हल, ट्रैक्टर व अन्य कृषि यंत्रों का पूजन करके किया जायेगा। तत्पश्चात् डोर–टू–डोर अभियान चलाया जाएगा। यह यात्रा प्रत्येक जिले में प्रतिदिन पांच गांवों में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सबका साथ–सबका विकास के मजबूत इरादे से सत्ता में आई हमारी भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश की जनता के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किए हैं और हर बार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक को लाभान्वित किया है। इसके साथ ही लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ संकल्पों जल संरक्षण, ग्राम स्तर पर डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देना, स्वच्छता अभियान, वोकल फॉर लोकल (भारत में निर्मित), घरेलू पर्यटन में वृद्धि का अनुरोध भी किया जाएगा। ग्राम परिक्रमा यात्रा अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए राष्ट्रीय स्तर से जिला स्तर तक समितियों का गठन किया गया है। हर समिति के संयोजक किसान मोर्चा के उसी स्तर के अध्यक्ष हैं। प्रेस वार्ता के प्रारंभ में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने परिचय कराने के साथ विषय की रूपरेखा रखी। इस अवसर पर जिला महामंत्री आदेश सिंह, जिला मंत्री किसान मोर्चा मुकेश पाण्डेय, किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी गिरीश कुमार चतुर्वेदी जिला सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक मौर्या उपस्थित रहे।

## वर्ग पहेली-338

**बाएं से दाएं**

1. (साहित्य) एक शब्दालंकार जिसमें ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है जो कई भाषाओं में समान अर्थ देते हों।

4. 1. वह राज्य या शासन जिसमें अव्यवस्था और भ्रष्टाचार हो, ऐसा राज्य–प्रबंध जिसमें जनता के कल्याण या सुख–सुविधाओं का कोई प्रावधान या व्यवस्था न हो 2. कुश नामक घास का आसन, कुश की बनी हुई चटाई।

7. 1. भौरों के गुंजार से युक्त 2. किसी प्रकार की गूंज से युक्त 3. (स्थान आदि) जो गूंज से भर गया हो।

8. 1. झाड़ने पर निकलने वाली धूल अथवा रद्दी चीज़ें या उनके टुकड़े, गर्द, कूड़ा, (डस्ट) 2. वह कपड़ा जिससे चीज़ें झाड़ी या साफ़ की जाती हैं, मार्जक, (डस्टर)।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वसंत ऋतु 2. चैतमास।

3. 1. तौलने की क्रिया या भाव 2. तौलने की मज़दूरी।

5. 1. जिन पर शासन किया गया हो 2. जो शासन के अधीन हो 3. नियंत्रित 4. दंडित।

6. 1. जानने–समझने की क्षमता, समझ, दिमाग 2. बुद्धि, प्रतिभा, कौशल 3. समझने–बूझने की योग्यता, धारणाशक्ति 4. स्मरणशक्ति, याददास्त।



### वर्ग पहेली - 337 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 लु | 2 टि | या | | 3 मो | था |
| | का | | 4 हैं | | |
| 5 गाँ | व | वा | सी | | 6 टो |
| ड़ | | | खे | | का |
| र | | 7 बे | ल | बू | टा |
| | | डो | | | की |
| | 8 बि | ल | टी | | |

## सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | | | 5 |
| 2 | 9 | | | 6 | | 3 | | |
| | 3 | | | | 7 | | | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | | | 4 | | 3 |
| | 6 | | | | | 8 | 9 | |
| | | 9 | | 4 | | | | |
| 8 | | 1 | | | | | 3 | 4 |
| 7 | | | 2 | | | | | |

### सुडोकू - 54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 |

# चेयरमैन प्रतिनिधि बनकर शिक्षक ने की प्रेसवार्ता, निलंबित

संवाददाता, कुण्डा प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** नगर पंचायत हीरागंज बाजार के कार्यालय में परिषदीय विद्यालय के शिक्षक ने प्रेसवार्ता की इसका वीडियो शुक्रवार को वायरल होने पर बीएसए ने शिक्षक को निलंबित कर दिया। नगर पंचायत हीरागंज बाजार में अध्यक्ष पद अनुसूचित महिला के लिए आरक्षित था। इस पर पहली चेयरमैन सुरेखा देवी निर्वाचित हुई हैं। स्वयं को उनका प्रतिनिधि बताने वाले बाबागंज के विकास खण्ड के रायगढ़ प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक उदय शंकर पांडेय ने शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठ कर प्रेसवार्ता की।



प्रेसवार्ता में बोलते उदय शंकर पाण्डेय।

पत्रकारों से मुखातिब होकर उन्होंने कहा कि वह नगर पंचायत का विकास ऐसा करेंगे कि पूरे प्रदेश मे हीरागंज नगर पंचायत पहले नम्बर की नगर पंचायत बनेगी। साथ ही नगर पंचायत में रहने वाले

**▸▸ राजनीति में रुचि लेने पर बेसिक शिक्षक पर गिरी गाज**

पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन समेत सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पूछे गए सवाल में उन्होंने बताया कि उन्हें अध्यक्ष ने अपना प्रतिनिधि बनाया है, जरूरत पड़ने पर वह नगर पंचायत में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होती हैं। नगर पंचायत में फैले जर्जर विद्युत तारों को जल्द की बदलने की बात भी उन्होंने कही। शिक्षक के प्रेसवार्ता का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। उसे संज्ञान में लेते हुए बीएसए भूपेंद्र सिंह ने शिक्षक उदय शंकर को निलंबित कर दिया।

### अवकाश के दिन अध्यक्ष, ईओ की अनुपस्थिति में खुला कार्यालय, डीएम से शिकायत

पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभय प्रताप सिंह पप्पन ने जिलाधिकारी संजीव रंजन को शुक्रवार को शिकायती पत्र दिया। अवगत कराया कि शुक्रवार को मौनी अमावस्या का सार्वजनिक अवकाश है। अध्यक्ष और ईओ की अनुपस्थिति में कुछ लोग द्वारा नगर पंचायत हीरागंज बाजार कार्यालय को अवकाश में भी खोलकर प्रेसवार्ता की जा रही है। अध्यक्ष पद पर सुरक्षित महिला हैं, उनकी कुर्सी पर किसी के बैठने का औचित्य नहीं है। मामले की जांच कर मामले में केस दर्ज कराये जाने की मांग की। इस पर डीएम ने कार्रवाई का भरोसा दिया।

> एक शिक्षक शिक्षण कार्य करता है। इस तरह की राजनीति नहीं कर सकता है। यह शिक्षक आचरण नियमावली के विपरीत है। शिक्षक को निलंबित करते हुए मामले में स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। **– भूपेंद्र सिंह, बीएसए प्रतापगढ़**

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 फरवरी, शनिवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–माघ, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–प्रतिपदा 11 फरवरी 00 .47 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**– पूर्व। **ऋतु**–शिशिर।
चन्द्रबल–मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल–भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–धनिष्ठा 20 .34 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** – आज आप अपने प्रभाव के दम पर उलझे मामलों को सुलझा लेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान के करियर को लेकर चिंता दूर होगी। मित्रों के साथ आप गम्भीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

**वृष** – आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। व्यापार में कुछ बदलाव लाने की दिशा में काम कर सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। अपनी कुशल रणनीति से विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। पुराने नुकसान की भरपायी हो जायेगी।

**मिथुन** – आज निजी रिश्तों में समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। परिवार के किसी सदस्य पर क्रोध आ सकता है। बुरी संगत से आपको बचना चाहिये। जॉब में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। वैवाहिक जीवन की समस्याओं का निराकरण होगा।

**कर्क** – आज घर का वातावरण नकारात्मक हो सकता है। अपने बजट का ध्यान रखते हुए ही काम करें। भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। उतावलेपन के कारण काम प्रभावित हो सकते हैं। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

**सिंह** – आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपकी आय में वृद्धि होने की संभावना बन रही है। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने जाने का प्लान करेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**कन्या** – आज ऑफिस में लापरवाही के कारण काम रुक सकते हैं। स्वयं को व्यस्त रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। धन संबंधी मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कठिन काम सौंपा जा सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

**तुला** – आज बेरोजगार लोगों को नौकरी की चिन्ता रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं। काम की अधिकता के कारण प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। ऑफिस में घरेलू मामलों को लेकर तनाव हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज व्यापार में उधारी करने से बचें। मन में नए रचनात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। अपने खर्च का हिसाब रखें। जीवनसाथी के साथ झगड़ा हो सकता है। उत्तम वाहन सुख की प्राप्ति होगी। माता का आशीर्वाद लेकर काम शुरू करें।

**धनु** – आज आपको व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। आज आप कई सारे कार्यों को एकसाथ करने का प्रयास करेंगे। जॉब में आपको बड़ा काम सौंपा जा सकता है। विद्यार्थी गम्भीर विषयों का अध्ययन करने में रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी परेशानियां हो सकती है। पैतृक संपदा प्राप्त हो सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। परिवार के सदस्यों के बीच व्यवहार खराब हो सकता है।

**कुंभ** – आज मनोरञ्जन के साधनों का आनन्द लेंगे। रिश्तेदारों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। आप लोगों की मदद करने को आतुर रहेंगे। सामाजिक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**मीन** – आज घरेलू कार्यों में आप उलझे रहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर अहङ्कार न करें। भावनाओं के कारण नुकसान हो सकता है। संपत्ति के मामलों को लेकर सावधानी जरूरी है। मन में अज्ञात भय रहेगा। वाद–विवाद और बहसबाजी से आपको बचना चाहिए।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- लाल बादशाह – सुबह : 09 .00
- नो प्रॉब्लम – शाम : 06 .00

**Utsav Gold**
- बड़े घर की बेटी – सुबह : 09 .15
- चांदनी – शाम : 06 .15

**SONY MAX**
- दिल तो बच्चा है जी – सुबह : 09 .56
- हर दिल जो प्यार करेगा – शाम : 06 .04

**ZEE CINEMA**
- अंदाज – दोपहर : 12 .25
- किसका भाई किसकी जान – रात : 09 .25

**colors CINEPLEX**
- एयरलिफ्ट – सुबह : 10 .54
- फोर्स 2 – शाम : 04 .32

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम–06 .04 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति– मुझे समझदार औरत से शादी करनी चाहिए थी
पत्नी– समझदार औरत तुमसे कभी शादी नहीं कर सकती।
पति– मुझे बस यही साबित करना था।
पति की बात सुनकर पत्नी रह गई दंग।

बॉस ने जोक सुनाया तो पूरी टीम हंसने लगी, बस एक लड़का नहीं हंसा...
बॉस ने पूछा– क्या तुम्हें मेरा जोक समझ नहीं आया?
लड़का– सर, मेरा सलेक्शन दूसरी कंपनी में हो गया है...
लड़के की बात सुनकर बॉस दंग रह गए।

ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिपः कुश्ती का चयन ट्रायल 10-11 मार्च को

## चयनित होने को पहलवान पटियाला और सोनीपत में आजमाएंगे जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम चुनने के लिए चयन ट्रायल का आयोजन 10 और 11 मार्च को क्रमशः पटियाला और सोनीपत में होगा। यह जानकारी इस खेल का प्रबंधन कर रही तदर्थ समिति ने शुक्रवार को दी।

इस ट्रायल की योजना शुरुआत में 27 से 29 फरवरी के लिए बनाई गई थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी में देरी के बाद इसे स्थगित कर दिया। महिला पहलवानों के लिए ट्रायल 'एनएसएनआईएस' पटियाला में होंगे जबकि ग्रीको रोमन और फ्रीस्टाइल पहलवानों के लिए ट्रायल भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत में होंगे। भूपेन्द्र सिंह बाजवा की अध्यक्षता वाली तदर्थ समिति ने कहा कि आगामी ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम के चयन के लिए तदर्थ समिति 10 और 11 मार्च को चयन ट्रायल का आयोजन करेगी। ओलंपिक भार वर्ग में ट्रायल के विजेता को आगामी ओलंपिक क्वालीफायर (19 से 21 अप्रैल तक एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और 9 से 12 मई तक विश्व ओलंपिक क्वालीफायर) में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। अंतिम (53 किग्रा) को 2024 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में खेलने को सीधे प्रवेश दिया जाएगा।

**ट्रायल की योजना 27 से 29 फरवरी के लिए थी जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई थी**

## बल्लेबाज आक्रामक-पारंपरिक शैली में संतुलन बनाएं: वॉन

### इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन सकती है, जिसे बहुत अच्छा करने के बावजूद भी ज्यादा सफलता ना मिले

लंदन, एजेंसी



पूर्व कप्तान माइकल वॉन को चिंता है कि इंग्लैंड एक ऐसी टीम बन जाएगी जो कड़ी मेहनत करने के बावजूद ज्यादा जीत हासिल करने में नाकाम रहेगी। उन्होंने भारत में टीम की बल्लेबाजी इकाई को सफल होने के लिए आक्रामक और पारंपरिक क्रिकेट की शैली के बीच संतुलन बनाने की सलाह दी।

इंग्लैंड को 'बैजबॉल' तरीका अपनाने के बाद से टेस्ट क्रिकेट में अच्छी सफलता मिली है। टीम को हालांकि इस रवैए से कुछ अहम मुकाबलों में हार का सामना भी करना पड़ा है, जिसमें एशेज श्रृंखला के मैच भी शामिल है। इंग्लैंड ने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली एशेज श्रृंखला को 2-2 से ड्रॉ खेला था। इंग्लैंड के लिए जैक क्राउली को छोड़कर उनके सभी बल्लेबाज बड़े स्कोर बनाने में असमर्थ रहे। वॉन ने कहा कि इंग्लैंड की टीम अगर विशाखापत्तनम जैसी बल्लेबाजी जारी रखगी तो शृंखला नहीं जीत पाएगा। मैं वास्तव में सोचता हूं कि बल्लेबाजों को हमारे गेंदबाजों से कुछ सीखने की जरूरत है। हमारे गेंदबाजों ने पारंपरिक और आक्रामक शैली का अच्छा मिश्रण किया है। वॉन ने टीम बल्लेबाजों से आक्रामक रूख अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जेम्स एंडरसन ने कमाल किया है। टीम को एंडरसन का साथ देने के लिए तेज गेंदबाज शायद ऑली रॉबिन्सन को मैदान पर उतारना होगा।

### इंग्लैंड ऐसी टीम जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती

वॉन ने 'द टेलीग्राफ' में लिखा कि इंग्लैंड ऐसी टीम बन गई है जिसकी बहुत आलोचना नहीं की जा सकती है क्योंकि उन्हें खेलते हुए देखना अच्छा है। हम मौजूदा टीम के खेल से बहुत प्रभावित होते हैं और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बड़े पैमाने पर सुधार किया है। मुझे चिंता है कि कहीं वे ऐसी टीम न बन जाए जो इतना शानदार करने के बाद भी अधिक मैच जीतने में सफल ना रहे। जब उन्हें एशेज श्रृंखला जीतनी चाहिए थी तब वे नहीं जीत सके और अब उन्हें भारत को श्रृंखला में वापसी का मौका दे दिया है। यह तब हुआ जब विराट कोहली समेत कई बड़े नाम मौजूद नहीं थे। इंग्लैंड ने भारत में पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली थी, लेकिन बेन स्टोक्स की टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।



## खेल डायरी

### विश्व कप उपविजेता फ्रांस नेशन्स लीग फुटबॉल में इटली, बेल्जियम और इजरायल के साथ एक ग्रुप में

**पेरिस, एजेंसी।** विश्व कप उपविजेता फ्रांस, यूरोपीय चैंपियन (2020) इटली, बेल्जियम और इजराइल को सितंबर में शुरू होने वाले पुरुषों की यूएफा नेशन्स लीग के शीर्ष स्तर के मुश्किल ग्रुप 'ए 2' में एक साथ जगह दी गई है। नेशंस लीग चैंपियन स्पेन को डेनमार्क के अलावा स्विट्जरलैंड और सर्बिया के साथ ग्रुप 'ए 4' में रखा गया था, यूरो 2024 मेजबान जर्मनी, नीदरलैंड, हंगरी और बोस्निया-हर्जेगोविना को ग्रुप 'ए 3' में जगह मिली है जबकि क्रोएशिया, पुर्तगाल, पोलैंड और स्कॉटलैंड को 'ग्रुप ए-1' में शामिल किया गया है। फीफा रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड 2022 में नेशन्स लीग के दूसरे टियर में खिसक गया था। टीम को ग्रुप 'बी-2' में फिनलैंड, यूनान और आयरलैंड के साथ रखा गया है। यह 1991 के बाद इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच पहला प्रतिस्पर्धी मैच होगा।

### जुलाई में भारतीय फुटबॉल सत्र डूरंड कप से होगा शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 11के सत्र का आगाज सितंबर महीने में होगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अनुसार 2024-25 भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप से होगी तथा सितंबतर में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का आयोजन किया जाएगा। एआईएफएफ ने बताया कि इस बीच, आई-ली भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) और कलिंगा सुपर कप अक्टूबर में शुरू होंगे। आगामी सत्र में आईडब्ल्यूएल विंडो को 4 से बढ़ाकर 6 महीने किया गया है। पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी नवंबर-दिसंबर में होगी। भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम मार्च और जून महीने में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर खेलेगी।

### रग्बी प्रीमियर लीग लांच करने को तैयार इंडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ (आईआरएफयू) देश में खेल की लोकप्रियता बढ़ाने के उद्देश्य पर काम करते हुए फ्रेंचाइजी आधारित रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) लांच करने के लिए तैयार है। लीग में भारत और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की भी कुछ सर्वश्रेष्ठ रग्बी प्रतिभाए हिस्सा लेंगी। यह लीग इस साल सितंबर में खेल के 'सेवंस' प्रारूप में खेली जाएगी, जिसके शुरूआती चरण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। आईआरएफयू के अध्यक्ष ने कहा कि यह भारत के लिए और भारतीय रग्बी के लिए ऐतिहासिक पल है। रग्बी दुनिया भर के बड़े खेलों में से एक है और भारत पिछले कुछ वर्षों से इस खेल में लगातार प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आरपीएल भारतीय रग्बी के लिए 'गेम चेंजर' साबित होगी और हमारे खिलाड़ियों को दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करेगी।

### स्नेहा ने डब्ल्यूपीजीटी के चौथे चरण का खिताब जीता

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** स्नेहा सिंह आखिरी तीन होल में दो बोगी करने के बाद बावजूद हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के चौथे चरण को जीतने में सफल रहीं। मौजूदा सत्र में तीन चरण में भाग लेने वाली स्नेहा की यह दूसरी जीत है। उन्होंने इस चरण के चौथे दौर में ईवन पार 72 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर पांच अंडर 211 होगा। हिताशी ने चौथे दौर में बोगी रहित 69 का कार्ड खेला लेकिन यह स्नेहा के पांच शॉट की बढ़त को पाटने के लिए काफी नहीं था। मौजूदा सत्र में तीसरे चरण की विजेता हिताशी पहले, दूसरे और इस चरण में उपविजेता रही है।

### फ्रांसेस टियाफो डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**डलास, एजेंसी।** अमेरिका के शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो ने गुरुवार रात 19 साल के हमवतन एलेक्स मिचेलसन पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज कर डलास ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। जापान के योशिहितो निशियोका ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया, जिससे फ्रांस के एड्रियन मानारिनो एक भी मुकाबला खेले बिना क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। राउंड 16 के अन्य मुकाबलों में सातवें वरीय जोर्डन थाम्पसन ने अमेरिका के डेनिस कुडला पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की जबकि जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त डोमिनिक कोफर ने आस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता को 6-4, 7-6 से मात दी।

## कोहली के बारे में गलत जानकारी साझा कर की गलती : डिविलियर्स

### भारत के दिग्गज खिलाड़ी ने निजी कारणों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया है ब्रेक

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि उन्होंने भारत के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली के बारे में गलत सूचना साझा करके बहुत बड़ी गलती कर दी। कोहली ने निजी कारणों



से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक लिया है और डिविलियर्स ने कहा कि उन्हें कोई अंदाजा नहीं है कि वहां क्या हो रहा है। डिविलियर्स ने कुछ दिन पहले अपने यूट्यूब चैनल पर दावा किया था कि कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अपने दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व दिग्गज ने एसए20 लीग के इतर बातचीत में कहा कि परिवार सबसे पहले आता है, जैसा कि मैने अपने यूट्यूब चैनल पर भी कहा था। मैने भी उस समय गलत जानकारी साझा कर के बड़ी गलती कर दी। मेरी वो बातें बिल्कुल भी सच नहीं थी। एसए20 के ब्रांड दूत डिविलियर्स ने कहा कि मैं बस यही सोचता हूं कि जो कुछ भी विराट और उनके परिवार के लिए सबसे अच्छा है उसे प्राथमिकमा मिलनी चाहिए। कोई नहीं जानता कि वहां क्या हो रहा है। मैं बस उनके लिए सब कुछ अच्छा होने की कामना कर सकता हूं।

**एबी ने दावा किया था कि कोहली दूसरे बच्चे के जन्म का कर रहे इंतजार**



### टेस्ट क्रिकेट खेलना कठिन चुनौती

डिविलियर्स ने कहा कि मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट खेलने से बढ़कर कुछ नहीं। यह सबसे बड़ी और सबसे कठिन चुनौती होती है। यह मेरा ही नहीं कई पूर्व खिलाड़ियों का भी मानना है। सबसे तेज वनडे अर्धशतक (16 गेंद), सबसे तेज वनडे शतक (31 गेंद) और सबसे तेज 150 वनडे रन (62 गेंद) का रिकॉर्ड बना चुके डिविलियर्स ने 114 टेस्ट में 8765 रन, 228 वनडे में 9577 और 78 टी-20 में 1672 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा कि व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद खिलाड़ी हर प्रारूप खेल सकते हैं। खेल के बेसिक्स तो समान ही होते हैं।

### आगामी टी-20 में सूर्यकुमार से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

क्रिकेट के असली 'मिस्टर 360 डिग्री' को इसके साथ ही जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में सूर्यकुमार यादव से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। टी-20 क्रिकेट में जबर्दस्त प्रदर्शन के दम पर सूर्यकुमार को भी 'मिस्टर 360 डिग्री' की उपमा मिली जो पहले डिविलियर्स को कहा जाता था। टी-20 क्रिकेट के साथ 360 डिग्री तकनीक का ईजाद हुआ, जिसमें बल्लेबाज मैदान के चारों तरफ शॉट्स खेल सकते हैं। डिविलियर्स ने कहा कि टी-20 विश्व कप में यूं तो कई खिलाड़ियों पर नजरें होंगी लेकिन मैं स्काय (सूर्याकुमार यादव) की बल्लेबाजी देखना चाहता हूं। मैं उसका बड़ा प्रशंसक हूं और उम्मीद है कि वह अच्छा खेलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारत सबसे प्रबल दावेदारों में से होगा।

### विश्व कप और आईपीएल दोनों के प्रारूप एक समान

दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में गिने जाने वाले डिविलियर्स ने कहा कि विश्व कप से ठीक पहले आईपीएल होने से खिलाड़ियों की थकान का मसला नहीं होगा क्योंकि प्रारूप समान है। उन्होंने कहा कि आईपीएल विश्व कप से ठीक पहले है लेकिन दोनों है तो टी20 प्रारूप ही। गेंदबाज को टेस्ट की तरह 15 या 20 ओवर प्रतिदिन नहीं बल्कि चार ही ओवर डालने हैं। मुझे लगता है कि वे कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे। आईपीएल में आरसीबी के लिए 184 मैचों में 5162 रन बना चुके डिविलियर्स ने कहा कि आईपीएल के बाद छोटा ब्रेक भी है। दो ही टीमें फाइनल खेलेंगी और बाकी तो तरोताजा ही रहेंगी। खिलाड़ियों को मैचों के बीच भी आराम मिलता है। क्रिकेट प्रेमियों को लगातार काफी क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा जो अच्छी बात है।

## 'ग्रोइन' और कमर में खिंचाव से अय्यर का खेलना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

श्रेयस अय्यर के कमर और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद उनके इंग्लैंड के खिलाफ बची हुई टेस्ट शृंखला के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है। अय्यर को पीठ में लगातार परेशानी हो रही है, जिसके लिए उन्होंने पिछले साल सर्जरी भी करायी थी।

अय्यर (29 वर्ष) ने हैदराबाद और विशाखापत्तनम में पहले दो टेस्ट में 35, 13, 27 और 29 रन की पारी खेली थी। वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया कि अय्यर ने खिंचाव और कमर में दर्द होने की शिकायत की है तथा उनके शृंखला के बचे हुए तीन टेस्ट मैचों में खेलने की संभावना नहीं है। भारत पहले ही अपने खिलाड़ियों को लगे चोटों की समस्या से जूझ रहा है क्योंकि उसके मुख्य खिलाड़ी केएल राहुल और रविंद्र जडेजा चोटिल हैं और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे और उनके राजकोट और रांची में होने वाले टेस्ट मुकाबलों के लिए भी उपलब्ध होने की संभावना कम ही है। भारतीय चयनकर्ताओं को अभी अंतिम तीन टेस्ट के लिए टीम की घोषणा करनी है और वह जडेजा की फिटनेस पर स्पष्टता के बाद ही ऐसा करेंगे। आल राउंडर जडेजा को इसके लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस जांच में पास होना होगा। वह हैमस्ट्रिंग चोट की वजह से विशाखापत्तनम टेस्ट में नहीं खेल पाए थे जबकि राहुल ने दर्द की शिकायत की थी। अगर जडेजा और राहुल दोनों अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो अय्यर की चोट से रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। पाटीदार विशाखापत्तनम में टेस्ट पदार्पण के दौरान प्रभावित नहीं कर सके थे। पांच मैचों की टेस्ट शृंखला अभी 1-1 की बराबरी पर है। भारतीय खिलाड़ी 11 फरवरी को राजकोट पहुंचेंगे और इंग्लैंड के एक दिन बाद वहां पहुंचने की उम्मीद है।

**चयनकर्ताओं के सामने संकट, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा पहले से चोटिल**



## पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बुमराह ने बाहर कर दिया : स्टेन

केपटाउन, एजेंसी

महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का कहना है कि भारतीय स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन, दमदार यॉर्कर और तेज रफ्तार से पिच को गेंदबाजी के समीकरण से बाहर कर दिया है।

बुमराह ने विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत को शानदार जीत दिलाई, जिससे मेजबान टीम 5 मैच की श्रृंखला



1-1 से बराबर करने में सफल रही। स्टेन ने भारतीय पिचों पर भी लगातार विकेट लेने वाली यॉर्कर गेंद फेंकने की काबिलियत के लिए बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह महानता का दर्जा हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस समय कोई टेस्ट गेंदबाज है जो विकेट लेने वाले यॉर्कर डालने में सक्षम हो। सनराइजर्स ईस्टर्न केप टीम के गेंदबाजी कोच स्टेन ने केपटाउन में एसए20 खिताबी भिड़ंत की पूर्व संध्या पर कहा कि टेस्ट मैच में विकेट लेने के लिए शायद कुछेक गेंदबाज हैं जो ऐसा कर सकते हैं। ट्रेंट बोल्ट उनमें से एक थे और शायद मिचेल स्टार्क। और निश्चित रूप से बुमराह।

## मेस्सी की मैच में अनुपस्थिति से बढ़ी नाराजगी

हांगकांग, एजेंसी

हांगकांग में फुटबॉल मैच के दौरान लियोनल मेस्सी के मैदान पर नहीं उतरने के बाद सरकार और खेल प्रेमियों के गुस्से का सामना करने वाले आयोजक ने शुक्रवार को कहा कि वे विश्व कप विजेता फुटबॉलर की अनुपस्थिति के लिए टिकट की 50 प्रतिशत राशि लौटने की पेशकश करेंगे।

इस हफ्ते के शुरू में स्थानीय टीम के खिलाफ हुए इस मैच में मेस्सी को भी मैदान पर खेलने उतरना था लेकिन वह 'ग्रोइन' चोट से पूरे



90 मिनट तक बेंच पर बैठे रहे। लेकिन अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी बुधवार को इंटर मियामी के ताजा प्रदर्शनी मैच में तोक्यो में 30 मिनट तक मैदान पर उतरा थ, जिससे दो दिन से चीन में सोशल मीडिया पर लोग मेस्सी के हांगकांग में मैच नहीं खेलने पर निराशा व्यक्त कर रहे हैं। शुक्रवार को आयोजक टैटलर एशिया ने 'इंस्टाग्राम' पोस्ट पर उन लोगों से माफी मांगी जो मैच से निराश थे। उसने कहा कि मेस्सी के नहीं खेलने के बारे में जब पता चला तो उसने इंटर मियामी के प्रबंधन से अनुरोध किया था कि वह इस फुटबॉलर से दर्शकों को समझाने का आग्रह करे।



# बॉलीवुड हलचल

## कागज 2 का पोस्टर अनुपम ने किया साझा

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता अनुपम खेर ने फिल्म कागज 2 का पहला पोस्टर सोशल मीडया पर शेयर किया है। दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 'कागज' वर्ष 2021 में ओटीटी प्लेटफॉर्म जी-5 पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी अहम किरदार में थे। अनुपम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'कागज 2' का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही अनुपम ने अपने दोस्त दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के लिए भावुक पोस्ट भी लिखा। अनुपम ने कैप्शन में लिखा, सबसे प्रिय सतीश कौशिक। आपके जुनूनी प्रोजेक्ट का ट्रेलर और दुर्भाग्य से आखिरी प्रोजेक्ट 'कागज 2' कल रिलीज हो रहा है। मैं जानता हूं कि इसको बनाने के लिए आपने कितनी मेहनत की है, लेकिन अब हम सब यह सुनिश्चित करेंगे कि इस फिल्म की चमक दुनिया तक पहुंचे। आपको हमेशा प्यार।




### 11 अक्टूबर को रिलीज होगी शाहिद कपूर की फिल्म देवा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम लाइव सत्र में अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर 'देवा' के बारे में बताया।उन्होंने कहा, मेरी अगली एक्शन थ्रिलर देवा में कई एक्शन सीक्वेंस हैं। देवा विशाल फिल्म है, और मैं इसमें एक बहुत कठिन किरदार निभा रहा हूं। देवा 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। फिल्म देवा में शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े की अहम भूमिका है। देवा ,ज़ी स्टूडियो और सिद्धार्थ रॉय कपूर द्वारा निर्मित और रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म में शाहिद पुलिस ऑफसिर की भूमिका में हैं।

## मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने बताया है कि उनकी मां ने उन्हें थिएटर जाने और सिनेमा देखने के लिए प्रोत्साहित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ब्रिटिश संसद और भारतीय उच्चायोग जैसे प्रतिष्ठित स्थानों पर बोमन ईरानी की उपस्थिति और प्रभावशाली शब्दों ने न केवल भारत को गौरवान्वित किया है, बल्कि कई लोगों के लिए प्रेरणा का काम भी किया है। ऑक्सफोर्ड की अपनी यात्रा के दौरान, बोमन ईरानी ने एक यादगार भाषण दिया और सिनेमा से परे उनके प्रभाव के लिए डॉ अदिति लाहिरी से प्रशंसा प्राप्त की। अपनी जीवन यात्रा पर विचार करते हुए, बोमन ईरानी ने उल्लेखनीय क्षणों को साझा किया, जिसमें बचपन के अनुभवों से लेकर अपनी मां द्वारा थिएटर के लिए प्रोत्साहन के तहत एक फोटोग्राफर के रूप में काम करने सहित अपनी विविध भूमिकाएं शामिल हैं। बोमन ईरानी ने कहा, मैं डिस्लेक्सिक था और मैं बहुत तुतलाता था और जब भी मैं बोलता था तो हर कोई हंसता था। मुझे डर रहेगा कि लोग मेरा मज़ाक उड़ाएँगे। मुझे यह समझने में कई साल लग गए कि आप डरने का जोखिम नहीं उठा सकते।एक दिन स्कूल में एक कॉन्सर्ट था और मेरी मां ने मुझे मुस्कुराते और गाते हुए देखा। तभी उन्हें एहसास हुआ कि मुझे दर्शकों के सामने मंच पर रहना पसंद है और उन्होंने मुझे प्रोत्साहित किया, भले ही मेरे अंक बहुत अच्छे नहीं थे। उन्होंने मुझे थिएटर जाने, स्पीच थेरेपिस्ट के पास जाने और हर दिन सिनेमा देखने जाने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि मेरी शिक्षा सिनेमा के माध्यम से हुई थी। उसने मेरी आँखों में देखा कि मैं उस दुनिया से प्यार करता हूं।

## खुशबू और माही का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी गीत 'कीन दी क्रीम राजा जी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर भोजपुरी लोकगीत रिलीज हुआ है। वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव गांव से शहर अपने पति के साथ आती हैं और बड़े घर में उसे काम मिल जाता है। धूप में भी उसे काम करना पड़ता है, जिससे उसकी स्किन सांवली हो गई है। वह अपने पति से गोरा होने की क्रीम लाने की डिमांड करती है। वह कहती है कि... 'काम करे में लागल बा धूप सइयाँ, हो गईल बा सांवर गोर रूप सइयाँ, भईल चेहरा के लाईट बा डीम राजा जी, डीम राजा जी, एगो कीन दीं बढ़िया क्रीम राजा जी, गोर होखे वाला कीन दीं क्रीम राजा जी...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। गीतकार यादव राज हैं और संगीतकार अभिराम पांडेय हैं। वीडियो डायरेक्टर आर्यन देव, कोरियोग्राफर अशोक सम्राट, एडिटर मीत जी हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है।

### डायमेंशन म्यूजिक के लिए सलमान अली और अल्तमश ने गाया गाना



**मुंबई, एजेंसी।** जानेमाने गायक सलमान अली और अल्तमश फरीदी ने डायमेंशन म्यूजिक के लिए गाना गाया है। फ़िल्म निर्माता लियाकत गोला की डायमेंशन म्यूजिक ने एक साथ तीन गानों को रिलीज़ किया है। इनमें खुदा हाफ़िज़, माही मेरा और मोहब्बत है। गाना मोहब्बत को सलमान अली ने गाया है, जिसके बोल अमीना इसरार से लिखे हैं और संगीत आमिर अली ने बनाया है। वीडियो निर्देशक फ़ैज़ हैं, वहीं डीओपी एवं एडिटर दित्य जांगिड़ हैं। वीडियो फीट में अरबाज़ पटेल और ईशु हैं। गाना ख़ुदा हाफ़िज़ को अल्तमश ने गाया है,जिसे मशेउद्दीन कुरैशी ने लिखा, और संगीत आमिर अली ने दिया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# भारत की महान विभूतियों ने देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में लगा दिया पूरा जीवन

## भ्रष्टाचार विरोधी और सर्वमान्य नेता थे चौधरी चरण सिंह



**नई दिल्ली।** दिवंगत चौधरी चरण सिंह किसान और जाट समाज के सर्वमान्य नेता के रूप में अगुवा रहे। चौधरी चरण सिंह भारत के पांचवें प्रधानमंत्री रहें हैं। जाट समाज के तमाम सम्मेलनों में चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देने की वर्षों से मांग चलती रही है। उनके निधन के बाद से ही राष्ट्रीय लोक दल की ओर से मांग की जा रही थी।

हालांकि, अब केंद्र सरकार ने उनकी मांग को पूरा किया है। किसान भाई- बहनों की समस्यों में हमेश साथ खड़े रहने वाले नेता थे चौधरी चरण सिंह जी। बता दें, चौधरी चरण सिंह 1937 में छपरौली से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए और 1946, 1952, 1962 एवं 1967 में विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। बाद में उन्होंने सुचेता कृपलानी के मंत्रालय में वे कृषि एवं वन मंत्री (1962-63) रहे। उन्होंने 1965 में कृषि विभाग छोड़ दिया एवं 1966 में स्थानीय स्वशासन विभाग का प्रभार संभाल लिया। भ्रष्टाचार के सख्त विरोधी कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी 1970 में दूसरी बार वे कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। आपातकाल में सरकार के साथ खड़े रहे।

चरण सिंह दो बार मुख्यमंत्री और एक बार देश के प्रधानमंत्री रहे। मुख्यमंत्री बने हुए उन्हें कुछ ही दिन हुए थे कि उन्हें एक निजी समारोह में भाग लेने जाना पड़ा। वहां से लौटकर आए तो ड्राइवर से कहा कि इसे अलग नोट कर लेना। ड्राइवर उन्हें गौर से देखने लगा तो बोले, 'सरकारी दौरे छोड़कर निजी कार्यक्रमों में जाने पर वाहन का पेट्रोल पर होने वाला खर्च मेरे निजी खाते से चुकता किया जाएगा।' लंबा राजनीतिक जीवन व्यतीत करने के बाद दिग्गज नेता के निधन के समय उनके खाते में मात्र 470 रुपये थे।

## 18 भाषाओं के जानकार थे पूर्व पीएम नरसिम्हा राव



**नई दिल्ली।** दिवंगत पूर्व कांग्रेसी नेता 18 भाषाओं के जानकार नरसिम्हा राव 1991 से 1996 तक देश के पीएम रहे। हालांकि, उनके पीएम बनने का फैसला भी अचानक हुआ था, जिसके चलते उन्हें एक्सिडेंटल पीएम भी कहा जाता है। नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से भी अच्छे रिश्ते नहीं थे।

सन 1992 में बाबरी विध्वंश के दौरान नरसिम्हा राव के गांधी परिवार से सबसे ज्यादा रिश्ते खराब हुए थे। बाबरी कांड के बाद कांग्रेस के कई बड़े नेता राव से नाराज थे। उन्होंन मनमोहन सिंह के साथ देश में बड़ा आर्थिक सुधार किया था और वैश्विक बाजारों के लिए देश के दरवाजे खोले थे। राव के इन्हीं सुधारों का क्रेडिट लेने और राजीव गांधी के हत्यारों पर तेज कार्रवाई न करने के चलते गांधी परिवार के रिश्ते उनसे ज्यादा खराब हो गए थे। प्रधानमंत्री बनने से पहले राव ने भारत सरकार और कांग्रेस पार्टी में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उन्होंने 1971 से 1973 तक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर जमीनों की चकबंदी और शिक्षा में महत्वपूर्ण सुधार लागू किए। केंद्र सरकार में उन्होंने विदेश मामलों, रक्षा और गृह मामलों के मंत्री पद संभाले, जो शासन में उनकी बहुमुखी प्रतिभा और विशेषज्ञता को उजागर करता है। प्रधानमंत्री के रूप में राव का कार्यकाल उनके द्वारा शुरू किए गए आर्थिक सुधारों के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। 1991 में भारत को काफी गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। उस वक्त देश के सामने उच्च महंगाई, कम विदेशी मुद्रा भंडार और बाहरी कर्ज चुकाने में विफलता के जोखिम जैसी कठिन चुनौतियां थीं

## हरित क्रांति के जनक माने जाते हैं डॉ.एम एस स्वामीनाथन



**नई दिल्ली।** दिवंगत कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन को पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण समेत कई आवॉर्डों से भी सम्मानित किए गए हैं। स्वामीनाथन भारत में 'हरित क्रांति' के जनक माने जाते हैं।

उन्होंने गेहूं और चावल की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे भारत के कम आय वाले किसानों को अधिक उपज करने में मदद मिली। इतना ही नहीं उन्होंने देश के लिए खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित की। उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में भी जाना जाता है जिसने भारत को 'भूख के ट्रैप' से बाहर निकाला। इसके अलावा उन्होंने भारत में कृषि की प्रोडेक्टिविटी बढ़ाने के लिए के एक रिपोर्ट पेश की थी, जिसे स्वामीनाथन रिपोर्ट कहा जाता है, जो आज तक लागू नहीं की गई।

**1965** में स्वामीनाथन को चेकोस्लोवाक एकेडमी ऑफ साइंसेज से मेंडल मेमोरियल मेडल मिला।

**1967** में पद्म श्री, 1972 में पद्म भूषण और 1989 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

**1971** में रेमन मैग्सेसे और 1986 में अल्बर्ट आइंस्टीन वर्ल्ड साइंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

**1987** में वर्ल्ड फूड सेफ्टी अवॉर्ड और 1991 में पर्यावरणीय उपलब्धि के लिए टायलर अवॉर्ड मिला।

प्रोफेसर एम एस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में 2004 में राष्ट्रीय किसान आयोग (एनसीएफ) का गठन किया गया था।

### पाकिस्तान : आम चुनाव की मतगणना जारी, 49 सीट पर इमरान के उम्मीदवारों की दावेदारी

# इमरान-नवाज की सियासी टक्कर

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को पाकिस्तान के चुनाव नतीजों में शुक्रवार को बढ़त मिली। इमरान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार आश्चर्यजनक रूप से अच्छा प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में हैं और उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध है।

चुनाव आयोग ने अब तक नेशनल असेंबली की 122 सीट के नतीजों की घोषणा की है, जिसमें स 49 सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों (ज्यादातर पीटीआई समर्थित) को जीत मिली है। पीएमएल-एन को 39 सीट पर जीत मिली है, जबकि पीपीपी के खाते में 30 सीट गई है। अन्य सीट पर छोटे दलों को जीत मिली है।

खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रत्याशी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि देश के उच्चतम न्यायालय ने उनकी पार्टी को उसके चुनाव चिह्न क्रिकेट का 'बल्ला' से वंचित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को बरकरार रखा है।

**122** सीटों का ही परिणाम हुआ है घोषित



मीडिया के अनुसार, कुल 266 सीटों में से 163 सीटों के लिए बुलाए गए अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार 73 सीटों पर आगे चल रहे हैं, इसके बाद पीएमएल-एन 48 और पीपीपी 35 सीटों पर आगे चल रहे हैं। हालांकि, डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा केवल 72 सीटों के लिए अनंतिम परिणाम जारी किए गए हैं। ईसीपी के अनुसार, पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार 28 सीटों पर आगे चल रहे हैं, इसके बाद पीएमएल-एन (19 सीटें) और पीपीपी (18 सीटें) के बीच कड़ा मुकाबला है।

### नेशनल असेंबली का समीकरण

नेशनल असेंबली की 336 सीट में से 266 पर ही मतदान कराया जाता है, लेकिन बाजौर में, हमले में एक उम्मीदवार की मौत हो जाने के बाद वहां मतदान स्थगित कर दिया गया था। अन्य 60 सीट महिलाओं के लिए और 10 सीट अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित हैं, और ये जीतने वाले दलों को आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर आवंटित की जाती हैं। नई सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 265 सीट में से 133 सीट जीतनी होंगी।

### निराश नवाज शरीफ परिवार ने अपने गढ़ लाहौर से जीत हासिल की

**लाहौर।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल) पार्टी से शरीफ परिवार के चार सदस्य आम चुनावों में अपने गढ़ पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर से नेशनल असेंबली की सीटें जीतने में कामयाब रहे। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) को मतदान के बाद अपने निर्वाचन क्षेत्रों के नतीजे घोषित करने में 20 घंटे से अधिक का समय लगा। गुरुवार रात को प्रतिकूल नतीजों को देखकर निराश दिखाई दे रहे शरीफ परिवार को तब खुशी महसूस हुई जब ईसीपी ने लाहौर के चार निर्वाचन क्षेत्रों में उनकी जीत की घोषणा की। इन सीटों पर जेल में बंद प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित उम्मीदवार बड़े अंतर से आगे थे। पीएमएल-एन के सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ (74) ने एनए-130 सीट पर 172,000 से अधिक वोट हासिल कर जीत हासिल की, जबकि पीटीआई उम्मीदवार डॉ. यास्मीन राशिद को 113,000 से अधिक वोट मिले। नवाज की बेटी मरियम नवाज (50) ने एनए-119 सीट से 83,000 से अधिक वोट हासिल कर जीत हासिल की।

## आगामी लोस चुनाव में 97 करोड़ मतदाता करेंगे मतदानः ईसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस साल लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ भारतीय मतदान करने के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि 18 से 29 साल की उम्र वाले दो करोड़ से ज्यादा युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया गया है।

2019 से पंजीकृत मतदाताओं में छह फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। दुनिया के सबसे बड़े मतदाता वर्ग 96.88 करोड़ आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने के लिए तैयार हैं। पोल पैनल ने बताया कि लिंक अनुपात 2023 में 940 से बढ़कर 2024 में 948 हो गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन में राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ-साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए विभिन्न कामों के बारे में जानकारी दी थी। महिला मतदाताओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। घर-घर जाकर जांच करने के बाद 1,65,76,654 मृतकों, स्थानांतरित और फर्जी मतदाताओं के नाम को सूची से हटा दिया गया है।

# प्रशांत क्षेत्र, प. एशिया समेत कई मुद्दों पर चर्चा : जयशंकर

**हिंद महासागर सम्मेलन**

पर्थ, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, भारत-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर चर्चा की। जयशंकर शुक्रवार से हिंद महासागर पर शुरू होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलियाई शहर पर्थ में हैं।

जयशंकर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री वोंग और अपने सिंगापुर के समकक्ष विवियन बालाकृष्णन के साथ सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। जयशंकर ने बैठक की कुछ तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, आज पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री से मिलकर खुशी हुई। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी और हिंद महासागर से



संबंधित मामलों पर अभिसरण पर अच्छा आदान-प्रदान हुआ। साथ ही इंडो-पैसिफिक, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर भी चर्चा की।

हिंद महासागर सम्मेलन' इस क्षेत्र के देशों के लिए एक प्रमुख परामर्शदात्री मंच है, जो विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सम्मेलन का सातवां संस्करण ऑस्ट्रेलियाई सरकार के विदेश मामलों और व्यापार विभाग के साथ-साथ सिंगापुर के एस राजरत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज और पर्थ-यूएस एशिया सेंटर के सहयोग से 9 और 10 फरवरी को पर्थ में आयोजित किया जा रहा है।

## अमेरिका बोला हिंद-प्रशांत में प्रमुख भागीदार है मालदीव

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने मालदीव को स्वतंत्र, खुला, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भागीदार बताया। साथ ही कहा कि वह द्वीपसमूह राष्ट्र के साथ सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

चीन समर्थक नेता माने जाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के कुछ महीनों बाद, दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने हाल ही में मालदीव का दौरा किया। माले में लू ने रक्षा सहयोग, आर्थिक विकास और लोकतांत्रिक शासन सहित साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा करने के लिए मोहम्मद मुइज्जू और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।

उन्होंने मालदीव में अमेरिकी दूतावास की स्थापना पर प्रगति पर भी चर्चा की। लू ने मालदीव में लोकतांत्रिक शासन और पारदर्शिता पर चर्चा के लिए सिविल सोसायटी के सदस्यों और उच्च शिक्षा अधिकारियों से भी मुलाकात की।

### एक नजर

### 14 फरवरी को अमेरिका की निजी कंपनी भेजेगी मून मिशन

**वाशिंगटन।** नासा और स्पेश एक्स की मदद से एक अमेरिकी कंपनी मिशन मून की तैयारी कर रही है। अमेरिकी कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का लक्ष्य 14 फरवरी को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 राकेट की मदद से लैंडर लांच करना है। यह नासा समर्थित कंपनी एस्ट्रोबायोटिक टेक्नोलाजी के चंद्र लैंडर के बाद सामने आई है। कंपनी पिछले महीने फ्यूल संबंधी समस्या की वजह से चंद्रमा तक अपने मिशन को पहुंचाने में कामयाब नहीं रही थी। ह्यूस्टन स्थित इंट्यूएटिव आइएम-1 चंद्र लैंडर फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से फाल्कन-9 राकेट से 14 फरवरी को 12 :57 बजे उड़ान भरेगा, जो इंट्यूएटिव मशीन्स के रोबोटिक नोवा-सी लैंडर ओडीसियस को भेजेगा। यदि सब कुछ ठीक रहा तो ओडीसियस 22 फरवरी को चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला पहला निजी अंतरिक्ष यान बनकर इतिहास रच सकता है।

### यूएनः गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने का किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने के प्रयासों का आह्वान किया है। गुटेरेस ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अपनी 2024 प्राथमिकताओं पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यह आवश्यक है कि हम न्यायसंगत और शांति के लिए काम करें, लेकिन संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप शांति के लिए काम करें। उन्होंने कहा, कल, मैंने इस वर्ष और उससे आगे की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए महासभा को संबोधित किया। यह एक लंबा और विस्तृत एजेंडा है , लेकिन विभिन्न चुनौतियां एक समान धागे से जुड़ी हुई हैं। इसके सभी आयामों में शांति की आवश्यकता है क्योंकि शांति वह बंधन है जो बांधता है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि यह राष्ट्रों के बीच गंभीर बातचीत, पुरानी संस्थाओं में सुधार और बहुपक्षीय शासन के प्रभावी, नवीनीकृत और समावेशी तंत्र के साथ बहुध्रुवीयता को अपनाने का आह्वान है।

### अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों पर फिर किए हवाई हमले

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर फिर से हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया कि अमेरिकी सैन्य बलों ने गुरुवार को विस्फोटकों से लदी उन चार ड्रोन नौकाओं और सात पोत रोधी क्रूज मिसाइल लॉन्चर को नष्ट कर दिया, जिनके द्वारा लाल सागर में पोतों को निशाना बनाए जाने की आशंका थी। सेंट्रल कमांड ने कहा, वे क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के पोतों और वाणिज्यिक पोतों के लिए खतरा थे। ये कदम नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करेंगे और अमेरिकी नौसेना एवं वाणिज्यिक पोतों के लिए अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र को अधिक सुरक्षित बनाने में मदद करेंगे।

## असम-मिजोरम अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने में हुए सहमत

गुवाहटी, एजेंसी

▶▶ मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और लालडुहोमा के बीच बैठक, 2021 में हुआ था भारी विवाद

मिजोरम और असम ने शुक्रवार को लंबे समय से चल रहे अंतर्राज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सहमति जताई है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिजोरम के सीएम लालडुहोमा को आमंत्रित किया। बता दें कि लालडुहोमा फिलहाल गुवाहटी में ही मौजूद हैं।

बैठक में सीएम सरमा और लालडुहोमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास पर सहमति जताई है। दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति बरतने पर भी जोर दिया। मिजोरम के तीन जिले आइजोल, कोलासिब और ममित असम के कछार, कर्मगंज और हैलनकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी सीमा साझा करते हैं। दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से ही सीमा विवाद चल रहा है। मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उनका है। वहीं दूसरी



तरफ असम 1933 को सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपना क्षेत्र बता रहा है। इनर लाइन आरक्षित वन का एक बड़ा हिस्सा असम के अंतर्गत आता है। 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा मिजोरम में पड़ता है। साल 2021 में असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद ने विशाल मोड़ ले लिया था, जब दोनों राज्यों के पुलिसबल ने सीमाओं पर गोलीबारी की थी। इस घटना में छह पुलिसकर्मी और एक असम के नागरिक की मौत हो गई थी।

### तापमान में वृद्धि...



**शिमला :** हिमाचल के पहाड़ी हिस्सों में ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 14 फरवरी तक मौसम के साफ रहेगा। ऐसे में तापमान में अब वृद्धि होगी। 15 फरवरी के बाद हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा हालांकि उसका भी ज्यादा असर नहीं है। शुक्रवार को तेज धूप के खिले रहने से अधिकतम तापमान में तीन से नौ डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान में सबसे अधिक वृद्धि कुल्लू के सेओबाग में 8 .8, शिमला में 6 .6, मनाली में 6 .1, मंडी, हमीरपुर व बिलासपुर में चार से पांच डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। ● एजेंसी

## यूबीटी गुट के नेता की हत्या का एक आरोपी गिरफ्तार, जांच जारी

मुंबई, एजेंसी

▶▶ गुरुवार को पूर्व सभासद अभिषेक की फेसबुक लाइव में गोली मारकर की थी हत्या

मुंबई के उपनगर दहिसर में शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व सभासद अभिषेक घोषालकर की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मृतक हमलावर के साथी आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि हमलावर से पूछताछ चल रही है और मामले की गहन जांच भी जारी है।

मुंबई पुलिस ने बताया मेहुल नाम के शख्स को हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताछ चल रही है। करीब 7 घंटे तक घटनास्थल की जांच के बाद पुलिस ने एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और सीसीटीवी फुटेज बरामद किया गया है। मालूम हो कि इस मामले की जांच की जिम्मेदारी भी मुंबई क्राइम ब्रांच को दी गई है। घटना का एक वायरल वीडियो, जो गुरुवार शाम बोरीवली (पश्चिम) के उत्तरी उपनगर में आईसी कॉलोनी में हमलावर मौरिस नोरोन्हा के कार्यालय में हुआ। वहां घोसालकर को पेट और कंधे में गोली मारते देखा गया है। क्राइम ब्रांच की जांच कई पहलुओं पर केंद्रित होगी, जिसमें नोरोन्हा को हथियार कैसे मिला और उसे किसने मुहैया कराया, क्या वह नशे में था और घोसालकर पर गोलीबारी के समय मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ भी शामिल है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि देर रात मामला आगे की जांच के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच को स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता और जांच के दायरे को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। अधिकारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एक टीम ने भी स्थानीय पुलिस के साथ घटनास्थल का दौरा किया।

## गाजाः हमलों में 13 लोगों की मौत, अमेरिका बोला- इजराइल की कार्रवाई अविश्वसनीय

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा हमास की संघर्ष शर्तों को अस्वीकार करने और दक्षिणी गाजा शहर में हमलों को बढ़ाने का संकल्प करने के बाद गाजा पट्टी के राफा में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई।



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गाजा में इजराइल की कार्रवाई को अविश्वसनीय बताया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका संघर्ष विराम के लिए इजराइल और हमास पर लगातार दबाव डाल रहा है। बाइडन ने गुरुवार को कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं, मेरा मानना है कि गाजा पट्टी में हो रही कार्रवाई चरम पर है। मिस्र से लगने वाली शहर राफा में गाजा की आधी आबादी आ गई है। मिस्र ने यहां कोई भी जवाबी कार्रवाई नहीं करने की चेतावनी दी है। कुवैती अस्पतालों के अनुसार, हमलों में दो महिलाओं और पांच बच्चों समेत कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। इजराइल के चार महीनों से जारी हवाई और जमीनी हमलों में फिलिस्तीन के 27 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजराइल के हमलों ने अधिकांश लोगों को उनके घरों को छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

**विज्ञान** सही मौके पर अंतरिक्ष में भेजा गया है आदित्य एल-1, सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता सुलझने की संभावना

# गामा-किरण विकिरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों में उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण उत्सर्जन की गुत्थी अभी तक नही सुलझ पाई है। इस सौर चक्र के अत्यधिक सौर सक्रियता में इस पहेली के सुलझने की संभावना सौर वैज्ञानिक जता रहे हैं।

संभव है कि भारतीय सौर मिशन आदित्य एल-1 इस रहस्य से पर्दा उठा सके। दरअसल अंतिम सौर अधिकतम के दौरान सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों ने उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण सामान्य से कई गुना अधिक उत्सर्जित होने लगती है। नासा ने इस रहस्य का पता पिछले सौर चक्र के अधिकतम दौर के दौरान किया था। यह जानकरी फर्मी अंतरिक्ष दूरबीन से 2014 में पता चली थी।



सूर्य के साथ आदित्य एल 1 की तस्वीर।

### वैज्ञानिक बोले- महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा भारतीय मिशन

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाब उद्दीन का कहना है कि असामान्य उच्च-ऊर्जा गामा-किरण विकिरण की गुत्थी को सुलझाने में इसरो का भारतीय मिशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इन दिनों आदित्य एल-1 को ऐसे मौके पर लॉन्च किया गया है, जब वह सूर्य अपने अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजरता है। इस दौरान सूर्य पर होने वाले विस्फोटों को देखा जा सकता है और धरती की ओर आने वाले चुम्बकीय तूफानों का आदित्य एल 1 बखूबी देख सकता है। कोरोना जैसी गुत्थी को सुलझा सकता है।

ज्ञातव्य हो सूर्य की गामा किरणों सहित विद्युत चुम्बकीय विकिरण की सभी तरंग दैर्ध्य में चमकने के लिए जाना जाता है, लेकिन यह सौर सतह पर समान रूप से वितरित होना चाहिए।

मगर ऐसा नही होने से ध्रुवीय क्षेत्रों के उच्च गतिविधि का पता लगाने वाले वैज्ञानिक इस असंतुलन की व्याख्या नहीं कर सकते हैं।

इस रहस्य को समझने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस साइंसेज के शोधकर्ता ब्रूनो अर्सिओली का कहना है कि चालू अधिकतम सौर चक्र में यह गुत्थी सुलझ सकती है। जान लीजिए नया सौर चक्र दिसंबर 2019 में शुरू हुआ था। जिसका अधिकतम सौर सक्रियता 20 25 तक रहेगी।

## आइलैंड में जीता चुनाव, राष्ट्रपति पद के करीब पहुंचे ट्रंप

**लास वेगास।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी में उम्मीदवारी की दौड़ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को नेवादा और वर्जिन आइलैंड में भी जीत हासिल कर ली। नेवादा में उनकी प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली ने काकस के बजाय प्राइमरी चुनाव का विकल्प चुना था, इसलिए ट्रंप यहां इकलौते प्रमुख उम्मीदवार थे।

निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने डटी हुई हैं। नेवादा में ट्रंप की जीत से उन्हें राज्य के सभी 26 डेलीगेट मिल गए। इस प्रकार वर्जिन आइलैंड से भी चार डेलीगेट हासिल कर लिए है। ट्रंप को 74 प्रतिशत तो निक्की को 26 प्रतिशत वोट मिले। औपचारिक रूप से पार्टी का नामांकन हासिल करने के लिए उन्हें 1,215 प्रतिनिधियों की आवश्यकता है और वह मार्च में इस संख्या तक पहुंच सकते हैं।